इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 23 फरवरी 2025

### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 से ठीक पहले 'हरिभूमि' से अपने 'विशेष साक्षात्कार' में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

# मप्र अब एक 'नई उड़ान' भरने को तैयार, यह समिट इसकी 'आधारशिला' रखेगी

हरि अग्रहरि ▶▶भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 से ठीक पहले 'हरिभूमि' से अपने 'विशेष साक्षात्कार' में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ये एक विशेष अवसर है जब हम विकास की नई अवधारणा का सूत्रपात करेंगे। हमने विकास में आम आदमी को शामिल कर निवेश को बिल्कुल धरातल से ऊपर तक उठाया है। ताकि, सरकार के हर संसाधन पर कमजोर वर्ग का भी अधिकार हो। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हमारे लिए एक लांचिंग पैड की तरह है। हम विकास के नए युग में स्टार्ट लेने जा रहे हैं। मप्र अब एक नई उड़ान भरने को तैयार है। यह समिट इस उड़ान की आधारशिला रखेगी। उनसे पूरी बातचीत।

हरिभूमि विशेष

#### और क्या कहा सीएम ने?



- ▶▶ मप्र सोलर स्टेट, पावर स्टेट, रोड व एयर कनेक्टिविटी का जबरदस्त नेटवर्क
- ▶▶ हमारी सरकार की नीतियां निवेश फ्रेंडली, हमने सारे नियम सरल कर दिए
- ▶▶ गरीब, यूथ, अन्नदाता व नारी का उत्थान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता
- ▶▶ मप्र सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए पूरी ताकत झोंक दी है
- ▶▶ मप्र सरकार संकल्पित है कि युवाओं को हर हाल में रोजगार देंगे

**सवाल :** मप्र में ऐसा क्या है कि निवेशक इतने आकर्षित हो रहे हैं। ग्लोबल समिट से पहले रीजनल कॉन्क्लेव में ही करीब 4 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आ गए?

**जवाब :** मप्र में 5 लाख किलोमीटर से अधिक फैला हुआ विस्तृत सड़क नेटवर्क है। यहां 6 वाणिज्यिक हवाई अड्डे और 26 हवाई पट्टियों की व्यवस्था है। प्रदेश में 1.25 लाख एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि उपलब्ध है। इसके साथ 112 विकसित या विकासशील औद्योगिक क्षेत्र और 14 ग्रीनफील्ड साइट्स मौजूद हैं। राज्य जल-आपूर्ति के क्षेत्र में भी अग्रणी है। यहां 1,000 एमसीएम से अधिक प्रचुर औद्योगिक जल आपूर्ति की उपलब्धता है। प्रदेश में प्रतिस्पर्धी टैरिफ के साथ 24 गुणा 7 स्थिर बिजली आपूर्ति की जाती है। मप्र सोलर स्टेट, पावर स्टेट है। प्रदेश में प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के पास आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ग्लोबल स्किल पार्क, आईटीआई और मेगा आईटीआई की उपस्थिति है। राज्य खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, सब्जियों और फलों का अग्रणी उत्पादक है। लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग राज्य में 40 एमएमटी की भंडारण क्षमता और 13.2 एमएमटी की कोल्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मध्यप्रदेश स्टील साइलो के निर्माण में अग्रणी राज्य है। इंदौर और भोपाल में आगामी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क इस क्षेत्र में विकास को नया आयाम देगा। वस्त्र और परिधान भारत के जैविक कपास उत्पादन में 43% और विश्व के जैविक कपास उत्पादन में 24% हिस्सेदारी मध्यप्रदेश की है। मध्य प्रदेश में 60 से ज्यादा बड़ी कपड़ा मिलें और हजारों करघे संचालित हैं। इंदौर में रेडीमेड गारमेंट और अपैरल क्लस्टर में 1,200 से अधिक इकाइयां हैं। मध्य प्रदेश चंदेरी, टसर महेश्वरी, बाघ प्रिंट, हैंड-ब्लॉक प्रिंट, बाटिक प्रिंट आदि जैसे पारंपरिक वस्त्रों का घर है। मप्र अब एक नई उड़ान भरने को तैयार है। यह समिट इस उड़ान की आधारशिला रखेगी।

**सवाल:** 'ज्ञान से ध्यान' अभियान आपने शुरू किया है। ज्ञान यानी गरीब, यूथ, अन्नदाता व नारी। इनके लिए सरकार की मंशा क्या है?

**जवाब:** सरकार का पूरा फोकस गरीबों की समृद्धि पर है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति गरीब न रहे। इसी तरह इस वर्ष 2025 में एक लाख युवाओं को रोजगार देने का संकल्प पूरा हो जाएगा। समाज में आर्थिक समृद्धि तभी आएगी, जब युवाओं के हाथ में काम होगा। सरकार इसी योजना पर काम कर रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लाखों करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसका प्रत्यक्ष लाभ युवाओं को रोजगार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सवाल:** आपने युवा दिवस पर विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू किया है। मप्र बेंगलुरू, हैदराबाद, पुणे व चेन्नई के मुकाबले कब तक खड़ा हो जाएगा?

**जवाब:** विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू करने की एक ही वजह है कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। पिछले महीने 12 तारीख से शुरू इस मिशन में 15 से 29 साल तक के युवाओं को चिन्हित कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की मंशा है। मप्र सरकार संकल्पित है कि युवाओं को हर हाल में रोजगार देंगे। हम अपने युवाओं को बेंगलुरू, हैदराबाद, पुणे व चेन्नई से बेहतर रोजगार देंगे।

**सवाल:** आप अब तक 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कर चुके हैं। करीब 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव आए हैं। ये धरातल पर कब तक उतर जाएंगे?

**जवाब:** मेरा अनुभव कहता है कि कुछ ऐसा करें, जिससे सचमुच में मप्र को इसका लाभ मिले। इसी सोच को जेहन में रखकर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शुरू की। मेरे मन में हमेशा से यह बात थी कि संभाग व जिले स्तर पर निवेश की योजना बनाएं। वास्तव में रीजनल कॉन्क्लेव इसमें सोने पर सुहागा की तरह काम आया। 7 रीजनल कॉन्क्लेव में 4 लाख करोड़ रुपए के जो निवेश प्रस्ताव आए, वह वास्तविक निवेश है। यह उन्हीं उद्योगपतियों ने किया है जो वास्तव में उन जिलों में निवेश करना चाहते थे।

**सवाल:** इतने बड़े निवेश के कितने कन्वर्जन रेट की आप मप्र में उम्मीद कर रहे हैं?

**जवाब:** हम जो उम्मीद कर रहे हैं, वैसा ही धरातल पर सब कुछ उतरेगा। मेरी कोशिश है कि निवेश का शत-प्रतिशत कन्वर्जन हो। उस पर हम जरूर कामयाब होंगे। गुजरात से भी हम सीख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मप्र शत-प्रतिशत निवेश को हासिल करेगा।

**सवाल:** कल्याणकारी योजनाओं जैसे लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर कोई फर्क पड़ेगा क्या? क्या आने वाले निवेश पर ये योजनाएं कोई प्रभाव डालेंगी?

**जवाब:** हमारी सरकार लाड़ली बहनों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत देकर उन्हें सशक्त बनाना चाह रही है। बहनों की जेब में पैसा होगा तो वे पूरी दुनिया से लड़ने में ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

**मप्र के दौरे पर पीएम मोदी आज आएंगे**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन होगा**

### जीआईएस में प्रधानमंत्री के सामने होंगे 5 हजार औद्योगिक प्रतिनिधि

# बागेश्वरधाम में कैंसर अस्पताल का 'शिलान्यास' करेंगे, फिर भोपाल आएंगे कल जीआईएस का शुभारंभ करेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश के दौरे और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। रविवार 23 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे मोदी पहले छतरपुर जिले के गढ़ा स्थित बागेश्वरधाम जाकर बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा निर्मित किए जाने वाले मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (कैंसर अस्पताल) का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मोदी भोपाल आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 218 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले जिस कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे, इसके लिए 10.925 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है। कैंसर अस्पताल के 36 माह में बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गरीब कैंसर रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। पीएम मोदी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 23 तारीख को ही स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप यानि एसपीजी ने संबंधित इलाके को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया। 6500 पुलिस वाले तैनात किए गए हैं।

▶▶ पढ़ें पेज 02-03 भी

*प्रधानमंत्री सोमवार सुबह 10 बजे समिट में पहुंच जाएंगे और डेढ़ घंटा अर्थात 11.30 बजे तक रहेंगे। वे जिस डोम में रहेंगे, वहां 3000 उद्योगपति मौजूद रहेंगे। सेशन हॉल में 2 हजार उद्योगपति और रहेंगे।*

**भोपाल के संबंधित इलाके को एसपीजी ने अपने सुरक्षा घेरे में लिया**



**स्थानीय व दूसरे जिलों के करीब 6500 पुलिस वाले भी तैनात रहेंगे**

### हेलिकॉप्टर से लाल परेड ग्राउंड आएंगे पीएम

भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन 24 फरवरी की सुबह 10 बजे होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी की शाम को ही भोपाल आ जाएंगे। वे छतरपुर में कैंसर हॉस्पिटल का भूमिपूजन करके भोपाल पहुंचेंगे। उनका विमान राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड होगा। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर के जरिए लाल परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। यहां 3 हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। मोदी लाल परेड ग्राउंड से राजभवन पहुंचेंगे। यहां से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में जाकर भाजपा नेताओं की बैठक करेंगे। फिर राजभवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन समिट स्थल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय जाएंगे। इसके बाद वे बिहार के भागलपुर जाएंगे।



*लाल परेड मैदान में बनाए जा रहे हेलिपैड*

#### समिट में 25000 मेहमानों को ही मिलेगा प्रवेश

*समिट में 25 हजार मेहमानों को ही प्रवेश मिलेगा। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब उद्घाटन करेंगे, तब मानव संग्रहालय में 5 हजार उद्योगपति ही रहेंगे। इनमें अंबानी, अडाणी, बिड़ला जैसे देश के शीर्ष उद्योगपति भी शामिल हैं। समिट के लिए कुल 32 हजार रजिस्ट्रेशन हुए थे। आखिरी 3 दिन में ही 10 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने के कारण विंडो एक दिन पहले ही बंद करनी पड़ी थी। पहले समिट में 20 हजार मेहमानों के आने का अनुमान था लेकिन ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने के कारण प्लान बदलना पड़ा।*

#### उद्योगपतियों के लिए अलग अलग रंग के पास

*रजिस्ट्रेशन कराने वाले उद्योगपति अलग-अलग रंग के पास के जरिए समिट में जा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र सुबह 10 बजे समिट में पहुंच जाएंगे और डेढ़ घंटा अर्थात 11.30 बजे तक रहेंगे। वे जिस डोम में रहेंगे, वहां 3000 उद्योगपति मौजूद रहेंगे। मोदी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सेशन हॉल में 2 हजार उद्योगपति और रहेंगे। इस तरह मोदी के समय 5 हजार उद्योगपति मौजूद रहेंगे। उद्योगपतियों को उनकी इंडस्ट्री के अनुसार ही डिपार्टमेंटल समिट या सत्र में प्रवेश दिया जाएगा। जिन्हें एक्सपो में घूमना है, उन्हें वहीं के लिए प्रवेश दिया जाएगा।*

#### प्रधानमंत्री का दौरा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को सुबह 11:20 बजे दिल्ली से एयरफोर्स के आईएएफ बीबीजे विमान से खजुराहो के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12:30 बजे उनका विमान खजुराहो एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री 12:35 बजे एमआई हेलीकॉप्टर से छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां उनका हेलीकॉप्टर 12:55 बजे लैंड करेगा। प्रधानमंत्री मोदी 1 बजे बागेश्वर धाम पहुंचेंगे, जहां वे चिकित्सा एवं विज्ञान शोध संस्थान के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। 2 बजे वे गढ़ा हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे और 2:05 बजे वहां पहुंचेंगे। 2:10 बजे प्रधानमंत्री मोदी खजुराहो एयरपोर्ट के लिए एमआई हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। 2:30 बजे उनका विमान खजुराहो एयरपोर्ट पर पहुंचेगा।

#### भोपाल पहुंचने का समय

प्रधानमंत्री मोदी 2:35 बजे आईएएफ बीबीजे विमान से खजुराहो एयरपोर्ट से भोपाल के लिए उड़ान भरेंगे और 3:35 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। भोपाल पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी शाम 6:15 बजे तक कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में रहेंगे। इसके बाद वह रात्रि विश्राम के लिए राजभवन जाएंगे।

---

**सीएम ने पीएम के आगमन व जीआईएस की तैयारियों का किया अवलोकन**

# आज शाम पीएम मोदी ठाकरे सभागार में पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों व पदाधिकारियों से करेंगे 'संवाद'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार और राष्ट्रीय मानव संग्रहालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन, भाजपा नेताओं से उनकी चर्चा और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए।

डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी की शाम भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रदेश के सभी सांसदों, विधायकों एवं पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। शनिवार को सबसे पहले उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में चल रही तैयारियों का मुआयना किया।

उन्होंने संपूर्ण परिसर का अवलोकन कर प्रधानमंत्री मोदी के सभागार में आगमन, जनप्रतिनिधियों से चर्चा, रात्रि भोज से लेकर प्रस्थान तक की संपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी की चर्चा के लिए तैयार किए गए सभागार में बैठक व्यवस्था का मुआयना किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

*सीएम ने कहा कि निवेशक हमारे विशेष मेहमान हैं, उनके स्वागत में हम कोई भी कमी नहीं रखेंगे*




#### विदेशी डेलीगेट्स के लिए अलग से बैठक व्यवस्था

कुशाभाऊ सभागार के बाद डॉ. यादव ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय पहुंचकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का मुआयना लिया। उन्होंने कहा कि निवेशक हमारे विशेष मेहमान हैं, उनके स्वागत में हम कोई भी कमी नहीं रखेंगे। मोदी के लिए जीआईएस परिसर में ही तैयार किए गए लाउंज का मुआयना किया। इसके बाद कार्यक्रम के लिए तैयार मुख्य सभागार (सबसे बड़े डोम) में पहुंचकर मंच, अतिथियों एवं निवेशकों के लिए बैठक व्यवस्था देखी। सीएम ने कहा कि आगंतुकों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था की जाए।

#### राष्ट्रीय मानव संग्रहालय को और ज्यादा सजाएं

मुख्यमंत्री ने भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय और प्रमुख सचिव औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह से कहा कि मानव संग्रहालय के आंतरिक परिसर का और अधिक सौंदर्यीकरण किया जाए। यहां देर शाम तक इवेंट्स होने हैं, इसलिए पर्याप्त रोशनी, सूचना पट्टिकाएं और सुगम यातायात की व्यवस्था की जाए। किसी को भी परेशानी न हो। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश ▶▶ शेष पेज 4 पर




---

### कुंभ यात्रियों की भीड़ बढ़ी, टोल से हर घंटे निकल रही 1500 से ज्यादा गाड़ियां

# मप्र-यूपी बॉर्डर पर फिर लगा करीब '10 किमी का जाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶रीवा

रीवा में मप्र-यूपी बॉर्डर पर शनिवार को एक बार फिर 10 किलोमीटर का जाम लग गया। शनिवार को फिर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई। इसके बाद रीवा-प्रयागराज मार्ग पर भारी वाहनों की एंट्री रोक दी गई है।

उन्हें कटनी से ही डायवर्ट कर हनुमना मार्ग से निकाला जा रहा है। महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। शनिवार सुबह तक स्थिति नियंत्रण में थी। दोपहर 12 बजे के बाद वाहनों की संख्या बढ़ गई। जोगनिहाई टोल से हर घंटे 1500 वाहन निकल रहे हैं। पुलिस और प्रशासन मिलकर जाम खुलवाने की कोशिश कर रहे हैं।

**रीवा-प्रयागराज मार्ग पर भारी वाहनों की एंट्री रोकी गई**

**प्रयागराज में पार्किंग फुल वाहनों को मिर्जापुर डायवर्ट किया**



#### कुंभ यात्रियों के लिए रेस्ट पॉइंट बनाए

रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि कुंभ यात्रियों की सुविधा के लिए रेस्ट पॉइंट पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। बच्चों के लिए दूध, आवश्यक दवाइयां और खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

#### टोल प्लाजा से 24 घंटे में निकले करीब 35 हजार वाहन

एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि महाकुंभ का आखिरी वीकेंड होने की वजह से पिछले 24 घंटे में मप्र-यूपी बॉर्डर चाकघाट से करीब 35 हजार से ज्यादा वाहन निकल चुके हैं। शनिवार सुबह से हर घंटे जोगनिहाई टोल प्लाजा और झिरिया टोल प्लाजा से होकर 1500 वाहन निकल रहे हैं।

# पूरा देश महाकुंभ में इकट्ठा होकर आयोजन को बना रहा बहुरंगी




**भोपाल।** प्रयागराज महाकुंभ में अंतिम शाही स्नान के लिए अब मात्र तीन दिन शेष बचे है। अंतिम शाही स्नान 26 फरवरी महाशिवरात्रि को है। इस शाही स्नान के लिए राजधानी भोपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। वहीं इससे पहले ही भोपाल के लाखों श्रद्धालु कुंभ स्नान करके आ चुके हैं, जिनसे हरिभूमि ने बातचीत कर उनके अनुभव जाने।

### *महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालु अपने आप को सौभाग्यशाली मान रहे हैं, यहां प्रशासन ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था की है*

## महाकुंभ में स्नान करना एक सुखद अनुभूति, इतनी अच्छी व्यवस्था इससे पहले देखने को नहीं मिली

प्रयागराज कुंभ में यह मेरा तीसरा स्नान है। परिजनों के साथ कुंभ स्नान के लिए पहुंचा। जहां पर हम लोगों ने संगम स्थल पर पहुंच कर कपड़े सुरक्षित रखकर त्रिवेणी में स्नान व पूजा कर पुण्य लाभ लिया। यहां कोई हड़बड़ी या जल्दबाजी का भाव किसी के मन में नहीं दिखा। संगम स्थल पर विस्तृत रूप से विकसित घाटों पर एक ही समय में हजारों लोग एक साथ स्नान कर रहे थे। पावन त्रिवेणी के संगम में शांत भाव से डुबकी लगाने का अदभुत अनुभव था। इस दौरान देश-प्रदेशवासियों के लोक कल्याण, स्व कल्याण के संकल्प के साथ डुबकी लगाई। मां गंगा से देश व प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। तो वहीं इस साल योगी सरकार ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था की। इसके पहले मैंने कभी ऐसी व्यवस्था नहीं देखी। 50 से 55 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। किसी तरह की कोई दिक्कत परेशानी नहीं हुई। हां थोड़ी बहुत तो परेशानी होती है, तो इतने बड़े आयोजन में कुछ लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। तो वहीं यहां पर साफ-सफाई की बहुत ही अच्छी व्यवस्था देखने को मिली। इसके लिए सफाई कर्मियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।



**विष्णु राजोरिया**
**अध्यक्ष, परशुराम कल्याण बोर्ड**

## कुंभ में स्नान कर अपने आप को सौभाग्शाली मानता हूं

कुंभ स्नान का बहुत ही अच्छा अनुभव रहा, मैं अपने आप को सौभागशाली मानता हूं कि मुझे तीर्थ राज कुंभ में स्नान करने का मौका मिला। वहां के सभी इंतजाम सराहनीय है। वहां के जल को लेकर कई लोग कई तरह की अफवाह उड़ा रहे हैं, लेकिन वहां का जल पूरी तरह शुद्ध है पवित्र है निर्मल है। वहां आने जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। लोगों की अपार भीड़ है। सरकार की ओर से जो इंतजाम किए है। वह सराहनीय हैं बहुत ही अच्छे इंतजाम है।



**सुरेश पचौरी**
**वरिष्ठ भाजपा नेता**

## महाकुंभ में शामिल होने पर मुझे सनातन धर्म में पैदा होने पर गर्व महसूस हुआ

महाकुंभ स्नान कर जो खुशी व अनुभूति हुई। वह शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। मां गंगा में स्नान कर व महाकुंभ में शामिल होने पर मुझे सनातन धर्म में पैदा होने पर गर्व महसूस हुआ। जबसे हमने महाकुंभ के बारे में सुना था, हम यहां आने के लिए उत्सुक थे और इस भव्य महाकुंभ में शामिल होने से खुद को रोक नहीं सके। तो वहीं कुंभ मेले में नागरिक सुविधाएं, साफ-सफाई, वहां यहां पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का व्यवहार व व्यवस्था बहुत ही अच्छी थी। इसके चलते कहीं किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।



**मोहिनी चतुर्वेदी, शिक्षिका**

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर्स ने जांची 95 सफाई मित्रों की सेहत

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शनिवार को साफ-सफाई व्यवस्था को संभालने वाले सफाई मित्रों व वाहन चालकों का निरीक्षण कराया गया। नगर निगम ने शनिवार को आरिफ नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया, जिसमें 95 सफाई मित्रों व चालकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. अंकित पाटीदार व अन्य चिकित्सकों ने कर्मचारियों की जांच की। इस दौरान उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई और शिविर में निगमकर्मियों की सुविधा को देखते हुए ईकेवायसी, आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा दी गई। इस शिविर में बड़ी संख्या में सफाई मित्र पहुंचे।

### जेपी में 4 दवा वितरण काउंटर में से दो चालू लगी लंबी कतार

**भोपाल।** जेपी अस्पताल में दवा वितरण के लिए चार काउंटर हैं, जिसमें से वर्तमान में सिर्फ दो चालू हैं। जिसके चलते दवा लेने के लिए मरीजों की लंबी कतार लग रही है। अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसके कारण अस्पताल में इनकी संख्या कम हो गई है। यही कारण है कि दो काउंटर बंद करने पड़े। यही वजह है कि मरीजों की लंबी कतार लग रही है। पहले जहां सिर्फ 10 मिनट में मरीज को दवा मिल जाती थी, अब उन्हें एक से डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ रहा है।

### रेस्टॉरेंट, होटल, ढाबों पर आबकारी विभाग ने मारा छापा, केस दर्ज किए

**भोपाल।** शहर में होने जा रही जीआईएस से पहले आबकारी विभाग की टीम नें भी छापामार कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम ने शनिवार को होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों पर दबिश देते हुए अवैध शराब बरामद की है। जिला आबकारी कंट्रोलर एसएच गोयल ने बताया कि टीम ने बैरागढ़, लालघाटी, रायसेन रोड, बरखेड़ा पठानी आदि क्षेत्रों के होटल, ढाबों की तलाशी ली गई। जहां अवैध रूप से शराब परोसने और संग्रहण करने के कुल 14 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही चार पेटी देशी शराब, दो पेटी अंग्रेजी शराब, 28 बोतल बीयर बरामद देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन अपराध जमानती होने से मुचलके पर छोड़ दिया है।

### जीआईएस के चलते ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया विशेष यातायात प्लान

# प्रधानमंत्री मोदी आज पहुंचेंगे भोपाल, दो दिन तक बदली रहेगी राजधानी के कई क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था

**परीक्षार्थियों के लिए यातायात पुलिस ने बनाए विशेष मार्ग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीआईएस में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री 23 फरवरी को भोपाल आएंगे। वह स्टेट हैंगर से सीधे राजभवन आएंगे, फिर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री के रूट पर कोई अड़चन नहीं आए, इसके लिए स्टेट हैंगर से कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर तक यात्री बसों, भारी वाहन और दो पहिया वाहनों के लिए थ्री लेयर डायवर्सन प्लान बनाया गया है। इस दौरान भोपाल के 150 से अधिक ट्रैफिक जवान राजधानी की यातायात व्यवस्था संभालेंगे।

**कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम**




### भारी व अनुमति प्राप्त वाहन के लिए यह रहेगी व्यवस्था

- रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधी नगर तिराहा और पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- **वैकल्पिक मार्ग:** भारत माता चौराहा, भदभदा, नीलबड़ तिराहे से दाएं मुड़कर, नाथू बरखेड़ा रोड, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर से आवागमन कर सकेंगे।
- **दूसरे दिन यानी 24 फरवरी को यह रहेगी व्यवस्था** : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में होंगे। इस दौरान राजधानी के कई मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पीएम मोदी सुबह 10 बजे से 11:15 बजे तक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित जीआईएस समिट में शामिल होंगे, जिसके चलते राजभवन, पुराना मछलीघर, केएन प्रधान तिराहा, प्रोफेसर कॉलोनी, पॉलिटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क, भारत भवन और बोट क्लब क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहेगा।
- **परीक्षार्थियों के लिए विशेष मार्ग व्यवस्था** : इसी दिन माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं भी विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जा रही हैं। छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यातायात पुलिस ने आप्शनल मार्ग सुझाए हैं। पुराने भोपाल से नए भोपाल आने-जाने के लिए पॉलिटेक्निक चौराहा के बजाय रेतघाट, मोती मस्जिद, बुधवारा, तलैया, लाल परेड ग्राउंड, कंट्रोल रूम और रोशनपुरा मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, जिन विद्यालयों में परीक्षाएं हो रही हैं, जैसे रीजनल कॉलेज, बाल भवन स्कूल, सेंट जोसेफ को-एड, आनंद विहार स्कूल, कमला नेहरू स्कूल आदि, वहां जाने वाले विद्यार्थियों के लिए वीआईपी मार्ग पर भी यातायात की अनुमति दी जाएगी।
- **बसों और भारी वाहनों के लिए विशेष निर्देश** : दोपहर 2:30 बजे से इंदौर, उज्जैन और राजगढ़-ब्यावरा मार्ग से आने-जाने वाली बसों का हलालपुर बस स्टैंड के आगे प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। भारी मालवाहक वाहनों के लिए रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, लालघाटी और गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही बंद रहेगी।

### 2:30 बजे से यात्री बसों के प्रवेश पर रहेगी रोक

- दोपहर 2:30 बजे से यात्री बसों के लिए जो डायवर्सन प्लान बनाया गया है, उसके तहत इंदौर-उज्जैन और राजगढ़-ब्यावरा रूट की यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की ओर से नादरा बस स्टैंड आने-जाने वाली बसें, मुबारकपुर बायपास तिराहा से गांधी नगर तिराहा, करोंद, बेस्ट प्राइज तिराहा, जेपी नगर तिराहा होकर आ-जा सकेंगी।
- दोपहर 3 बजे रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधी नगर तिराहा और पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- **वैकल्पिक मार्ग** : बैरागढ़, एयरपोर्ट और राजगढ़-ब्यावरा की तरफ वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहा, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर जा सकेंगे।
- सीहोर-इंदौर रूट के वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़, रातीबड़ होकर जाएंगे। सीहोर-इंदौर, राजगढ़-ब्यावरा और एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहन प्रभात चौराहा, अयोध्या बायपास, भानपुर, करोंद चौराहा से निकल सकेंगे।

### कार्यक्रम के दौरान यह रहेगी व्यवस्था

- सभी प्रकार के मालवाहक, भारी, व्यवसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन (समयः दोपहर 3 बजे से)
- रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा एवं मछली घर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- **वैकल्पिक मार्ग** : रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा एवं मछली घर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- रोशनपुरा से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहन बाणगंगा, मछली घर, खटलापुरा, पीएचक्यू तिराहा होते हुए भारत टॉकीज जा सकेंगे।
- रोशनपुरा से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहन मालवीय नगर तिराहा से विधायक विश्राम गृह, पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा होकर जा सकेंगे।
- रोशनपुरा चौराहे से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहा, डी.बी. मॉल, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ईओडब्ल्यू आफिस के सामने, केंद्रीय स्कूल क्रमांक-1, मैंदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल से होकर भारत टॉकीज की ओर जा सकेंगी।

### स्टेट हैंगर से यह रहेगी व्यवस्था, यात्री बसों का डायवर्जन (समयः दोपहर 2:30 बजे से)

- इंदौर और उज्जैन की ओर से आने-जाने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें हलालपुर बस स्टैंड पर ही समाप्त होंगी।
- राजगढ़-ब्यावरा मार्ग से हलालपुर बस स्टैंड आने-जाने वाली यात्री बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा से खजूरी बायपास तिराहा होते हुए बैरागढ़ मार्ग से हलालपुर बस स्टैंड तक जा सकेंगी।
- राजगढ़-ब्यावरा मार्ग से नादरा बस स्टैंड आने-जाने वाली बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा से गांधी नगर तिराहा, करोंद, बेस्ट प्राइस तिराहा होते हुए नादरा बस स्टैंड तक आ-जा सकेंगी।
- **वैकल्पिक मार्ग** : रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधी नगर तिराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।
- भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहा से दाएं मुड़कर, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा, मुबारकपुर चौराहा होकर आवाजाही कर सकेंगे।
- **सामान्य दोपहिया, चार पहिया वाहन (समयः दोपहर 3 बजे से)** : रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधी नगर तिराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### 22 मार्च के बाद सताएगी तेज गर्मी

## दो दिन हल्की सर्द हवाओं के बीच और गिरेगा भोपाल सहित प्रदेशभर में पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में अभी बदलाव का दौर जारी है, जो पूरे फरवरी के साथ मार्च के तीसरे सप्ताह तक जारी रहेगा।

22 मार्च के बाद तेज गर्मी सताने लगेगी, जबकि इससे पहले तापमान में 3 से 6 डिग्री तक का उतार चढ़ाव रहेगा। दरअसल, अभी पश्चिमी विक्षोभ के आने का सिलसिला जारी है, जो हवाओं में




लगातार बदला करेगा। 22 मार्च से दिन और रात बराबर होते ही सूर्य की किरणें सीधे पड़ने के साथ ही पश्चिमी विक्षोभों में कमी आएगी, जिससे तापमान में लगातार बढ़त होगी। इससे गर्मी का असर 22 मार्च के बाद तेजी से बढ़ेगा।

## मप्र चिकित्सक महासंघ का आंदोलन स्थगितः प्रदेश सरकार व संगठन के बीच चर्चा के बाद बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय चिकित्सक महासंघ, मध्य प्रदेश ने चिकित्सकों के मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलन को आगामी सूचना तक स्थगित कर दिया है। यह निर्णय महासंघ के पदाधिकारियों और प्रमुख सचिव संदीप यादव तथा आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया। बैठक में चिकित्सकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए समय सीमा तय की गई। डॉ. राकेश मालवीय महासंघ के संयोजक ने बताया सभी पदाधिकारियों ने एकमत से आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है और आगामी बैठक के निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं। इन मुद्दों पर अंतिम निर्णय लेने के लिए 7 मार्च को उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

### बैठक में हुए ये प्रमुख निर्णय

- *स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सकों को डायनमिक असिस्टेड कॅरियर प्रोग्रेस का लाभ देने पर सहमति बनी। इसके तहत चिकित्सकों के एनुअल कंफिडेंशियल रिपोर्ट के पुनः परीक्षण की आवश्यकता के बिना सीधे डीएसीपी के आदेश जारी किए जाएंगे। साथ ही, कोविड काल के दौरान की गई एसीआर को 'बहुत अच्छा' मानने पर भी चर्चा हुई।*
- *चिकित्सा शिक्षकों को सातवें वेतनमान की त्रुटि का सुधार जल्द किए जाने पर सहमति बनी। साथ ही, जूनियर डॉक्टर्स के रूरल सर्विस बॉन्ड के वेतन में विसंगति को दूर करने और नॉन-क्लीनिकल विषयों में रफ पदों का सृजन करने पर भी सहमति हुई।*
- *चिकित्सकों और जूनियर डॉक्टर्स को नेशनल टास्क फोर्स की अनुशंसा के अनुसार सुरक्षा प्रदान करने और इसके लिए बजट की व्यवस्था करने पर सहमति बनी।*

### महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू

## बन्ना-बन्नी गीत के साथ बाबा बटेश्वर को आज लगेगी मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत चल रही विवाह की रस्मों में बटेश्वर एवं मां पार्वती को रविवार को मंदिर परिसर में हल्दी मेहंदी लगाई जाएगी।

मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम 6 बजे बटेश्वर महिला मंडल के द्वारा मेहंदी गीतों एवं विवाह महोत्सव में गाई जाने वाली गारी-गीतों एवं भजन की प्रस्तुति के साथ बाबा बटेश्वर को मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 9 बजे सभी भक्त भवानी मंदिर



सोमवारा बाबा बटेश्वर की ससुराल पहुंचेंगे। यहां भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी के द्वारा स्वागत सत्कार के बाद माता पार्वती को हल्दी एवं मेहंदी लगाई जाएगी। यहां भी गारी गीतों की प्रस्तुति के बाद महा आरती एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### स्कूल शिक्षा मंत्री और अधिकारियों ने दी बधाई

## स्कूलों में उपस्थिति में नर्मदापुरम अव्वल, मिला स्कॉच पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में विद्यार्थियों की शाला में नियमित उपस्थिति के लिए जिला कलेक्टर की पहल पर संचालित 'सीटी बजाओ-बच्चे बुलाओ' कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जिले की इस पहल को इस वर्ष का प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम की इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने नर्मदापुरम जिला कलेक्टर सोनिया मीना, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल सहित कार्यक्रम से जुडे सभी सहयोगियों और शिक्षकों को बधाई दी है। प्रदेश में ग्रामीण परिवेश के परिवारों में जागरुकता की कमी से बच्चे नियमित स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने जिले की 5 शालाओं में नवाचार प्रारंभ किया।

### एम्स में सफल किडनी प्रत्यारोपण, छह घंटे चली प्रत्यारोपण प्रक्रिया

## युवक को 52 वर्षीय मां ने दी अपनी किडनी न्यूनतम इनवेसिव तकनीक से हुई सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स ने अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यहां सफलतापूर्वक एक किडनी प्रत्यारोपण की गई। यह प्रत्यारोपण रायसेन जिले के उदयपुरा निवासी 32 वर्षीय युवक पर किया गया, जिसे उसकी 52 वर्षीय मां ने किडनी दान की।

डोनर की किडनी निकालने की प्रक्रिया (नेफ्रेक्ट्रामी) अत्याधुनिक न्यूनतम इनवेसिव लैप्रोस्कोपिक तकनीक से की गई। इस तकनीक के कारण डोनर को कम दर्द हुआ और उनकी रिकवरी भी तेज रही। पूरी प्रत्यारोपण प्रक्रिया लगभग छह घंटे चली, जिसके बाद मरीज की हालत स्थिर है और नई किडनी सामान्य रूप से कार्य कर रही है।

### डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम का सराहनीय रहा योगदान

यह प्रत्यारोपण एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डाक्टरों की कुशल टीम द्वारा किया गया। नेफ्रोलाजी विभाग से डॉ. महेंद्र अटलानी ने मरीज की सर्जरी से पहले और बाद की देखभाल की। यूरोलाजी विभाग से डॉ. देवाशीष कौशल, डॉ. माधवन, डॉ. केतन मेहरा और डॉ. निकिता श्रीवास्तव ने प्रत्यारोपण सर्जरी को अंजाम दिया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. वैशाली वेंडेसकर, डॉ. शिखा जैन और डॉ. हरीश शामिल रहे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में अहम भूमिका निभाई।

### अंगदान जागरुकता को बढ़ावा

प्रत्यारोपण के बाद एम्स भोपाल ने अंगदान जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए 'किरण फाउंडेशन' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### बाल चिकित्सा किडनी प्रत्यारोपण की एम्स भोपाल में तैयारी

एम्स भोपाल अब बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक) किडनी प्रत्यारोपण की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। इससे एंड-स्टेज किडनी डिजीज से पीड़ित बच्चों को जीवनरक्षक उपचार मिलेगा। संस्थान में विशेषज्ञ डाक्टरों की एक समर्पित टीम और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के साथ बच्चों के लिए विशेष प्रत्यारोपण सेवाएं शुरू करने की योजना है।

### चिकित्सा दल के समर्पण का प्रमाण

यह प्रत्यारोपण हमारे चिकित्सा दल की विशेषज्ञता और समर्पण का प्रमाण है। अंग प्रत्यारोपण एक जीवनरक्षक प्रक्रिया है और हमारा उद्देश्य अंगदान को बढ़ावा देना है ताकि अधिक से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सके। एम्स भोपाल की यह पहल न केवल उन्नत चिकित्सा सेवाओं का उदाहरण है, बल्कि अंगदान जागरुकता के क्षेत्र में भी एक प्रेरणादायक कदम है।

**प्रो. डॉ. अजय सिंह**, कार्यपालक निदेशक, एम्स

### महाशक्ति पीठ में लगेगा मेला

राजधानी के रसूलिया पठार स्थित महाशक्ति पीठ में महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। शक्तिधाम महाशक्ति पीठ समिति मां ममतामई के मार्गदर्शन में भूतभावन की विशेष पूजा-अर्चना के साथ देर शाम तक पंचाक्षरी मंत्र का जाप और भजन-कीर्तन किए जाएंगे। शक्तिपीठ के मुख्य प्रवक्ता शैलेष श्रीवास्तव ने बताया कि हुजूर क्षेत्र का यह सबसे बड़ा महाशक्ति पीठ है। यहां 15 मंदिरों में 51 देवी-देवता विराजमान हैं। 8 फीट ऊंचे कृत्रिम पहाड़ पर भगवान शिव अपने परिवार के साथ विराजमान हैं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त होगा भोजपुर का भंडारा

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड की ओर से शिवरात्रि के पावन पर्व पर 26 फरवरी को मंडल का 22वां विशाल भंडारा भोजपुर में लगाया जाएगा। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस विशाल भंडारे में लगभग डेढ़ लाख भक्तों को प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भक्तों को प्रसाद वितरण में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर कागज के दोने, प्लेट, एवं स्टील के ग्लास का उपयोग ही किया जाएगा।

भोपाल
रविवार, 23 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–10
वर्ष : 11, अंक : 330
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 27
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 चैंपियंस ट्रॉफी : भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी...



आजकल
06 यूएस-एड के दावों की जांच जरूरी

### हिमांशु फ्लोर मिल्स प्राइवेट लि. के डायरेक्टर प्रमोद जैन 'हिमांशु' ने 'हरिभूमि' से कहा

# समिट बनेगी प्रदेश की 'समृद्धि' का आधार...दुनियाभर में फलेगा-फूलेगा हमारा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी के लिए यह एक सुनहरा अवसर और ऐतिहासिक पल है जब ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में पूरे देश के उद्योगपति अपने शहर भोपाल में आएंगे। यह सोच हमारे देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इच्छा शक्ति के कारण ही संभव हो पाई है।

हमारे प्रदेश में बहुत ही शांति का वातावरण है। कोई यूनियनबाजी नहीं है। ट्रांसपोर्ट के साथ के परिवहन कनेक्टीविटी अन्य प्रदेशों की तुलना में काफी बेहतर है। नई इंडस्ट्रीज को डॉ. मोहन सरकार प्रोत्साहित कर रही है और इकाई स्थापना पर प्रदेश सरकार सब्सिडी मुहैया भी करा रही है। समिट में देश-दुनिया से आने वाले उद्योगपतियों के निवेश से प्रदेश आर्थिक रूप से सबल होगा। औद्योगिक विकास से प्रदेश के लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश में औद्योगिक विस्तार के लिए उपलब्ध प्रॉपर्टी अन्य शहर की अपेक्षा काफी सस्ती है। चारों तरफ हरियाली है। देश -दुनिया के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में अपना उद्योग लगाना चाहिए। यह बात औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप स्थित हिमांशु फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर प्रमोद जैन 'हिमांशु' ने हरिभूमि से कही।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



समिट में देश-दुनिया से आने वाले उद्योगपतियों के निवेश से प्रदेश आर्थिक रूप से सबल होगा। औद्योगिक विकास से प्रदेश के लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

## समिट बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण बनेगी

हिमांशु ने कहा कि भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का यहां के उद्योगपति ही नहीं बल्कि समस्त शहरवासी डॉ. मोहन सरकार की इस पहल का स्वागत करते हैं और सरकार के साथ मिलकर शहर के समग्र विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह समिट भोपाल के भविष्य की आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे की रीढ़ बने, यही हमारी अपेक्षा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण बनेगी। देशी-विदेशी निवेश से समूचे प्रदेश में औद्योगिक क्रांति का विस्तार होगा और इनके धरातल पर आने से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। बाजारों में पैसे का प्रवाह बढ़ेगा, राज्य का राजस्व बढ़ेगा।

### सरकार की एग्रेसिव मार्केटिंग को दर्शाती है समिट

जैन के अनुसार अब तक के सभी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल से बाहर हुई हैं। यह पहली बार है जब भोपाल में हो रही है। यह समिट मध्य प्रदेश सरकार की ओर से एग्रेसिव मार्केटिंग को दर्शाती है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से अच्छे परिणाम आने की उम्मीद है। देश-विदेश से निवेश आने पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के अच्छे दिन लौटेंगे। बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी तो छोटे-छोटे उद्योग फलेंगे-फूलेंगे। मध्यप्रदेश में टूरिज्म हेल्थ केयर, नवकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स की अनंत संभावनाएं हैं। टैक्सटाइल एवं फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में विदेशी निवेशकों से खासी उम्मीद की जा रही है। इंपैक्ट फीचर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शक्तिकांत दास बने पीएम के प्रधान सचिव-2



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की मंजूरी के बाद हुई। अधिसूचना के अनुसार, दास अपनी इस जिम्मेदारी को प्रधानमंत्री के कार्यकाल की अवधि तक या अगले आदेश तक निभाएंगे।

### वेंडर ने यात्रियों पर किया चाकू से हमला, 3 घायल



**कटनी।** ट्रेन में एक वेंडर ने यात्रियों पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें तीन यात्री घायल हो गए। शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर घायलों को अस्पताल भेजा। आरोपी की फरार है। घायल यात्री उमाशंकर सिंह ने बताया कि वह प्रयागराज पुणे एक्सप्रेस ट्रेन से अपने परिवार के साथ मैहर से कटनी जा रहे थे।तब हमला हुआ।

### हत्या के आरोपी ने खुद को थाने में आग लगाई



**रतलाम।** हत्या के आरोपी ने थाने के अंदर खुद को आग लगा ली। आग बुझाने में 4 पुलिसकर्मियों के हाथ झुलस गए। युवक को अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया है।घटना शुक्रवार देर रात की है। अजय पंवार नशे की हालत में डीडी नगर पुलिस थाने में पहुंचा। खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आया था।

**केंद्रीय मंत्री बोले बैठना तकलीफदायक था टाटा प्रबंधन को भी घेरा**

◆ केंद्रीय कृषि मंत्री पूसा में किसान मेले का उद्घाटन करने व कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक में भाग लेने जा रहे थे

# विमान की 'टूटी सीट' पर बैठकर दिल्ली पहुंचे शिवराज, एयर इंडिया ने माफी मांगी

नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि डीजीसीए भी मामले की विस्तृत जांच करेगा

◆ शिवराज ने कहा कि एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स को पहले से जानकारी थी कि सीट खराब है, इसके बावजूद टिकट बेचा गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ शनिवार को एक ऐसी घटना घटी, जिससे आम आदमी रोज ही गुजरता है। दरअसल, मंत्री शिवराज सिंह को एयर इंडिया में टूटी और धंसी हुई सीट अलॉट हो गई। शिवराज जब सीट पर बैठे तो उनको तकलीफ का समाना करना पड़ा।

इसके बाद उन्होंने एयर इंडिया पर जमकर गुस्सा निकाला। शिवराज सिंह ने कहा कि एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स को पहले से जानकारी थी कि सीट खराब है, इसके बावजूद टिकट बेचा गया। शिवराज सिंह को एक कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल से दिल्ली जाना था। इसके लिए उन्होंने एयर इंडिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

*मंत्री ने कहा कि मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी, लेकिन ये मेरा भ्रम निकला*





### प्रबंधन को क्रू मेंबर ने टूटी सीट पर आगाह किया था

केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के माननीय प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एआई 436 में टिकिट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नागरिक उड्डयन मंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हमने इस मुद्दे पर तुरंत एयर इंडिया से बात की और उन्हें आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हमारी तरफ से डीजीसीए भी मामले की विस्तृत जांच करेगा। और मैंने व्यक्तिगत रूप से शिवराज जी से भी बात की है।

### शिवराज ने कहा क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है?

मंत्री शिवराज ने लिखा कि सहयात्रियों ने मुझे बहुत आग्रह किया कि मैं उनसे सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाऊं, लेकिन मैं अपने लिए किसी और मित्र को तकलीफ क्यों दूं, मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा। शिवराज ने लिखा कि मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी, लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है, लेकिन यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है?

### तेलंगाना में एसएलबीसी सुरंग में हादसा





# छत का एक हिस्सा ढहा, आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन हिस्से में छत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में कम से कम 8 श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम आकलन के लिए अंदर गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर हादसा

◆ पीएम मोदी ने दिलाया मदद का भरोसा

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरकुरनूल जिले के डोमलपेंटा के पास एसएलबीसी सुरंग में हुए हादसे की जानकारी ली। सीएमओ के बयान के अनुसार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री को घटना की पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सेना और एनडीआरएफ टीम ने मोर्चा संभाला

तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि भारतीय सेना और एनडीआरएफ की सहायता की मांग की थी। दोनों दल घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं, और 4 टीमें राहत एवं बचाव का काम कर रहीं हैं। मैं सुबह जल्दी फिर से बचाव कार्य की निगरानी करने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आत्महत्या के कारण तलाश रही पुलिस**

## कार चालक ने डीजल निकाला और खुद को लगा ली आग, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यहां एक युवक ने कार से डीजल निकालकर खुद पर उड़ेला और आग लगा ली। बीच सड़क पर सुसाइड की घटना सुनकर लोग दहल उठे। पुलिस के अनुसार युवक एक प्राइवेट ट्रैवल्स की कार चलाता था और जबलपुर गया था। वहां से लौटते ही उसने आत्महत्या कर ली। युवक की शादी को महज 8 माह हुए हैं और उसका वैवाहिक जीवन सुखी बताया जा रहा है। ऐसे में उसने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम क्यों उठाया, यह कोई नहीं बता पा रहा है। पुलिस के अनुसार कोलार कजलीखेड़ा में रहने वाले 22 साल के मधुर जाटव ने बीच सड़क पर सुसाइड कर लिया। मधुर के पिता रामबाबू जाटव ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे मोबाइल पर बात की थी। वह तब पूरी तरह सामान्य था। सुबह करीब 5:30 बजे ट्रैवल्स के मालिक ने मुझे बताया कि मधुर ने आत्महत्या कर ली है। ट्रैवल्स मालिक को पुलिस ने घटना की जानकारी दी थी। कहा जा रहा है ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

**रणवीर इलाहाबादिया बयान विवाद**

## केंद्र एक्शन में, अश्लील कंटेंट पर अब लगेगी कानूनी लगाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर इलाहाबादिया ने समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में जो विवादित बयान दिया था, उसका देश भर में विरोध हुआ और यह सवाल भी खड़ा हुआ कि क्या सोशल मीडिया पर चलने वाले कंटेंट में कोई लगाम नहीं होनी चाहिए? इस विवाद के मद्देनजर अब केंद्र सरकार ऐसे प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट में अश्लीलता पर लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। दरअसल, संसदीय पैनल को भेजे अपने पत्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि समाज में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील और हिंसक सामग्री दिखाने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग किया जा रहा है।

■ संसदीय कमेटी को दी गई जानकारी



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति को बताया कि मौजूदा कानूनों के तहत ▶▶ शेष पेज 4 पर






शादी का शानदार ऑफर
सावनसुखा की अविश्वसनीय उपहार!
गहनों के मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट

| ऑफर्स ऑन मेकिंग चार्जेस | |
|---|---|
| प्लेन गोल्ड ज्वेलरी एंड मशीन मेड चेन्स | 5.88% |
| एंटीक गोल्ड ज्वेलरी | 9.88% |
| हैंडमेड चेन्स, रोडियम चेन्स, फैंसी जेवेलरी | 11.88% |
| एंटीक डिज़ाइनर/रजवाड़ा गोल्ड ज्वेलरी | 14.88% |
| डायमंड स्टडेड ज्वेलरी | 4.88%* |
| जड़ाऊ पोल्की ज्वेलरी | 4.88% |

*कंडिशन्स अप्लाई
सदर बाज़ार | रायपुर | 7 फरवरी ऑनवार्ड्स | 91470 75332


प्रदेश में 7 प्रजाति, वन विहार में सफेद पीठ वाले गिद्ध मिले, तीन दिनों तक चली गिनती

वन विभाग के 16 सर्कल, 64 डिवीजन और 9 संरक्षित क्षेत्रों में गिद्धों की गिनती की गई

# टाइगर-चीता स्टेट मप्र में गिद्धों की संख्या अब 12 हजार पार, 10 साल में दोगुनी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टाइगर, चीता और तेंदुआ स्टेट मध्यप्रदेश में गिद्धों की संख्या 12 हजार से ज्यादा हो गई है। 3 दिन हुई गिनती में ये आंकड़े सामने आए हैं। प्रदेश में 10 साल के अंदर गिद्धों की संख्या दोगुनी हुई है। अभी कुल 7 प्रजातियां पाई गईं। इनमें भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में सफेद पीठ वाले गिद्ध भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 17, 18 और 19 फरवरी को वन विभाग के 16 सर्कल, 64 डिवीजन और 9 संरक्षित क्षेत्रों में गिद्धों की गिनती की गई थी। जिसके आंकड़े अब सामने आए हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

ये भी खुश खबर



### सबसे पहले 2016 में हुई थी गणना

प्रदेश में गिद्धों की गणना की शुरूआत वर्ष 2016 से की गई थी। प्रदेश में गिद्धों की कुल 7 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें से 4 प्रजातियां स्थानीय एवं 3 प्रजाति प्रवासी हैं। गिद्धों की गणना करने के लिए शीत ऋतु का अंतिम समय सही रहता है। इस दौरान स्थानीय एवं प्रवासी गिद्धों की गणना आसानी से हो जाती है। वर्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वन विहार में हरियाणा से आए थे गिद्ध

गिद्धों का सबसे बड़ा कुनबा पन्ना नेशनल पार्क में है। यहां 900 से अधिक गिद्ध हैं। यहां पर लाल सिर वाला गिद्ध भी पाया जाता है। इसे एशियाई राजा गिद्ध, भारतीय काला गिद्ध या पांडिचेरी गिद्ध भी कहा जाता है। इसे पन्ना टाइगर रिजर्व में आसानी से देखा जा सकता है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

सदर मंजिल को नए स्वरूप में विकसित कर बनाए गए फाइव स्टार होटल का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया लोकार्पण

# स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में जीवंत होंगे मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के लिए भोपाल पूरी तरह सजकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को जीआईएस का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का यह स्वर्णिम काल चल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की शाम सदर मंजिल का जीर्णोद्धार कर बनाए गए फाइव स्टार होटल लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डा. यादव ने जीआईएस के अतिथियों के प्रवास के लिए तैयार सदर मंजिल के सभी कक्षों का अवलोकन किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री ने मप्र की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने वाला वीडियो "स्वागतम बड़ा" किया लॉन्च
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अतिथियों के प्रवास के लिए सदर मंजिल बनकर तैयार

### ताजमहल और गौहर महल का किया जाएगा जीर्णोद्धार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट एक ऐसा निर्णय है जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक इमारतों एवं भवनों को जीवंत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का हर प्राचीन भवन और महल को चमकाया जाएगा। सदर मंजिल की तरह ही भोपाल के ताजमहल और गौहर महल का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदर मंजिल में आने वाले अतिथियों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री ने मप्र की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने वाला वीडियो "स्वागतम बड़ा" लॉन्च किया।

### पर्यटन का नया आकर्षक का केंद्र बनेगा नया भवन: सांसद शर्मा

क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है। 127 साल पहले बनी सदर मंजिल का जीर्णोद्धार विरासत संरक्षण परियोजना के अंतर्गत किया गया है। 2015 में 17 करोड़ की लागत से इस भवन के जीर्णोद्धार की शुरूआत की गई। यह भवन मेरे लिए जनप्रतिनिधि की पाठशाला है। यह ऐतिहासिक भवन पर्यटन का नया आकर्षक केंद्र बनेगा। इस अवसर पर सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारीआशीष अग्रवाल, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

60 से अधिक देशों के राजनयिक, प्रतिनिधि होंगे समिट में शामिल

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह समापन

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट: मध्य प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का हो रहा है महाकुंभ

### 20 भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्ट-अप्स के संस्थापक करेंगे भागीदारी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से मध्यप्रदेश, औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। समिट का उद्देश्य निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को एक फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है।

समिट का शुभारंभ 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और समापन 25 फरवरी को केंद्रीय मंत्री अमित शाह भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में करेंगे। समिट में देश-विदेश के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां और नीति-निर्माता शामिल होंगे। कुल 31 हजार 659 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में पंजीकरण कराया है। इसमें उद्योग जगत के लगभग 3 हजार 903 विशेष आमंत्रित एवं डेलीगेट्स 8046 रहेंगे। इसमें 300 से अधिक गेस्ट ऑफ ऑनर, 133 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी 3398 स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि, 562 एनआरआई एवं मध्यप्रदेश प्रवासी, विभिन्न उद्योग संघों के 249 प्रतिनिधि और विभिन्न सत्रों एवं विभागीय समिट्स में 10491 प्रतिभागी शामिल होंगे।



### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रमुख उद्योगपतियों की उपस्थिति

समिट में भारत की अग्रणी कंपनियों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ उपस्थित रहेंगे। इनमें गौतम अडानी (अध्यक्ष, अडानी समूह), कुमार मंगलम बिरला (अध्यक्ष, आदित्य बिड़ला समूह), संजीव पुरी (सीएमडी, आईटीसी लिमिटेड), नादिर गोदरेज (सीएमडी, गोदरेज इंडस्ट्रीज) अश्विनी अरोडा (एमडी) दावत फूडस रघुपति सिंघानिया, सीएमडी जेके टायर बालकृष्ण गोयनका अध्यक्ष, वेल्सपेन वर्ल्ड, सुनील बजाज कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य बिड़ला, सतीश पई एमडी हिंलातकों इंडस्ट्री, एम के अग्रवाल, एमडी ग्रासिम इंडस्ट्री कैलाश झावर, एमडी अल्ट्राटेक सीमेंट, बाबा एन कल्याणी, सीएमडी भारत फोर्स लिमिटेड, चंद्रजीत बनर्जी, डीजीसीआईआई, कार्तिक भारत राम, संयुक्त एमडीएसआरएफ लिमिटेड, आंद्रे एक होल्ट एमडी हेटिच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, राघवपत सिंघानिया, एमडी जेके सीमेंट, विनोद अग्रवाल, एमडी एवं सीईओ वी कमार्शियल व्हीकल्स, पुनीत डालमिया सीईओ डालमिया सीमेंट, सुधीर मेहता, सीएमडी पिनेकल इंडस्ट्रीज कुमार वेंकर सुब्रमण्यम, एमडी प्रॉक्टर एंड गैंबल, अभय फिरोडिया, अध्यक्ष फोर्स मोटर्स, सुचिता ओसवाल जैन, उपाध्यक्ष वर्धमान, हिरोशी योशिजाने, एमडी ब्रिजस्टोन इंडिया, रवि झुनझुनवाला, सीएमडी एचईजी रंजिदर गुप्ता ट्राइडेंट ग्रुप, राहुल संघवी, निर्देशक संघवी फूड्स, वीर एस अडवणी, सीएमडी ब्लू स्टार, पार्थ प्रतिम सेन गुप्ता, एमडी एवं सीईओ बंधन बैंक एवं इंगो सोलर, सीईओ टीडब्लूई ओबीटी शामिल हैं।

### प्रमुख सत्र, सम्मेलन और औद्योगिक प्रदर्शनियां

समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 7 विभागीय सम्मेलन और 10 विशिष्ट सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सत्रों में फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, कपड़ा उद्योग, खाद्य प्र-संस्करण, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, खनन, एमएसएमई, शहरी विकास और प्रवासी मध्यप्रदेश शामिल हैं। इन सत्रों में विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर री आंगस्ते टानो कूआमे, बार्कलेज के ग्लोबल हेड आनंद चित्रे, आईटीईएएस सिंगापुर को सीओओ लिम बून तियोंग, हीरा नंदानी डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक डॉ. निरंजन हीरानंदानी, सिस्को इंडिया की डेजी चित्तिला पिल्लई, डीएलएफ ग्रुप के अध्यक्ष राजीव सिंह, बिल एंड मेलिंडा गेस्ट फाउंडेशन रोशो राज श्रेष्ठ जैसे प्रमुख वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसके अतिरिक्त, समिट में 5 अंतरराष्ट्रीय सत्र भी होंगे जिनमें ग्लोबल साउथ कंट्रीज का सम्मेलन, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन सत्र तथा प्रमुख भागीदार देशों के विशेष सत्र शामिल हैं। समिट में तीन विशेष औद्योगिक प्रदर्शनियां भी आयोजित की जा रही हैं। इनमें ऑटो शो, कपड़ा और फैशन एक्सपो और एक जिला-एक उत्पाद ग्राम प्रदर्शनी शामिल हैं।

### समिट में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी

जीआईएस में 60 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधि, उच्चायुक्त, काउंसल जनरल और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसमें प्रमुख भागीदार देशों में जापान, जर्मनी, इंग्लैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर शामिल हैं। जीआईएस में मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना, पेरू, अंगोल, बुर्किनाफांसो, मोरक्को, मोल्दोवा, नेपाल और जिम्बाम्बे के राजदूत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, फिजी, जमैका, लेसोथो, रवांडा, सेशेल्स और युगांडा के उच्चायुक्त, यूके, कनाडा, नीदरलैंड, पौलैंड ताइवान, दक्षिण अफ्रिका, कोस्टारिका, पनामा, मैक्सिको, टोगो, स्लोवेनिया के वरिष्ठ राजनयिक बुलगारिया, जिबूती, अल्बानिया, तुबालु हैती, म्यांमार, पलाऊ पौलेंड, दक्षिण कोरिया, रोमानिया और उज्बेकिस्तान के ओनोरेरी कौंसल शामिल है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक, डब्ल्यूएआईपीए, जेट्रो, टीएआईटीएआरए, इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत आयरलैंड परिषद सिंगापुर इंडिया चैंबर आफ कॉमर्स, कोरिया इंडिया चैंबर ऑफ कामर्स, इंडो पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संगठन भी शामिल होंगे।

## प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी जीआईएस: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने कहा, भोपाल में होंगे ऐसे और भी आयोजन, रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को अब जिला स्तर तक लेकर जाएंगे
- मुख्यमंत्री ने भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर की जा रही तैयारियों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 24-25 फरवरी को आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से पहले भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीआईएस की तैयारियों में लगे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश आयेंगे। उनका आगमन समस्त प्रदेशवासियों के लिए एक गौरवशाली क्षण है। हम प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सालों के बाद ऐसा अवसर आया है कि प्रधानमंत्री भोपाल में ही रात्रि विश्राम करेंगे। जीआईएस-2025 की तैयारियों के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इसमें देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपति एवं निवेशक शामिल होंगे, जिनका आत्मीय आतिथ्य-सत्कार किया जाएगा। हम न केवल उन्हें निवेश के सभी अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि उनका विश्वास भी जीतने का प्रयास करेंगे।

### प्रदेशभर में निवेश लाने की शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि भोपाल जीआईएस-2025 एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार के बड़े आयोजनों के लिए आगे भी प्रयास कि जाएंगे। मध्यप्रदेश देश में नंबर-1 बने इस दिशा में एक अभिनव प्रयास भोपाल में हो रहा है। सरकार ने संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर प्रदेशभर में औद्योगिकीकरण एवं निवेश लाने की शुरुआत की है। अब हमारी सरकार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को जिला स्तर तक लेकर जाएगी, जिससे हर जिले, हर ब्लॉक के औद्योगिक विकास को भी और अधिक गति मिलेगी।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में कई प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन पर मिला पुरस्कार

- फेस पेंटिंग, पारंपरिक वेशभूषा एवं एकल तथा समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन
- समारोह के मुख्य अतिथि हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन अनुपम 2025 में शनिवार को प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें फेस पेंटिंग, पारंपरिक वेशभूषा एवं एकल तथा समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा पुरस्कार वितरण किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने महाविद्यालय की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। विधायक शर्मा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सोच के साथ महाविद्यालय में उपलब्ध अकादमिक सुविधाओं का उपयोग कर राष्ट्र का चहुमुंखी विकास के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय को उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए उन्होंने प्रतिबद्धता व्यक्त की।




### विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं ट्रैक सूट दिए

डॉ. सतीश कुमार के निर्देशन में क्रीड़ा एवं एवं देवेंद्र पटेल के निर्देशन में एनसीसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं ट्रैक सूट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. एसके मल्होत्रा ने किया। आभार छात्र संघ प्रभारी एवं परामर्शदाता डॉ. राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समिति की संयोजक डॉ. अनीता मंडलोई, डॉ. नीतू लाचौरिया, नेहा शर्मा एवं समितियों के संयोजक एवं सदस्यों का योगदान रहा।

## जीआईएस में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टर, एंबुलेंस रहेगी तैनात

- आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं के लिए 50 से अधिक 108 एंबुलेंस वाहन ड्यूटी स्थल के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में 24 व 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम में चिकित्सा व्यवस्थाओं के लिए चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और एम्बुलेंस को निर्धारित कर्तव्य स्थलों पर ड्यूटी के लिए तैनात कर दिया गया है।

सीएमएचओ भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने शनिवार को 50 से अधिक 108 एंबुलेंस वाहनों को जिला जयप्रकाश चिकित्सालय से उनके ड्यूटी स्थल पर रवाना किया। इनमें एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट वाहन शामिल है। ये सभी एम्बुलेंस वीवीआईपी कारकेड, मुख्य कार्यक्रम स्थल, एयरपोर्ट, पार्किंग स्थल, टेंट सिटी सहित प्रमुख चौराहों एवं रास्तों पर पूरे समय मौजूद रहेंगी। अन्य जिलों से भी 108 एंबुलेंस बुलाई गई हैं।

### अलग-अलग नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

विभाग द्वारा समिट के दौरान चिकित्सा व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी क्लीनिकल कार्य, परिवहन संबंधी कार्य, समन्वय सहित विभिन्न कार्यों की देखरेख कंट्रोल रूम के संपर्क में रहकर करेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर अत्याधुनिक चिकित्सा इकाई स्थापित की गई है। यहां पर आईसीयू बेड्स, कार्डियक डिफिब्रिलेटर, ऑक्सीजन, ईसीजी, मल्टी पैरा मॉनिटर, बीपी एंड ब्लड ग्लूकोज सहित तमाम आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम स्थल व टेंट सिटी में पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था रहेगी।

## विभागीय मंत्री के दिए गए आश्वासन की पूर्ति उसी सत्र में सुनिश्चित हो: एपी सिंह

*विधानसभा प्रमुख सचिव ने कहा: सत्रावधि में अधिकारी व मंत्री सहायक अलर्ट मोड में रहें*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

राजधानी स्थित राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और मंत्रियों की निजी स्थापना में कार्यरत विशेष सहायक, निज सचिवों के लिए संसदीय पद्धति एवं प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधानसभा प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि जहां विधायिका की भूमिका कार्यपालिका की नीतियों का विश्लेषण करने के साथ उसे आवश्यकतानुसार विधान एवं सार्वजनिक धन उपलब्ध कराना है, वहीं कार्यपालिका का दायित्व जन-कल्याण की योजनाओं को कार्यान्वित करने के संबंध में विधान सभा के सदस्यों द्वारा विभिन्न माध्यमों से चाही गई जानकारी तत्परता से उपलब्ध कराना भी है। संवैधानिक प्रावधान के तहत विधायिका द्वारा सत्रावधि में प्रश्न, ध्यानाकर्षण, स्थगन व अन्य माध्यमों से चर्चा द्वारा शासन के कार्यों पर नियंत्रण रखा जाता है, वहीं जन-समस्याओं का समाधान भी किया जाता है। विधानसभा सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण या आश्वासनों पर जानकारी तत्परता से उपलब्ध कराई जाना विभाग की सक्षमता का द्योतक है। सत्रावधि में अधिकारी, मंत्रीगण के सहायकों को भी अलर्ट मोड पर काम करना चाहिए।

### तत्परता से उपलब्ध कराना शासन के विभाग के पक्ष में ही रहता है

सिंह ने कहा कि जन-समस्याओं या घटित घटनाओं या लोकहित के विषय के संबंध में सदस्यों द्वारा स्थगन प्रस्ताव या ध्यानाकर्षण की सूचना दी जाती है, जिस पर जानकारी के लिए विधान सभा सचिवालय द्वारा शासन के विभागों से पत्राचार किया जाता है। यदि विभाग तत्परता से शासन द्वारा की गई कार्यवाही एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्रदान करता है, तो सदस्य द्वारा अपनी सूचना में दिए गए तथ्य एवं शासन से प्राप्त जानकारी के विश्लेषण के आधार पर अध्यक्ष द्वारा उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का निर्णय लिया जाता है।

## न्याय हमारी आत्मा में बसना चाहिए, बेहतरी के लिए काम करें: जस्टिस माहेश्वरी

# लोक अभियोजन न्याय प्रणाली की प्रमुख कड़ी, पीड़ितों को न्याय दिलाने करें काम: मुख्यमंत्री

*न्याय प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन में मददगार बनें: चीफ जस्टिस कैत*

*नए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम*



विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अभियोजन अधिकारियों की न्याय प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। न्यायालय, पुलिस और अभियोजन मिलकर पीड़ित को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय, शासन, प्रशासन और अभियोजन के आपसी समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. यादव शनिवार को कान्हासैंया स्थित केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 210 से अधिक नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जेके माहेश्वरी, मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत एवं मप्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस विवेक अग्रवाल के साथ दीप प्रज्जवलित कर इस 45 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए हर प्रबंध करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए अपराधिक कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सरकार हर जरूरी प्रबंध करेगी और न्याय तंत्र को बेहतर बनाने के लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि देश में सुशासन स्थापित करने में हमारी न्यायपालिका की अत्यंत सराहनीय भूमिका है। लोक अभियोजन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे पीड़ितों को अपनी युवा ऊर्जा, मेधा से तत्परतापूर्वक न्याय दिलाएं।



### कोर्ट में अधिवक्ताओं और अभियोजकों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था की मांग

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जेके माहेश्वरी ने कहा कि न्याय पाना सबका अधिकार है। यह हमारा मानवीय अधिकार भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से ई-कोर्ट और ई-लाईब्रेरी सहित कोर्टस में अधिवक्ताओं और अभियोजकों की समुचित बैठक व्यवस्था के लिए प्रबंध किए जाने की मांग रखी। माहेश्वरी ने कहा कि न्याय पाने की मंशा हमारी आत्मा में, हमारे दिलों में बसना चाहिए। सम्राट विक्रमादित्य ने भी अपनी न्याय प्रणाली से सबके दिलों में न्याय प्रणाली के प्रति आस्था जागृत की थी। सरकार की महिमा उसकी न्याय प्रणाली की बेहतरी से ही दृष्टिगोचर होती है। नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अपने कौशल को सुधारें और न्याय प्रणाली की बेहतरी केलिए काम करें।

### अभियोजन अधिकारी न्याय प्रणाली की प्राथमिक कड़ी

विशेष अतिथि मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने कहा कि अभियोजन अधिकारी न्याय प्रणाली की प्राथमिक कड़ी हैं। वे जो साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे, उसी से केस की मजबूती तय होगी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य लेकर आने की जिम्मेदारी अभियोजन की होती है। इसीलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए अभियोजन अधिकारी समर्पित होकर अपने कर्तव्य को अंजाम दें। दोष सिद्धि दर बढ़ाएं, जिससे अपराधियों को सजा मिले। जस्टिस श्री कैत ने कहाकि अभियोजन अधिकारियों को न्याय प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन और सत्य की खोज में न्यायाधीशों का मददगार बनना चाहिए।

### लोक अभियोजक न्याय और परिवर्तन लाने के ध्वजवाहक

विशिष्ट अतिथि मप्र होईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक अग्रवाल ने कहा कि लोक अभियोजक समाज में न्याय और परिवर्तन लाने के ध्वजवाहक हैं। दोषियों को सजा दिलाने में उनकी अहम भूमिका होती है। अभियोजन की सफलता में परफेक्शन जरूरी है, इसलिए नए अभियोजन अधिकारी अपने ज्ञान को अपडेट करें, संवेदनशील बनें, प्रलोभन से बचें और अपने पद एवं आचरण की शुचिता बनाए रखकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया ने सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम की उद्देश्यिका एवं संक्षेपिका का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 45 दिन तक चलेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# जीआईएसः सबसे सुंदर गांव खारी में दाल-बाफले खिलाकर करेंगे विदेशी मेहमानों की आवभगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल से मधुरिमा राजपाल/सीहोर से जुगल किशोर पटेल

मप्र मुख्यतः ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति से सम्पन्न प्रदेश है, ऐसे में यहां आने वाले देशी-विदेशी मेहमानों को न केवल हेरिटेज साइट्स का विजिट कराया जाएगा, बल्कि वह प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति से भी रुबरु होंगे। अंतरराष्ट्रीय मेहमानों को प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति से परिचित कराने भोपाल से 40 किमी दूर सबसे सुंदर गांव खारी भी ले जाया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में 24 और 25 फरवरी को आने वाले देशी-विदेशी मेहमानों की प्रदेश के सबसे सुंदर गांव खारी में आवभगत होगी। यहां होम स्टे में उन्हें ठहराया जाएगा। मालवा की दाल बाफला और दाल बाटी, लड्डू खिलाए जाएंगे। साथ ही खपरैल छत, कच्ची दीवारें और गोबर से लीपे हुए फर्श के मकानों की मेहमानों को विजिट कराई जाएगी। एमपी टूरिज्म की खारी प्रोजेक्ट मैनेजर प्रियंका सिन्हा ने इन होम स्टे को और बेहतर तरीके से तैयार कराया है।



**प्रदेश की संस्कृति से परिचित कराने होम स्टे के कमरों में मेहमानों के लिए रखे जाएंगे दो क्यूआर कोड**

**प्रदेश के सबसे खूबसूरत गांव खारी में करीब दो साल में 15 से अधिक देशों से आ चुके हैं टूरिस्ट**



### खारी गांव में पर्यटकों के लिए ये गतिविधियां उपलब्ध

- बैलगाड़ी की सवारी
- गांव की गलियों में टहलना
- टोकरी बनाना और चटाई बुनना
- कुम्हार के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाना
- किस्सा गोई, या कहानी सुनाना
- माता महल का पहाड़ी इलाके से दिखेगा सुंदर सूर्योदय
- भोपाल से 40 किमी दूर, सीहोर जिले में बसे खारी गांव में आगंतुकों के लिए जनजातीय परंपराओं और गतिविधियों का एक अनूठा मिश्रण है। इस गांव में माता महल का पहाड़ी इलाके से जहां सुंदर सूर्योदय देखने के मिलेगा, वहीं रॉक शेल्टर और पेंटिंग्स भी प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ाती हैं। इसके साथ गांव के आस-पास भीमबैटका रॉक शेल्टर, सांची स्तूप, केसला बांध पर मेहमानों को घुमाया जा सकता है।

### भजन और गांवों के किस्सों से रूबरू होंगे अतिथि

देशी-विदेश मेहमानों का पारंपरिक तरीके से रोली-चंदन का तिलक और चावल लगाकर स्वागत किया जाएगा। 82 साल के भंवर गौर यहां आने वालों को रामायण से संबंधित भजन, गांव के किस्से आदि सुनाएंगे।

### दीवार पर पेंटिंग और स्वच्छ वातावरण

होम स्टे चलाने वाले अर्जुन सिंह गौर, ओमप्रकाश मारन, मुकेश गौर, कमलेश गौर, अजय गौर और हेमराज गौर का कहना है कि खारी गांव भोपाल से सिर्फ 35 किमी दूर है। होम स्टे तैयार करने में यह पूरी ध्यान रखा है कि रुकने वाले का प्राकृति और गांव के जुड़ाव रहे। इसमें लकड़ी की कुर्सी, खिड़कियां, दरवाजे, मिट्टी की दीवारें, अलमारी, आले, दीवार पर फ्री हैंड पेंटिंग गांव का अहसास कराता है। एक स्टे को बनाने में सात से आठ लाख रुपए का खर्च आता है।

### फॉर्म टू प्लेट के लिए ऑर्गेनिक खेती

स्टे संचालन के लिए गांव के सदस्यों ने एक समिति बनाई है। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मारण ने बताया कि लोग यहां गांव का अनुभव करने आते हैं। फॉर्म टू प्लेट यानि लोग भोजन के लिए खेत से खुद सब्जी तोड़ते हैं। इसके लिए स्टे के पास में ही सब्जी लगा रखी है। यहां बिना रासायनिक खाद के सब्जी उगाते हैं। कई लोग खुद चूल्हे पर खाना बनाने का अनुभव भी लेते हैं। दो साल में 15 से अधिक देशों से टूरिस्ट आ चुके हैं।

### वेबसाइट से भी होती है बुकिंग

कमलेश गौर ने बताया कि यहां स्टे के लिए मप्र पर्यटन (एमपीटी) और एमएमटी की वेबसाइट से बुकिंग की जा सकती है। भोपाल और सीहोर से रेलवे स्टेशन से करीब 35 किमी दूर स्थित खारी के लिए सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। इसके लिए दोनों जगह से टैक्सी बुक कर सकते हैं। हालांकि कई लोग स्वयं के वाहन से आते हैं। होम स्टे ऑनर के मोबाइल पर सीधे कॉल करके भी बुकिंग कर सकते हैं।



**आगंतुकों को टूरिज्म विभाग की जानकारी हासिल होगी**

पर्यटन विभाग द्वारा जीआईएस में आए प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मेहमान के कमरे में दो क्यूआर कोड भी रखे जाऐंगे। जहां एक क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एमपी टूरिज्म विभाग की वेबसाइट ओपन होगी और आगंतुकों को टूरिज्म विभाग की जानकारी हासिल होगी। वहीं दूसरे क्यूआर कोड के जरिए 'डिस्कवरी ऑफ एमपी' लिंक ओपन होगी जिससे मप्र के गठन, स्थापना के साथ साथ प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और सभ्यता से टूरिस्ट अवगत हो पाएंगे।

---

**पीएम विजिट को लेकर हाई अलर्ट पर भोपाल**

# हाईराइज बिल्डिंग पर दूरबीन से लैस रहेंगे स्नाइपर्स, एंटी ड्रोन सिस्टम किया इंस्टॉल

**काफिले के गुजरने वाले रूट पर डेढ़ हजार मकानों का किया गया वेरिफिकेशन**

**ब्लू बुक के प्रोटोकॉल के तहत एसपीजी का सिक्योरिटी प्लान**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 24 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। जीआईएस का आयोजन मानव संग्रहालय में किया जाना है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रधानमंत्री रविवार रात को राजभवन में रुकेंगे और सोमवार को मानव संग्रहालय में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सुरक्षा व्यवस्था के चलते राजभवन और प्रधानमंत्री के रूट में आने वाले करीब डेढ़ हजार मकानों का वेरिफिकेशन करवाया गया है। वहीं हाइराईज बिल्डिंगों पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। इन इमारतों पर स्नाइपर्स को भी तैनात किया जा रहा है। वे ऊंची इमारतों से दूरबीन के माध्यम से प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेंगे। एंटी ड्रोन सिस्टम कार्यक्रम स्थल और उनके रूट पर लगाया जा रहा है। यह सिस्टम किसी भी तरह के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को मार गिराने में कारगर है।

## 25 आईपीएस समेत 5500 जवान सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे तैनात

वीवीआईपी की पहली लेयर में एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) कमांडो, दूसरी लेयर में आईपीएस और तीसरी लेयर में पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। कार्यक्रम की निगरानी एडीजी स्तर के अधिकारी करेंगे। 25 आईपीएस और 5500 जवान पीएम कार्यक्रम की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं।

### थ्री लेयर की सुरक्षा, 100 तंबुओं की टेंट सिटी

राजधानी में दो दिन तक चलने वाली समिट को लेकर मेहमानों के ठहरने के लिए शहर की 50 होटलों में इंतजाम किए हैं। जिसमें प्रधानमंत्री के साथ करीब दो दर्जन देशों के राजनयिक आएंगे। इसके साथ ही दर्जन भर से अधिक देशों के उद्योगपति भी भोपाल आने वाले हैं। मेहमानों के ठहरने के लिए शहर की 50 होटलों में इंतजाम किए गए हैं। साथ ही 100 तंबुओं की टेंट अस्थाई सिटी भी बनाई गई है।

### पांच थानों की सीमाओं से गुजरेगा पीएम का काफिला

पीएम मोदी के काफिले का रूट 15 किमी का होगा। यह रूट नो फ्लाइंग जोन रहेगा। ड्रोन उड़ाना भी प्रतिबंधित है। उनका काफिला 5 थाना क्षेत्रों की सीमा से होता हुआ गुजरेगा। इनमें कोहेफिजा, गांधी नगर, तलैया, श्यामला हिल्स और अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र शामिल हैं। सबसे लंबा रूट कोहेफिजा थाना क्षेत्र का होगा।

### राजाभोज एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय तक हुई पीएम के काफिले की रिहर्सल

एसपीजी ने पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर कमान संभाल ली है। 23 और 24 फरवरी को प्रधानमंत्री जिन कार्यक्रमों में शामिल होंगे, उन सभी कार्यक्रमों की मुख्य सुरक्षा एसपीजी ने हाथों में रहेगी। पूरी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था ब्लू बुक के प्रोटोकाल के अनुसार ही रहेगी। शुक्रवार को एसपीजी ने एयरपोर्ट से लेकर राजभवन, इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय तक के रोड पर रिहर्सल की। इस दौरान 15 मिनट के लिए रिहर्सल रूट का यातायात ब्रेक किया गया। यातायात रोकने कई जगह बेरीकेड्स भी लगाए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एसपीजी की यह परफेक्ट रिहर्सल थी। समिट के दौरान कार्यक्रम स्थल और आसपास 500 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। जिससे पुलिस हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखेगी। आसपास के जिलों होशंगाबाद, राजगढ़, सीहोर, विदिशा और रायसेन में पुलिस ने होटलों और लॉजों में चेकिंग अभियान चलाया है।

### 12 बम स्क्वायड टीम व पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने 5 हजार से अधिक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। होमगार्ड, एसएएफ की 5 कंपनी, एटीएस, एसटीएफ और हॉक फोर्स की टुकड़ियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी, इसके अलावा 12 बम स्क्वायड की टीम को तैनात कर दिया है, जो वीवीआईपी के रुकने और कार्यक्रम स्थल की चेकिंग कर रही है। थाना पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल है।

### समिट में पंद्रह कलर के कार्ड से मिलेगी एंट्री

समिट में आने वाले लोगों के लिए 15 कलर के प्रवेश कार्ड से अतिथियों, आयोजकों, मीडिया और विशिष्ट अतिथियों को प्रवेश मिलेगा। विशिष्ट अतिथियों को सुनहरे रंग के प्रवेश कार्ड से प्रवेश मिलेगा। साथ ही निवेशकों और वीवीआईपी के लिए विभिन्न प्रकार के वाहन पास जारी किए जाएंगे।



**देशी-विदेशी डेलीगेट्स के लिए 50 ई-बसें**

## राजाभोज एयरपोर्ट पर मेहमानों के लिए तीन वीआईपी लाउंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समिट के लिए राजा भोज एयरपोर्ट पर वीवीआईपी लोगों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत भोपाल एयरपोर्ट पर मेहमानों के लिए 3 वीआईपी लाउंज बनाए जाएंगे। राजा भोज विमानतल के डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि जीआईएस में कुछ उद्योगपति अपने स्पेशल विमान से आएंगे।

कुछ उद्योगपति नियमित विमानों से भोपाल पहुंचेंगे। इसके साथ विदेश से आने वाले कुछ निवेशक इंदौर एयरपोर्ट पर भी उतरेंगे। इन लोगों को भोपाल लाने के लिए छोटे विमानों की व्यवस्था की गई है। देशी-विदेशी डेलीगेट्स के लिए 500 कार, 50 ई-बस और शटल बसें तैयार रहेंगी। कार्यक्रम स्थल पर 80 गोल्फ कार्ट रहेंगी, जो डेलीगेट्स को डोम तक पहुंचाने और लाने का काम करेगी।



### मेहमानों को परोसी जाएंगी 50 स्पेशल डिश

समिट में आने वाले मेहमानों के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड एक अनोखा मेन्यू तैयार किया है, जिससे विदेशी और भारतीय मेहमानों को मध्य प्रदेश के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन परोसे जा सकें। जिसमें मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की पारंपरिक और लोकप्रिय डिशेस शामिल होंगी। कुल 50 तरह के व्यंजन परोसे जाएंगे, जिनमें इंडियन, कॉन्टिनेंटल और चाइनीज जैसे इंटरनेशनल फूड भी रहेंगे। मप्र पर्यटन विकास निगम के कॉर्पोरेट शेफ सिद्धार्थ बीरेंद्र का कहना है कि मेन्यू को विदेशी मेहमानों की पसंद के हिसाब से तैयार किया गया है।

---



24 और 25 फरवरी को होने वाली समिट को लेकर शहर की सड़कों से हटाई जा रही धूल, पानी का किया जा रहा छिड़काव

**दीवारों पर पेंटिंग, सड़कों पर लाइटिंग, फव्वारों की सजावट**

## देश और विदेश के मेहमानों के लिए दुल्हन की तरह सजी राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में होने जा रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देश और विदेश के मेहमानों के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इकबाल मैदान, गौहर महल और सदर मंजिल की खूबसूरती तो देखते ही बन रही है। यहां नवाबी शान भी झलक रही है।

लालघाटी चौराहे पर ट्रैफिक निकालने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। यहां सड़कों के डिवाइडर्स की पुताई भी की गई है। इसके साथ ब्रिज की दीवारों पर पेंटिंग की गई है। इसके साथ वीआईपी रोड का नजारा तो देखते ही बन रहा है। शनिवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया और निर्देश दिए कि कोलार तिराहे से भदभदा चौराहा तक साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। बता दें कि जीआईएस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अडाणी, अंबानी, टाटा समेत अनेक उद्योगपति शामिल होंगे।



### निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण

निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायन ने शनिवार को लिंक रोड नंबर एक से दो, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, पालिटेक्निक, कमला पार्क, रेतघाट, इकबाल मैदान, फतेहगढ़, हमीदिया अस्पताल, रायल मार्केट, जीएडी फ्लाई ओवर, कलेक्ट्रेट, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, एयरपोर्ट, वीआईपी रोड, लाड़ली लक्ष्मी पथ, भारतमाता चौराहा, पीएंडटी चौराहा, माता मंदिर, चार इमली क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

### सांस्कृतिक विरासत की दिखेगी झलक

समिट में निवेशकों, उद्योगपतियों और अतिथियों को प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराने के लिए विशेष रूप से संयोजित अमृत्य मध्यप्रदेश नृत्य नाटिका पेश की जाएगी। इसके साथ ही आयोजन स्थल में प्रदेश के पारंपरिक और स्थानीय लोकनृत्य, मटकी नृत्य, करमा जनजातीय नृत्य पेश करेंगे।



# रेलवे ने दो दर्जन से अधिक ट्रेनों को किया निरस्त

▶ कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किए, इससे श्रद्धालुओं की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल ने महाकुंभ मेला 2025 के मद्देनजर कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। प्रशासनिक और परिचालन कारणों से भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसमें करीब 24 ट्रेनें शामिल हैं। तो वहीं डेढ़ दर्जन से अधिक ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। शाही स्नान के बीच इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों के निरस्त किए जाने से भोपाल मंडल के हजारों श्रद्धालुओं परेशानी बढ़ेगी। तो वहीं दूसरी ट्रेनों में इसका लोड़ बढ़ेगा। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे असुविधा से बचने के लिए रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा 139 से ट्रेनों की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके ही यात्रा की योजना बनाएं।

## इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

- गाड़ी संख्या 01025 (दादर-बलिया) 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 01027 (दादर-गोरखपुर) 25 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 11055 (लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर) 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 11059 (लोकमान्य तिलक ट.-छपरा) 25 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 11081 (लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर) 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12141 (लोकमान्य तिलक ट.-पाटलिपुत्र) 25 एवं 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12142 (पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक ट.) दिनांक 26 एवं 27 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12149 (पुणे-दानापुर) दिनांक 25 एवं 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12321 (हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज ट.) 25 एवं 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12941 (भावनगर टर्मिनस-आसनसोल)25 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19045 (सूरत-छपरा) 23,24,26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19046 (छपरा-सूरत) 25,26,28 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19483 (अहमदाबाद-बरौनी) दिनांक 22 से 26 फरवरी तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19484 (बरौनी-अहमदाबाद) 24 से 28 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19489 (अहमदाबाद-गोरखपुर) 25 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19490 (गोरखपुर-अहमदाबाद) 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20903 (एकता नगर-वाराणसी) 25 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20904 (वाराणसी-एकता नगर) 27 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20961 (उधना-बनारस) 25 फरवरी को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20962 (बनारस-उधना) 26 फरवरी को निरस्त रहेगी।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पर्यावरण सम्मेलन आयोजित, हुआ मंथन

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ टोपे जिला पर्यावरण गतिविधि के तहत विश्व संवाद केन्द्र, शिवाजी नगर में जिला पर्यावरण सम्मेलन हुआ। इसमें जिले की पर्यावरण गतिविधि से जुड़े कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य वक्ता मौसम केन्द्र भोपाल के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश चंदेल एवं जिला कार्यवाह यशवंत फोपली रहे। सम्मेलन में प्रांत जल आयाम प्रमुख डॉ. गुरुदत्त मिश्रा, जिला पर्यावरण संयोजक शैलेन्द्र कुमार नायक, कमलेश गुप्ता विभाग सह संयोजक पर्यावरण संरक्षणविद दीपक उपाध्याय, मातृशक्ति प्रमुख नीलम धन्ना, धार्मिक संस्थान प्रमुख सुषमा विछोतिया, पेड़ आयाम प्रमुख हितेंद्र विछोतिया, शैक्षिक संस्थान प्रमुख ललिता यादव, एनजीओ प्रमुख रविन्द्र खैरह, जल आयाम प्रमुख बी. एल मालवीय आदि ने संबोधित किया।

## 15 लाख रु. की रिश्वत से रेलवे में खलासी के पद पर नियुक्ति, सीबीआई ने 6 के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंडियन रेलवे में रिश्वत देकर नौकरी पाने के मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ मामला कायम किया है। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें 3 रेल कर्मचारी, एक उम्मीदवार और शेष दो अज्ञात आरोपी हैं। सीबीआई ने पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के सतर्कता विभाग की शिकायत और सिफारिश पर इन सबी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर के अधीन आने वाले कोटा डिवीजन के गुड्स ट्रैन मैनेजर राजेंद्र कुमार मीणा, इलेक्ट्रिकल विभाग में सहायक टीआरडी सपना मीणा, टेक्निकल विभाग में कार्यरत चेतराम मीणा और लक्ष्मी मीणा के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज की गई है। सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि कोटा में तैनात असिस्टेंट टीआरडी सपना मीणा ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर रेलवे की नौकरी पाने के लिए धांधली की। इसके तहत उसने डमी उम्मीदवार की मदद ली, जिसने उसके स्थान पर रेलवे भर्ती परीक्षा दी।

## पटवारी ने मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों को लिखे अलग-अलग पत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सीएम को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में हुए निवेश समझौतों की वास्तविकता पर श्वेत पत्र जारी करने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने उद्योगपतियों को दो अलग-अलग पत्र लिखे है। पटवारी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि समिट पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हर बार हजारों करोड़ के निवेश व लाखों रोजगार की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश एमओयू कागजों तक ही सीमित हैं।

## आर्च ब्रिज से छोटे तालाब में कूदा युवक, डूबने से मौत

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र गिन्नौरी इलाके में शनिवार सुबह आर्च ब्रिज से युवक ने छोटे तालाब में छलांग लगा दी। नगर निगम के गोताखोरों ने युवक को बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे एक युवक आर्च ब्रिज पर पहुंचा। कुछ लोगों ने उसे पुल की रेलिंग पर चढ़ते देखा तो पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि युवक ने खुद को छुड़ाया और पानी में कूद गया। मौके पर मौजूद नगर निगम के गोताखोर फौरन झील में कूदे लेकिन तब तक युवक काफी गहरे पानी में चला गया था। शव के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान शाहजहांनबाद निवासी नरेन्द्र सिकरवारे (29) के रूप में हुई है।

## पटवारी एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप

**भोपाल।** इंदौर ईओडब्ल्यू की टीम ने पीथमपुर में पटवारी को एक लाख की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। आरोपी पटवारी ने निरीक्षण स्थल रिपोर्ट देने के लिए 3 लाख रुपए की डिमांड की थी। पूरा मामला यह है कि देवेन्द्र नरवरिया निवासी इंदौर की मां और मामा की जमीन पीथमपुर में है। उनका जमीन की निरीक्षल स्थल रिपोर्ट निकलवानी थी, जिसके लिए पटवारी प्रशांत त्रिपाठी ने 3 लाख रूपए की मांग की। एक लाख रुपए एडवांस ले भी लिए। देवेन्द्र ने मामले की शिकायत इंदौर ईओडब्ल्यू कार्यालय में की। शिकायत के सत्यापन के बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने बुरहानपुर में शिकायतकर्ता की कार में बैठकर 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रेप कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## जैकेट का शेष

### मप्र अब एक 'नई उड़ान'...

से मिलेगा। हमारे किसान भाइयों की आमदनी दोगुना करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेकों योजनाएं चल रही हैं। मप्र सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। राज्य सरकार बहनों, बेटियों व माताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उनकी बेहतरी के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। लाड़ली बहना योजना की राशि तीन हजार रुपए तक ले जाएंगे।

### सवालः आपने युवा दिवस ...

कामयाब हो जाएंगी। माताओं, बहनों को पैसा देने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था नहीं डगमगाएगी। इसका इंतजाम मैं पहले से ही करके रखता हूं। मप्र इतना सशक्त है कि वह माताओं, बहनों, किसानों व युवाओं से लेकर हर वर्ग की खुशियों को पूरा कर सकता है। आने वाले निवेश से इन योजनाओं का कोई संबंध नहीं है।

**सवाल:** यूके, जर्मनी और जापान निवेश को तैयार हैं? क्या 'आउट ऑफ वे' पॉलिसी लागू करेंगे?

**जवाब:** जापान तो पहले से ही निवेश करता है। उसकी योजना अपने निवेश को और बढ़ाने की है। तीनों देशों की यात्राओं में जिस तरह से निवेशकों का रूझान रहा है, इससे लगने लगा है कि बड़े पैमाने पर निवेश होगा। निवेशकों के लिए सरकार सभी तरह की सुविधा दे रही है। ईंज ऑफ डूईंग बिजनेस कांसेप्ट के साथ कई तरह के नियमों का सरलीकरण किया गया है। निवेशक यदि ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योग लगाएंगे तो सरकार नियमों में भी सहूलियतें देकर उनकी मदद करने के लिए तैयार है।

**सवाल:** मप्र में स्टार्ट अप को नई अर्थव्यवस्था की रीढ़ कब तक बना लिया जाएगा?

**जवाब:** नई स्टार्ट-अप नीति बन जाने से जीआईएस-2025 प्रदेश को ग्लोबल स्टार्ट-अप हब के रूप में स्थापित करने का बड़ा अवसर साबित होगी। युवा उद्यमियों को ग्लोबल मंच मिलेगा और लाखों रोजगार सृजित होंगे। वर्तमान में सक्रिय स्टार्ट-अप्स की संख्या 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे 1.10 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार 100 करोड़ रुपए का सीड कैपिटल फंड स्थापित कर रही है। नई नीति में राज्य में मेगा इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इनसे स्टार्ट-अप्स को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और ग्लोबल बाजार तक पहुंचने में सहायता प्रदान करेंगे। नई नीति में बौद्धिक संपदा सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए घरेलू पेटेंट के लिए 5 लाख और अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट के लिए 20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे वातारण में हम अपने लक्ष्य को जल्दी ही हासिल कर लेंगे।

### राष्ट्रीय मानव ...

सारंग, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी सहित व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### विमान की 'टूटी सीट'...

की फ्लाइट में सीट बुकिंग कराई। शिवराज ने इसी टूटी सीट पर भोपाल से दिल्ली का सफर पूरा किया और एयर इंडिया पर सुविधाओं को लेकर जमकर नाराज हुए। उन्होंने इस घटना को अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर सबके सामने रखा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की शिकायत के बाद विमानन कंपनी एयर इंडिया ने माफी मांगी है। एयर इंडिया ने कहा कि आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कृपया निश्चिंत रहें कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए इस मामले को ध्यान से देख रहे हैं। कृपया आश्वस्त रहें कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए इस मामले पर सावधानीपूर्वक विचार कर रहे हैं। हम आपसे बात करने का अवसर पाकर प्रसन्न होंगे।

### प्रबंधन को क्रू मेंबर...

धंसी हुई थी। बैठनी तकलीफदायक था। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि जब मैंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं।

### छत का एक हिस्सा...

पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई मामलों के सरकारी सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी विशेष हेलीकॉप्टर से घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

मंत्री ने बताई हादसे की वजहः मंत्री रेड्डी ने कहा कि सुरंग के अंदर एक भौगोलिक दरार के कारण पानी आना शुरू हुआ था, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। अमेरिकी कंपनी के परियोजना प्रबंधक ने इसे सामान्य विकास मानते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया, लेकिन यही छोटी दरार धीरे-धीरे बढ़ गई और अचानक पानी और कीचड़ सुरंग में बहकर आ गए।

**काम के सिलसिले में श्रमिक अंदर गए थे:** एक अधिकारी ने कहा कि घटना तब हुई, जब कुछ श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर एक हिस्से की छत गिर गई। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हताहतों की संख्या नहीं बताई गई। उसमें संकेत दिया गया कि कुछ लोग घायल हुए हैं।

**केंद्रीय मंत्री ने दुर्घटना पर चिंता जताई:** दुर्घटना पर चिंता जताते हुए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने घटना के कारणों की जानकारी ली और अधिकारियों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने को कहा। उनके कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने अधिकारियों से घायलों को उपचार मुहैया कराने को भी कहा।

### पीएम मोदी ने...

कि सुरंग के अंदर आठ श्रमिक फंसे हुए हैं और आवश्यक बचाव कार्य किया जा रहा है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और जुपल्ली कृष्ण राव मौके पर बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने पूरी जानकारी लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी।

### सेना और एनडीआरएफ...

वहां जाऊँगा। हम आठ लोगों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### कार चालक ने...

कि जबलपुर टूर के दौरान मधुर के साथ कुछ अनुचित हुआ होगा। जिससे परेशान होकर उसने सुसाइड जैसा खतरनाक कदम उठा लिया।

### केंद्र एक्शन में...

कुछ प्रावधान तो मौजूद हैं लेकिन इस तरह की हानिकारक सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक सख्त और अधिक प्रभावी कानूनी ढांचे की मांग बढ़ रही है। 20 फरवरी के कार्यालय ज्ञापन में मंत्रालय ने यह भी कहा है कि कई उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय, सांसदों और राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी वैधानिक संस्थाओं ने भी इस मुद्दे पर बात की है। समिति ने 13 फरवरी को मंत्रालय से पूछा था कि नई तकनीक और मीडिया प्लेटफॉर्म के उभरने के मद्देनजर विवादास्पद सामग्री पर लगाम लगाने के लिए मौजूदा कानूनों में क्या संशोधन की जरूरत है? इस मामले में पैनल ने पिछले हफ्ते एक बैठक के दौरान विशेष रूप से इलाहाबादिया से जुड़े मुद्दे को उठाया था, जिसमें सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू भी मौजूद थे। बैठक के बाद समिति ने इस मुद्दे पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन को पत्र लिखा। इस पत्र में कहा गया था कि उपरोक्त और डिजिटल तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से अनुरोध है कि वह इस समिति को ऐसे मामलों से निपटने के लिए मौजूदा कानूनों की प्रभावशीलता और ऐसे प्लेटफॉर्म को कानूनी जांच के दायरे में लाने के लिए मौजूदा कानूनों/आईटी अधिनियम, 2000 में संशोधन की आवश्यकता पर एक संक्षिप्त नोट भेजे।

### टाइगर-चीता स्टेट...

इसके मुताबिक, प्रदेश में अभी 12 हजार 981 गिद्ध हैं। गिद्धों की गणना में घोंसलों के आसपास बैठे गिद्धों एवं उनके नवजातों की गिनती के दौरान कई बातों का ध्यान रखा गया। केवल आवास स्थलों पर बैठे हुए गिद्धों को ही गिना गया। डेटा संकलन का कार्य वन विहार में हुआ।

### सबसे पहले...

2019 की गणना में गिद्धों की संख्या 8 हजार 397, वर्ष 2021 में 9 हजार 446 और वर्ष 2024 में बढ़कर 10 हजार 845 हो गई थी। अब गिद्धों की गिनती साल में दो बार होगी। शीतकालीन गिद्ध गणना 17, 18 और 19 फरवरी को हो चुकी है, जबकि ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 29 अप्रैल को की जाएगी। पहले चरण में गिद्धों की गिनती सुबह 7 से 8 बजे तक हुई। ऐसे स्थान, जहां पर ऊंची क्लिप्स (चट्टान) है, उन स्थानों पर अधिकतम 9 बजे तक गिनती की गई। केवल बैठे हुए गिद्धों की ही गिनती की गई है। भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में व्हाइट रम वल्चर यानी, सफेद पीठ वाले गिद्ध भी हैं। वन विहार में अभी 100 से ज्यादा गिद्ध हैं।

### वन विहार में...

भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में करीब दो साल पहले हरियाणा से सफेद पीठ वाले 20 गिद्ध लाए गए थे। 1100 किलोमीटर की यात्रा करके यह भोपाल पहुंचे थे। वर्तमान में यह गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र की एवरी में है। 20 व्हाइट रम वल्चर (सफेद पीठ वाले गिद्ध) में 5 नर और 5 मादा, 10 सब एडल्ट गिद्ध थे।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

प्रॉपर्टी
खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
BLS-22 to 28-02-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
Smile Train
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.) Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

वैवाहिकी
वधु चाहिए

वधु चाहिए
ब्राह्मण वर्षो से अकेले अधिकारी को अधिकतम 45 वर्ष तक की "जिम्मेदारीमुक्त" महिला साथी चाहिए जाति बंधन नहीं उच्च जाति को प्राथमिकता स्वयं फोन करें.
मो.: 7898132122

वधु चाहिए
विश्वकर्मा (लोहार) 17/09/82 हाइट 6', एमबीबीएस, अविवाहित, डॉक्टर प्राइवेट क्लीनिक हेतु शिक्षित अविवाहित सजातीय अपर कास्ट, वधु चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा।
सम्पर्क करे 9131453175

मांगलिक वधु चाहिए
32 वर्षीय, 5'4" अग्रवाल/ ग्रेजुएट, बिलासपुर में दुकान व घर है, छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश से हिंदी भाषी अविवाहित कन्या चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें।
6232014944

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5787



■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -5786 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |

## सूडोकु नवताल- 5797

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5796 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# सोना या शेयर... कहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद?

- दोनों के 20 साल के रिटर्न से समझें पूरी रणनीति
- सोने की कीमतों में 2023-2025 में बढ़ोतरी जारी
- भू-राजनीतिक तनाव से कीमतें प्रभावित हुईं
- सोने व सेंसेक्स ने पिछले 20 वर्षों में समान रिटर्न दिया

सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

वर्ष 2023 से सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई है, जो 2025 में भी जारी है। ये बढ़ोतरी भू-राजनीतिक तनावों, मुद्रास्फीति और शेयर बाजार की गिरावट के कारण हुई है। पिछले 20 वर्षों में सोना और सेंसेक्स ने समान रिटर्न दिया है, जिससे दोनों निवेशों की अहमियत स्पष्ट होती है। सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई।

2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।



### इस बात को भूल जाते हैं लोग

अंतराष्ट्रीय सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में होती है। डॉलर में किसी भी मजबूती का मतलब भारतीय रुपए में कमजोरी है। ऐतिहासिक रूप से रुपए ने डॉलर के मुकाबले मूल्य खोया है। इसलिए जब रुपया कमजोर होता है तो सोने का मूल्य बढ़ता है। यह सोने के भारतीय रुपए-मूल्यवर्ग के रिटर्न को बढ़ाता है। भारतीय निवेशकों के लिए सोने में अतिरिक्त रिटर्न (सालाना 2% और 3% के बीच) रुपए के अवमूल्यन से आया है।

### इसलिए डायवर्सिफिकेशन जरूरी

सोना और स्टॉक अलग-अलग प्रकार के निवेश हैं, उन्होंने दो दशकों में समान रिटर्न प्रदान किया है। एक दूसरे से बेहतर हैं या नहीं यह बाजार की स्थितियों, जोखिम की भूख और निवेश लक्ष्यों पर निर्भर करता है। इक्विटी और बॉन्ड के साथ सोने में अच्छा निवेश कॉन्सेंट्रेशन रिस्क को कम करते हुए पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करता है। कुल मिलाकर आपके एसेट एलोकेशन के हिस्से के रूप में दोनों का सही अनुपात में होना जरूरी है।

### सोने में तेजी की वजह क्या?

2020 के बाद भू-राजनीतिक तनाव ने सोने की कीमतों को हवा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दरों में कटौती के अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और चीन-ताइवान के बीच बढ़ते तनाव के चलते सोने की कीमतें बढ़ी हैं। इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी से वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है। ट्रंप की टैरिफ नीतियां व्यापार युद्ध शुरू कर सकती हैं। इसका वैश्विक मुद्राओं पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। सोने का भाव देश में 89 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। कुछ समय पहले बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स भी 25 सितंबर, 2024 को पहली बार 85,000 के स्तर को पार कर गया था। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को 85,978 के सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। यह 85,571 पर बंद हुआ था, जो अब तक का सबसे ऊंचा लेवल है। आइए देखते हैं कि पिछले 20 वर्षों में रिटर्न के मामले में दोनों में किसने बाजी मारी है।

### किसने मारी बाजी?

2005 में सेंसेक्स 8,000 पर था। वहीं, सोना लगभग 7,000 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 2025 में सोना और सेंसेक्स (29 सितंबर, 2024) दोनों 85,000 रुपए को पार कर गए। दोनों के बीच यह स्तर छूने में चार महीने का अंतर रहा। हालांकि, एक लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट व्यू ऐसे अंतरों को दूर करता है। चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) फॉर्मूला का इस्तेमाल करते हुए दोनों एसेट्स ने पिछले 20 सालों में 12% से 13% का वार्षिक रिटर्न दिया है। क्या यह एक अद्भुत संयोग नहीं है? लेकिन एक बात है, जिसे लोग अक्सर भूल जाते हैं।

# एसबीआई जन निवेश की 250 रुपए वाली एसआईपी कितनी बेहतर होगी

तैयारी
बिजनेस डेस्क

- इस योजना में कितना मिलेगा रिटर्न, किस स्कीम में जाएंगे आपके पैसे
- निवेश करने से पहले इस स्कीम के पिछले आंकड़े जांचें

एसबीआई म्यूचुअल फंड ने हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ मिलकर जन निवेश एसआईपी लॉन्च की है, जिसके जरिये सिर्फ 250 रुपए की मंथली एसआईपी से निवेश की शुरूआत की जा सकती है। इसे म्यूचुअल फंड में निवेश को आम लोगों के बीच और पॉपुलर बनाने वाला कदम बताया जा रहा है। जो लोग इस जन निवेश एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाना चाहते हैं, उनके मन में पहला सवाल होगा कि इसमें निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की उम्मीद की जा सकती है। इस सवाल का जवाब जानने के लिए सबसे पहले तो यह मालूम होना चाहिए कि जननिवेश एसआईपी के जरिये जमा की जाने वाली हर रकम एसबीआई म्यूचुअल फंड की किस स्कीम में लगाई जाएगी। इसके बाद उस स्कीम के पिछले रिटर्न के आंकड़े यह अंदाजा लगाने में मदद करेंगे कि निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की संभावना हो सकती है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में जाएगी रकम

सबसे पहले बता दें कि जन निवेश एसआईपी से मिलने वाली सारी रकम एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में निवेश की जाएगी, जो एसबीआई म्यूचुअल फंड की एक हाइब्रिड स्कीम है। जैसा कि नाम से जाहिर है, यह एक बैलेंस्ड एडवांटेज फंड है, जिसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड भी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का ही दूसरा नाम है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की क्या है खूबी?

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसके जरिये निवेशकों के पैसों को बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से इक्विटी और डेट में डायनैमिक ढंग से इनवेस्ट किया जाता है। सेबी के नियमों के तहत बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट दोनों की हिस्सेदारी 0 से 100 फीसदी तक कुछ भी हो सकती है। किस वक्त किस एसेट क्लास में कितने पैसे लगाने हैं, यह फैसला पूरी तरह फंड मैनेजर की समझदारी से किया जाता है. अगर मैनेजर को लगता है कि इक्विटी में रिटर्न गिरने वाला है, तो वह फंड को इक्विटी से डेट की तरफ ट्रांसफर कर सकता है और अगर शेयर बाजार में बेहतर रिटर्न की गुंजाइश नजर आती है, तो वह इक्विटी में फंड एलोकेशन बढ़ा सकता है। यानी इस हाइब्रिड फंड में पैसे लगाने पर निवेशकों को इक्विटी और डेट दोनों में निवेश का फायदा मिलने की उम्मीद रहती है।

# निवेश करने के तुरंत बाद मेरे निवेश में गिरावट क्यों हो जाती है शुरू?



सुझाव
संदीप वालुंज

*निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है, इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करना सबसे बेहतर रहता है।*

कई बार यह देखने में आता है कि आप निवेश करें यानी बाजार में पैसा लगाएं और एकदम गिरावट शुरू हो जाए। यह निराशाजनक महसूस करता है जब म्यूचुअल फंड या स्टॉक आपके निवेश के तुरंत बाद गिरने लगते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य की तरह लग सकता है, कई परिहार्य कारक इसमें योगदान करते हैं। निवेशक व्यवहार का दलबार मात्रात्मक विश्लेषण (क्यूएआईबी) लगातार दिखाता है कि व्यक्तिगत निवेशक व्यापक बाजार से कम प्रदर्शन करते हैं। यह काफी हद तक है क्योंकि वे निवेश करने से पहले स्पष्ट संकेतों या सकारात्मक गति की प्रतीक्षा करते हैं, अक्सर गलती करने या लाभ से चूकने के डर से प्रेरित होते हैं। जब तक वे 'निश्चित'



महसूस करते हैं, तब तक बाजार पहले से ही वृद्धि में कीमत लगा चुका होता है, जिससे आगे तत्काल ऊपर की ओर बहुत कम गुंजाइश बचती है। इस प्रवृत्ति और निवेश के परिणामों पर इसके प्रभाव को व्यवहारिक वित्त अनुसंधान द्वारा उजागर किया गया है।

### झुंड मानसिकता

निवेशक अक्सर दूसरों का अनुसरण करते हैं जब वे बढ़ती कीमतों को देखते हैं, यह सोचकर कि यह सुरक्षा का संकेत है। इससे बाजार की चोटियों के समय बड़े पैमाने पर निवेश हो सकता है जब आशावाद उच्चतम होता है, जिससे बाद में करेक्शन की संभावना बढ़ जाती है।

### रीसेंसी बायस

लोग हाल के प्रदर्शन को अनुचित वजन देते हैं। जब कोई स्टॉक या फंड अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो यह सुरक्षित निवेश की तरह लगता है; और लोग जोखिम रेटिंग को अनदेखा करते हैं। जोखिम से बचने वाले कई निवेशक स्मॉलकैप में तब निवेश करते देखे जाते हैं, जब वे काफी ऊपर चढ़ जाते हैं।

### नुकसान का डर (जोखिम से बचना)

निवेशक निवेश करने में संकोच करते हैं जब बाजार अनिश्चित या अस्थिर होते हैं, स्थिरता के संकेतों की प्रतीक्षा करते हैं। दुर्भाग्य से, जब तक वे कदम उठाने का सोचते हैं, तब तक विकास की संभावना का एक बड़ा हिस्सा पहले ही घटित हो चुका होता है।


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

क्रं./ ई टेण्डरिंग/लो.नि.शा./2025/2412 मुलताई दिनांक- 17.02.2025

**निविदा आमत्रंण सूचना (प्रथम)**

नगर पालिका परिषद मुलताई के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में फेब्रीकेशन कार्य हेतू निमार्ता / पंजीकृत सप्लायर / डीलर/फर्म से आनलाईन निविदा सामग्री दर (Item Rate) पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद मुलताई के लिये फेब्रीकेशन कार्य। 2025_UAD_403668_1 | 15.00 | 11250.00 | 2000.00 | निर्माण सामग्री आदेश दिनांक से 07 दिवस की अवधि में वर्ष 2025-26 |

नोट :-
1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक -21/02/2025 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक -22/03/2025 समय सांय 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है तथा ऑनलाईन दर प्रस्तुत की जा सकती है।
3. निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नही की जावेंगी, निविदा से संबंधित संशोधन वेबसाइट पर ऑनलाईन देखे जा सकते है।

(श्रीमती वर्षा गढेकर) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुलताई
(श्री शिवकुमार माहोरे) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुलताई
(श्रीमती कुसुम मारोती पंवार) सभापति लोक निर्माण, आवास एवं पर्यावरण नगर पालिका परिषद मुलताई
(श्री ओमपाल सिंह भदौरिया) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मुलताई



## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया / Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम् भूतल, प्लाट नं. 46/4, वार्ड नं. 25, एन.एच. 69, गीता भवन के पास, रसूलिया होशंगाबाद (म.प्र.) 461001

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **11 मार्च 2025** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक) मंडीदीप शाखाः इन्द्रा नगर, एनएच-12, मंडीदीप फोन : 07480-231088 | | | |
| ऋणी- (1) **मेसर्स टी.आर.एस. प्रायवेट लिमिटेड,** (2) श्री बिजन तालुकदार पुत्र श्री मुकुन्द तालुकदार, (3) श्रीमती जया तालुकदार पत्नि श्री बिजन तालुकदार जमानतदार-श्री रूप सिंह मीना पुत्र श्री गुलाब सिंह मीना | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित प्लाट नं. 325, खसरा नं. 150/1/3/2/1, 150/1/4, 151/1, 149/2//1 ग्राम- सिमरई वार्ड नं. 25, तहसील- गौहरगंज, जिला रायसेन संपत्ति मालिक- श्री बिजन तालुकदार पुत्र श्री मुकुन्द तालुकदार चर्तुसीमाएं- उत्तर- कालोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 324, पूर्व- कालोनी रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 326 | ₹ 6,57,900/- ₹ 65,790/- भौतिक कब्जा | ₹ 895300.25 + ब्याज एवं खर्चे मांग सूचना दिनांक 05/12/2018 |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 11-03-2025, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें। www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com

पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com

तारीख : 21.02.2025
स्थानः मंडीदीप

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



## कार्यालय नगर परिषद सिराली जिला हरदा (म.प्र)

दूरभाष क्रमांक- Email ID-cmosirali@mpurban.gov.in

क्र./135/लो.नि./ई-टेंडरिंग/2025 सिराली दिनांक- 21/02/2025

**//ई-निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | क्र./सं/पैकेज/कोड | निर्माण कार्य/आपूर्तियाँ/सेवाएं | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा पपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_ UAD_400405_1 22-02-2025 | वार्ड क्रमांक 11 में ट्रेचिंग ग्राउण्ड में बाउण्ड्री बॉल निर्माण कार्य। | 2 माह 3372948=00 | 5000/- 25300/- | 24.03.2025 | प्रथक निविदा |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिराली



## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई. डब्लयूएस (एस) 12 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री शंकर लाल आत्मज स्व. श्री बालकिशन के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01/12/2009 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती पार्वती पत्नी श्री विष्णु के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 17/01/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती पार्वती पत्नी श्री विष्णु के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।


संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकम मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल





**यूएस-एड द्वारा भारत को 21 मिलियन डॉलर प्रदान किए जाने के दावे का मुद्दा आजकल चर्चा में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद से भारत में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। सत्ता दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस एक-दूसरे पर पलटवार कर रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी यूएस-एड अनुदान रिकार्ड के आधिकारिक ओपन डेटा-सोर्स के मुताबिक भारत को प्रदान की गई अनुदान राशि का कोई उल्लेख ही नहीं है। वर्ष 2008 के पश्चात यूएस-एड द्वारा कोई अनुदान राशि भारत को प्रदान ही नहीं की गई। ट्रंप जिस यूएस-एड की बात कर रहे हैं, वह असल में बांग्लादेश को वितरित की गई थी। इस मुद्दे पर भारत द्वारा चुप्पी साधे रखना भी बड़े सवाल खड़े कर रहा है। इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। इन सबके बावजूद, भारत को हर मुद्दे पर अमेरिका के साथ सुपर पावर की तरह पेश आना चाहिए। सबूत भी मांगने चाहिए और दावों का खुलासा करने पर भी जोर देना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित विभाग और अधिकारी अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में अमेरिकी दावों की जांच कर रहे हैं। इन्हीं सब मुद्दों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# यूएस-एड के दावों की जांच जरूरी





कूटनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**अमेरिकी ट्रंप प्रशासन के दक्षता मंत्रालय के प्रभारी सेक्रेटरी एलन मस्क ने एक बयान में कहा था कि भारत के आम चुनाव को प्रभावित करने के लिए यूएस-एड द्वारा 21 मिलियन डॉलर अर्थात 142 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। जिस दौर की यह बात है, तब 70 रुपये का एक डॉलर होता था। आजकल एक डॉलर 85 रुपये है। यूएस-एड द्वारा प्रदान की गई राशि को अब अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधित कर रहा है। एलन मस्क के इस बयान ने भारतीय राजनीति में तूफान सा बरपा कर दिया। एक मीडिया संस्थान की विस्तृत जांच पड़ताल के बाद यह तथ्य अब बाकायदा उद्घाटित हो गया कि यह धन राशि भारत को नहीं बल्कि बांग्लादेश को प्रदान की गई थी।**

विगत कुछ दिनों से भारत के राजनीतिक पटल पर जबरदस्त सनसनीखेज झूठ चलता रहा। आखिरकार इस झूठ का भारतीय मीडिया द्वारा बाकायदा पर्दाफाश कर दिया गया है। नितांत झूठ का पर्दाफाश हो जाने के पश्चात अब सियासी सन्नाटा है। इससे एक तथ्य पुनः स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय राजनीति में झूठ से परिपूर्ण प्रचार प्रसार का कितना अधिक बोलबाला स्थापित हो गया है। अमेरिकन विदेश मंत्रालय की एक एजेंसी है यूएस-एड जिसका पूरा नाम यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल एड एंड डेवलपमेंट है। अमेरिकी ट्रंप प्रशासन के दक्षता मंत्रालय के प्रभारी सेक्रेटरी एलन मस्क ने अपने एक बयान में कहा था कि भारत के आम चुनाव को प्रभावित करने के लिए यूएस-एड द्वारा 21 मिलियन डॉलर अर्थात 142 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। जिस दौर की यह बात है, तब 70 रुपये का एक डॉलर होता था। आजकल एक डॉलर 85 रुपये है। यूएस-एड द्वारा प्रदान की गई राशि को अब अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधित कर रहा है। एलन मस्क के इस बयान के बाद भारतीय राजनीति में तूफान सा बरपा गया।

## बांग्लादेश को प्रदान की गई थी राशि

एक मीडिया संस्थान द्वारा अंजाम दी गई विस्तृत जांच पड़ताल के बाद यह तथ्य अब बाकायदा उद्घाटित हो गया कि यह धन राशि भारत को नहीं वरन् बांग्लादेश को प्रदान की गई थी। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने दावा पेश किया था कि वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए यह धन राशि भारत को प्रदान की गई थी। जुलाई वर्ष 2022 में अमेरिकी यूएस-एड द्वारा 142 करोड़ धन राशि बांग्लादेश के चुनाव में वोटर टर्न आउट बढाने की खातिर अनुदान की गई थी। इस राशि के 13.4 मिलियन डॉलर बांग्लादेश में वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले बाकायदा व्यय किए जा चुके थे। यूएस-एड द्वारा वाशिंगटन की एक संस्था कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग के माध्यम से 21 मिलियन डॉलर बांग्लादेश की एक स्वयंसेवी संस्था को भेजे गए थे, जबकि ट्रंप प्रशासन के शासकीय दक्षता विभाग के सेक्रेटरी कॉरपोरेट टाइकून एलन मस्क द्वारा बिना किसी पुष्ट आधार के बेबुनियाद बयान दे दिया गया कि 21 मिलियन डॉलर भारत को दिए गए।

## भारत ने नहीं किया बयान का खंडन

भारतीय हुकूमत द्वारा एलन मस्क के बयान का वक्त रहते खंडन नहीं किया गया। जबकि फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट (फेरा) के तहत भारत भेजे गए विदेशी धन का संपूर्ण ब्यौरा भारत सरकार के पास विद्यमान रहता है। यहां तक कि एलन मस्क द्वारा दिए गए बयान को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी ज्यों का त्यों दोहरा दिया कि भारत को 21 मिलियन डॉलर को प्रदान किए गए थे। फिर क्या था, भारतीय राजनीतिक पटल पर अनेक दिनों तक सियासी कोहराम मचा रहा। भाजपा और कांग्रेस पार्टियां बिना किसी ठोस आधार के केवल ट्रंप प्रशासन द्वारा दिए गए नितांत झूठे बयान के आधार पर परस्पर आरोप प्रत्यारोप के झंझावात में फंस गई।

अमेरिकी यूए-एड द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रत्येक अनुदान के साथ ही एक विशिष्ट निष्पादन संलग्न होता है, जिसमें कि उस देश का नाम भी उल्लेखित किया जाता है, जहां कि इस अनुदान को व्यय किया जाना होता है। अमेरिकी यूएस-एड अनुदान रिकार्ड के आधिकारिक ओपन डेटा-सोर्स के मुताबिक भारत को प्रदान की गई यूस-एड की अनुदान राशि का कोई उल्लेख ही नहीं है।

## 2008 के बाद भारत को नहीं मिली राशि

वर्ष 2008 के पश्चात यूएस-एड द्वारा कोई अनुदान राशि भारत को प्रदान नहीं की गई है। यूस-एड वस्तुतः विभिन्न देशों की सरकारों को विकास कार्यों को आर्थिक सहायता प्रदान करती रही है और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यूएस-एड द्वारा प्रदान किए जाने वाले धन राशि की समस्त जानकारी डाटा- सोर्स पर बाकायदा उपलब्ध बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि यूएस-एड दीर्घ काल से बांग्लादेश के विकास कार्यक्रमों में सक्रिय तौर पर भागीदार बना रहा है। मोहम्मद यूनुस की कयादत में बांग्लादेश की अंतरिम हुकूमत के साथ हाल ही में यूएस-एड द्वारा 200 मिलियन डॉलर के विकास कार्यक्रमों पर दस्तखत किए गए हैं। लोकतांत्रिक जागरुकता उत्पन्न करने के कुटिल नकाब में अमेरिका द्वारा शेख हसीना हुकूमत के तख्ता पटल की साजिश रची गई थी। जमात-ए-इस्लामी तंजीम के छात्र संगठन के सर्वोच्च लीडर महफूज आलम को यूनुस हुकूमत में मोहम्मद यूनुस के स्पेशल असिस्टेंट का विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया है। सरकारी नौकरियों में अवामी लीग से संबंधित लोगों को आरक्षण के विरुद्ध छात्र आंदोलन आरंभ किया गया था। अवामी लीग को प्रदत्त आरक्षण को खत्म कर देने की मांग को शेख हसीना हुकूमत द्वारा तसलीम कर लिया गया था, किंतु इस सबके बावजूद कट्टरपंथी तंजीम जमात-ए- इस्लामी द्वारा प्रेरित और पोषित छात्र आंदोलन बाकायदा पूरी ताकत के साथ जारी रहा। अंततः छात्र आंदोलन की आड़ में जमात-ए-इस्लामी द्वारा शेख हसीना की हुकूमत तख्तापलट कर दिया गया। यूएस-एड द्वारा कथित तौर पर लोकतांत्रिक जागरुकता उत्पन्न करने के लिए प्रदान की गई, यह विशाल धन राशि आखिरकार कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और उसके लीडर महफूज आलम को सत्ता में आसीन कर गई।

## जमात-ए-इस्लामी को ताकतवर बनाया

नोबेल प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस तो जमात ए इस्लामी के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। महफूज आलम बांग्लादेश की आतंकवादी तंजीम हिजबुल तहरीर का सक्रिय आतंकी रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथियों को शक्तिशाली बनाने की जैसी ऐतिहासिक गलती अमेरिका ने पाकिस्तान में अंजाम दी थी और फिर उसका गंभीर परिणाम भी भुगत लिया है। तकरीबन उसी श्रेणी की राजनीतिक गलती अमेरिका ने बांग्लादेश में भी अंजाम दे डाली है। जमात-ए- इस्लामी को ताकतवर बनाकर क्या हासिल कर लेगा अमेरिका नव-साम्राज्यवादी फितरत की अमेरिकी हुकूमत वस्तुतः सीरिया की बशर अल असद हुकूमत का तख्तापलट करने की खातिर अल बगदादी सरीखे जेहादी आतंकवादी की खुले और गुप्त तौर पर सैन्य इमदाद करती रही थी। सीरिया में 85 करोड़ डॉलर का इनाम याफ्ता आतंकवादी सरगना अब अमेरिका चहेता बन बैठा है। दरअसल अमेरिका की कुख्यात खुफिया एजेंसी सीआईए अपनी तख्ता पटल साजिशों को अंजाम देने की खातिर यूस-एड सरीखे विभाग और मुखतलिफ अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषित एजेंसियां दुनिया के विभिन्न देशों में सक्रिय स्वयं सेवी संस्थाओं का दुरुपयोग करती ही रहती हैं। शेख हसीना के अब्बा जान बांग्लादेश के निर्माता शेख मुजीब और उनके परिवार की नृशंस हत्या में अमेरिकी सीआईए का हाथ उजागर हुआ था।

## अमेरिका नहीं चाहता था बांग्लादेश का निर्माण

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की प्रबल समर्थक रही उस दौर की अमेरिकी सरकार को बांग्लादेश का निर्माण कदाचित स्वीकार्य नहीं था। वस्तुतः भारतीय सेना की सक्रिय दखलंदाजी के फलस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण रोकने में अमेरिका नाकाम रहा, किंतु बांग्लादेश के कुछ सैन्य अफसरों के माध्यम से सीआईए शेख मुजीब का कत्ल अंजाम देकर तख्ता पलट कराने में कामयाब रहा। पाकिस्तान की राजसत्ता में अमेरिकी हस्तक्षेप तो सदैव ही सर्वविदित रहा है। चीन के अधिक निकट जाने के कारणवश जुल्फिकार अली भुट्टो की हुकूमत का जनरल जिया-उल-हक द्वारा तख्ता पलट में अमेरिकी सीआईए का हाथ निरूपित किया जाता है, क्योंकि तत्कालीन सोवियत रूसी सेना के विरुद्ध अफगान जिहादियों का सैन्य समर्थन करने के लिए तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री भुट्टो कदाचित तैयार नहीं हुए थे। कथित तौर पर आर्थिक और सैन्य सहायता के माध्यम से राजनीतिक और सैन्य दखलंदाजी अंजाम देने का अमेरिकी हुकूमतों का दीर्घकालीन का इतिहास रहा है। अफगानिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादी सरगना ओसामा बिन लादेन और उसकी तंजीम अलकायदा की परवरिश और परिपोषण करने के लिए अमेरिका द्वारा अरबों-खरबों खर्च कर दिए गए।

अंततः सोवियत रूस के पराभव के पश्चात अलकायदा और ओसामा बिन लादेन ही अमेरिका के प्रबल दुश्मन बनकर उभरे और उसके जिहादी आतंकवादियों द्वारा सन 2001 के 9-11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर नृशंस आक्रमण अंजाम दिया। परिणाम स्वरूप अफगानिस्तान में तकरीबन 20 वर्षों तक अमेरिकन सैन्य दखलंदाजी निरंतर बनी रही, किंतु आखिरकार अमेरिकी सेना को तालिबान के हाथों पराजित होकर और आधुनिकतम हथियारों का बड़ा जखीरा छोड़कर अफगानिस्तान से पलायन कर जाने पर विवश होना पड़ा। लोकतांत्रिक अमेरिका अपने तत्कालीन फायदे की खातिर वैश्विक जिहादियों को तैयार करने वाले सबसे कुख्यात देश पाकिस्तान की विराट पैमाने पर सैन्य और आर्थिक सहायता करता रहा है।

## नव साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा मूल कारण

द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात एक महाशक्ति के तौर पर विश्व पटल पर उभरे अमेरिका को कोरिया, वियतनाम और अफगानिस्तान के युद्धों में शर्मनाक पराजयों का तल्ख दीदार करना पड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने नव साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा के कारण प्रायः अनेक देशों में उन राजनीतिक शक्तियों का समर्थन करता रहा, जो प्रायः गैर लोकतांत्रिक और जनविरोधी रही। चिली में जनतांत्रिक तौर से निर्वाचित राष्ट्रपति अलेंदे का कत्ल करा दिया गया। संपूर्ण दक्षिण अमेरिकी देश वस्तुतः अमेरिका के शत्रु बन गए। अमेरिका द्वारा क्यूबा के अत्यंत लोकप्रिय लीडर फिडल कास्त्रो को कत्ल कराने की बेशुमार कोशिशें अंजाम दी गई। सोवियत संघ के अंध विरोध में अमेरिका ने विश्व पटल पर विनाशकारी इस्लामिक जिहादियों को विकट तौर पर ताकतवर बना दिया। रूस के अंध विरोध में रूस-यूक्रेन युद्ध का आगाज कर दिया। लोकतांत्रिक भारत के अंध विरोध में पाकिस्तान के फौजी तानाशाहों का समर्थन और सहायता अंजाम दी।

# सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकले भारत



दो टूक
सुनील अमर
स्वतंत्र पत्रकार

भारत और अमेरिका के बीच हाल के दिनों में ऐसी घटनायें हुई हैं जिनसे भारत के प्रति अमेरिका की नयी सरकार का रवैया और खासकर भारत की विश्व स्तरीय छवि तथा संप्रभुता पर सवाल उठने लगे हैं। ये सवाल इसलिए और ज्यादा मारक हो जाते हैं कि भारत सरकार अपने आपको विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बताती है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकन राष्ट्रपति एक दूसरे को 'डियर फ्रेंड' कहकर सम्बोधित करते हैं। ताजा सवाल तथाकथित अमेरिकी सहायता को लेकर है। अमेरिका दुनिया भर में लोकतन्त्र को बढ़ावा देने और ऐसी प्रक्रियाओं की मजबूती के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं यानी एनजीओ की मार्फत आर्थिक मदद देता है। अमेरिका में ऐसा करने के लिए वहां की संसद ने सन् 1961 से ही ऐसी व्यवस्था बना रखी है जिसे यूएसएआईडी संक्षेप में यूएसएड कहा जाता है। अमेरिका इनके द्वारा अपने मतलब के देशों में कैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाना चाहता है, यह अलग से बहस और खोज का विषय हो सकता है। बीती 19 फरवरी को नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक भाषण में कहा कि वह भारत में मतदान को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही 21 मिलियन डॉलर की अमेरिकी आर्थिक मदद को बन्द कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा - 21 मिलियन डॉलर! वाव!! ये लोग (बाइडन प्रशासन) भारत में किसे जिताना चाहते थे? (उनका इशारा था कि मोदी को हराना चाहते थे)। साथ में उन्होंने व्यंग्यपूर्वक यह भी कहा कि भारत के पास पैसा है क्योंकि वह दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। बात अमेरिका से निकल कर हिन्दुस्तान तक आयी तो कई तरह के अर्थ समेटे हुए थी।

## भाजपा व कांग्रेस बने हमलावर

देश के दो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस ने इसे हथियार की तरह एक-दूसरे पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। भाजपा इसमें सोरोस को शामिल करते हुए स्व. शीला दीक्षित तक ले गयी तो कांग्रेस भी पुराने रिकार्ड खंगालते हुए इसे शस्मृति ईरानी तक ले गयी। मजे की बात यह रही कि एक दूसरे पर हमला करने को आतुर ये दोनों प्रमुख राजनीतिक दल यह जानना ही नहीं चाहते थे कि सच्चाई क्या है। इन दोनों ने ट्रंप के अधकचरे भाषण को ही सच मान लिया और गुथ्थमगुथ्था होने लगे! ट्रंप भी एक नेता ही हैं और अपने विरोधी दल को लपेटने का सही या गलत कोई मौका वैसे ही नहीं छोड़ते जैसे कि अपने यहां के नेतागण। सच का पता लगाया एक खोजी पत्रकार ने। महज इन्टरनेट के सहारे पता लगाया कि ट्रंप जिस 21 मिलियन डॉलर की राशि को भारत को दिया जाना बता रहे थे वह असल में बांग्लादेश के लिए मंजूर हुई थी और उसमें से अब तक लगभग साढ़े तेरह मिलियन डॉलर बांग्लादेश को दी भी जा चुकी है, जिसे वहां के छात्र आन्दोलन को खड़ा करने में खर्च किया गया।

## भारतीय रवैया निराशाजनक

इसका नतीजा अगस्त 2024 में वहां निर्वाचित सरकार के तख्तापलट के रूप में हुआ। लोकतन्त्र मजबूत करने की अमेरिकी मंशा को आप यहां ठीक से समझ सकते हैं। इस सारे प्रकरण में सबसे



निराशाजनक रवैया भारत सरकार का रहा। बुधवार को सामने आये इस प्रकरण पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय जागा और उसका रवैया भी आधिकारिक कम, राजनीतिक ज्यादा रहा। इसके अगले दिन एक अंग्रेजी अखबार ने 21 मिलियन डॉलर भारत नहीं बांग्लादेश को दिए जाने की खबर प्रमाण सहित छापी लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भारत सरकार या विदेश मंत्रालय का कोई भी स्पष्टीकरण नहीं आया है।

जिस पैमाने पर भारत सरकार को इस फंडिंग फ्रॉड पर एतराज करना चाहिए था वैसा अभी तक किया नहीं गया। आरोप सरकार बनाने/गिराने का लगा हो तो ऐसे में राजदूत तक तलब कर लिए जाते हैं। दूसरा मामला है अवैध रूप से अमेरिका गये या रह रहे भारतीयों का। दुनिया के हर देश के नागरिक एक-दूसरे देशों में आते-जाते और रहते हैं। अमेरिका जैसे सम्पन्न देशों की तरफ लोग ज्यादा आकर्षित होते हैं।

अमेरिका और उससे सटे कनाडा में तो भारतवंशियों की भरमार है। बताया जा रहा है कि अमेरिका में अवैध रूप से 18000 से अधिक भारतीय रह रहे हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषणों में ही कहा था कि सत्ता में आने पर वे देश से अवैध प्रवासियों को निकाल देंगे। लेकिन जिस तरह से वे अपमानपूर्वक भारतीयों को निकाल रहे हैं उस पर सारी दुनिया को हैरत है और चर्चा हो रही है। महिलाओं तक को हथकड़ी-बेड़ी लगाकर, सिखों की पगड़ी उतारकर, सेना के जहाज में लादकर, भूखे-प्यासे इतनी लम्बी यात्रा कराकर ऐसे भारतीयों को भेजा जा रहा है। ऐसी पहली खेप आने के बाद ही प्रधानमन्त्री मोदी अमेरिका गये थे और माना जा रहा था कि वे इस अपमानजनक रवैये पर ट्रंप से बात करेंगे। प्रायः इस तरह की कूटनीतिक बातें पर्दे के पीछे ही होती हैं। लेकिन लगता है या तो भारत ने अपना एतराज जताया नहीं या फिर अमेरिका माना नहीं क्योंकि उसके बाद से भारतीयों को उसी तरह लाद कर दो खेप और आ चुकी हैं। ट्रंप की मंशा तो साफ है कि जो लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं वो अपराधी हैं और उनके साथ वैसा ही सलूक किया जाएगा। लेकिन अपने को विश्वगुरु कहने वाला भारत, सवा पांच करोड़ की आबादी वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलम्बिया की तरह विरोध तो कर सकता था जिसने ऐसे ही एक अमेरिकी सैन्य विमान को अपने यहां उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अपने नागरिकों को स्वयं अपने विमान से सम्मानपूर्वक ले आएगा। भारत एक सम्प्रभु राष्ट्र है और सम्प्रभु होने के सारे संसाधन भारत के पास हैं लेकिन संप्रभुता की रक्षा का माद्दा भी तो होना चाहिये। फंडिंग मामले में देश को विरोध का जो स्टैंड लेना चाहिए वो नहीं लिया गया। सरकार अमेरिका से सख्ती से पूछती तो विरोधी दलों का मुंह अपने आप बन्द हो जाता। देश में एफसीआरए कानून है जो विदेशी फंडिंग को नियंत्रित करता है। कैसे सम्भव है कि 21 मिलियन डॉलर की रकम देश में आती है और सरकार को पता ही नहीं है! इसी कानून का प्रयोग करके मोदी सरकार अब तक करीब 21000 संगठनों का विदेशी सहायता लेने का लाइसेंस रद कर चुकी है।

## सच्चाई को जानना जरूरी

चुनाव आयोग ने तो सन् 2023 के कर्नाटक चुनाव के दौरान नेशनल पेमेन्ट कारपोरेशन को आदेश दिया था कि वह ऑनलाइन फंड ट्रांसफर पर निगाह रखे ताकि राजनीतिक दल इस रास्ते से अवैध धन न ले सकें। इतने सारे साधन-संसाधन और फिर भी सच्चाई जाने बगैर ट्रंप के भाषण पर भरोसा करके हवा में मुक्के चलाये जा रहे हैं! और फिर यूएसएड के धन से सिर्फ चुनावी सुधार ही नहीं होते बल्कि मानवीय सहायता, वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे कार्यों पर भी यह धन खर्च किया जाता है। धन कहां खर्च हो रहा है, यह सरकार से बेहतर कौन जान सकता है!

# ट्रंप प्रशासन के साथ सचेत रहे भारत



विश्लेषण
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से दूसरी बार सत्ता संभाली है, वैश्विक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। भू-राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं, अमेरिकी सरकार एक लिमिटेड कंपनी की तरह आचरण कर रही है, अमेरिका को ग्रेट बनाने के अभियान में ग्लोबल स्तर पर अमेरिकी फंडिंग रोकी जा रही है। मस्क और ट्रंप भारत को लेकर सनसनीखेज दावे कर रहे हैं, गाजा को खाली कराकर नए सिरे से निर्माण की योजना पेश की जा रही है। यूएस यूक्रेन के बिना रूस से वार्ता कर रहा है, यूक्रेन को उसके हाल पर छोड़ा जा रहा है, युद्ध के दौरान यूक्रेन को की गई अमेरिकी आर्थिक मदद करीब 300 अरब यूएस डॉलर की वसूली की बात कही जा रही है। शक्तिशाली नाटो की हवा निकाली जा रही है। यूरोप को ट्रंप प्रशासन समझ नहीं आ रहा है क्योंकि यूरोप के बजाय अमेरिका रूस के प्रति नरम रुख अपना रहा है। चीन के प्रति भी ट्रंप शांत दिख रहे हैं। फिजूल खर्ची कम करने के लिए पहले अमेरिका जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर आया, अमेरिकी सरकारी विभाग में छंटनी की तैयारी हो रही है और अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) की ओर से दूसरे मुल्कों को की जा रही फंडिंग रोकी गई है। ट्रंपवाद के साये में नया अमेरिका है, जिसमें दो बिजनेसमैन (राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क) की जोड़ी बचत व मुनाफे वाली आर्थिकी का मुहावरा गढ़ रही है।

## अमेरिका विश्वसनीय नहीं रहा

वर्ष 1947 में आजादी के बाद से करीब पांच दशक तक अमेरिकी नीति पाकिस्तान परस्त और भारत विरोधी रही है। उदारीकरण के बाद से करीब तीन दशक में अमेरिकी नीति में शिफ्टिंग हुई और वह धीरे धीरे भारत के करीब होता गया। भारत के लिए रूस हमेशा भरोसेमंद रहा है, अमेरिका कभी भी विश्वसनीय नहीं रहा। अपने आपसी संबंधों में अमेरिका ने हमेशा अपने फायदे को आगे रखा है। वर्ष 2008 में असैन्य परमाणु करार के बाद भारत व अमेरिका में भरोसा बढ़ना शुरू हुआ, जो अभी दोस्ती के स्तर तक पहुंचा है। ट्रंपवाद में यह भरोसा दरक सकता है। इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत को लेकर अधिक मुखर हैं। अवैध प्रवासियों को हथकड़ियों में भारत भेजना, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप की द्विपक्षीय वार्ता से ठीक पहले अमेरिकी सरकार का रेसिप्रोकल टैक्स का ऐलान करना और भारत को अधिक आयात के लिए समझौते का दबाव बनाना दो दशक से मजबूत हुए इंडो-यूएस रिश्ते को दांव पर लगाने जैसा है।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल

अब ट्रंप का दावा करना कि भारत में 'मतदान प्रतिशत' बढ़ाने के लिए पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन के समय यूएसएड के जरिये 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग की गई थी, भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सीधा दखल है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में 'रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन' की बैठक को संबोधित करते हुए यह दावा किया। ट्रंप ने मियामी में एफआईआई प्राथमिकता शिखर



सम्मेलन में भारत को मिलने वाले वित्त पोषण पर चिंता जताई थी और दावा किया था कि 'किसी और को निर्वाचित कराने' का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने 'मतदान प्रतिशत' बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। उनकी टिप्पणी एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद आई है कि अमेरिकी संस्था 'यूएसएड' ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 2.1 करोड़ डॉलर का योगदान दिया है। भारत ने ट्रंप के इस दावे को गंभीरता से लिया है।

भारत ने कहा कि देश में कुछ गतिविधियों के लिए 'यूएसएड' द्वारा वित्त पोषण किए जाने के बारे में खुलासे 'बेहद परेशान करने वाले' हैं और इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंता पैदा हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संबंधित विभाग और अधिकारी कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में अमेरिकी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी की जांच कर रहे हैं। वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की अमेरिकी फंडिंग अगर नरेन्द्र मोदी व भाजपा की राह रोकने के लिए हुई है तो यह और भी चिंता की बात है। चूंकि डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक इसका कोई सबूत नहीं दिया है, उल्टे उन्होंने बांग्लादेश को भी दी जा रही 29 अरब डॉलर की यूएस मदद पर भी सवाल उठाया है। एक मीडिया रिपोर्ट में वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की अमेरिकी फंडिंग बांग्लादेश में होने की बात सामने आई है। इसलिए इस पूरे मामले की जांच जरूरी है। भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला करने वाले लोगों को बेनकाब किया जाना चाहिए। यह मदद किसने ली, किस मकसद से ली, कैसी ली, सभी तथ्यों का पर्दाफाश जरूरी है। फंडिंग विवाद की जड़ तक पहुंचना आवश्यक है। अमेरिका ने 16 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन 'कंसोर्टियम फॉर इलेक्शंस एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग' (सीईपीपीएस) को अनुदान के रूप में कई देशों को दी जा रही 48.6 करोड़ (लगभग 4300 करोड़ रुपये) अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता पर रोक लगाई है। तो क्या अमेरिका मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर भारत में मोदी को सत्ता से बेदखल करने की साजिश रच रहा था? ट्रंप प्रशासन को भी इस बारे में जांच करनी चाहिए। यूएसएड से मिली मदद का इस्तेमाल जिस संस्था के जरिए हुआ, उससे जॉर्ज सोरोस का भी कनेक्शन है।

## अमेरिकी फंडिंग की जांच कराएं

अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस कई बार भारत में नरेन्द्र मोदी की सरकार को हटाने के लिए मुहिम चलाने का ऐलान कर चुके हैं। यूएसएड से जो पैसा लिया गया, उसमें दावा किया गया कि भारत में दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाता वोटिंग में कम हिस्सा लेते हैं, इसलिए इन तबकों तक पहुंचने में, उन्हें वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने में इस पैसे का इस्तेमाल होगा। संयोग देखिए कि राहुल गांधी ने भारत में जातिगत जनगणना को लेकर आवाज बुलंद की और अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत में लोकतंत्र खतरे में है की बात कही। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फायदा भी हुआ। अमेरिकी फंडिंग की इसलिए गहराई से जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यूएसएड की भारत में फंडिंग पर श्वेतपत्र लाने की मांग सरकार से की है। भारतीय लोकतंत्र में बाधा डालने वाले बहुत विदेशी उपद्रवी हैं। भारत को बांग्लादेश में भी अमेरिकी भूमिका की जांच करनी चाहिए। अमेरिका इसमें मदद करे। हर मुद्दे पर अमेरिका के साथ भारत को ठसक के साथ पेश आना चाहिए, सबूत मांगना चाहिए और दावों का खुलासा करना चाहिए। भारत दस वर्ष में सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकला है, अब अमेरिका के साथ ट्रेड, टैक्स व कूटनीतिक डील में भारत को सॉफ्ट स्टेट जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। भारत को एक सुपर पावर जैसा व्यवहार करना चाहिए।

मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग तस्करी का आरोप लगाकर धमकाया फिर सेटलमेंट में उतर आए जालसाज

# रिटायर्ड हवलदार की बेटी से डिजिटल अरेस्ट का किया प्रयास, असली कोलार पुलिस के पहुंचते ही नकली पुलिस ने किया कॉल डिस्कनेक्ट

## संदेह होने पर पिता को दी जानकारी, कोलार थाना पुलिस ने पहुंचकर की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज, अवंतिका अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर हेड कांस्टेबल की बेटी को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास किया। साइबर जालसाजों ने उन्हें बैंक अकाउंट से मनी लॉन्ड्रिंग और आधार नंबर के माध्यम से भेजे कुरियर से ड्रग तस्करी करने का आरोप लगाया। संदेह होने पर युवती ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पिता ने कोलार पुलिस से मदद मांगी। कोलार पुलिस मौके पर पहुंची तो जालसाजों ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

पुलिस के अनुसार अवंतिका अपार्टमेंट कोलार रोड निवासी प्रिया सक्सेना (28) एमबीए पास आउट है और एमपी नगर की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती हैं। पिता पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक के पद से रिटायर्ड हैं। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे उनके पिता ने थाने में कॉल कर शिकायत की कि बेटी को अज्ञात नंबरों से कॉल कर डिजिटल अरेस्ट करने का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो साइबर जालसाज ने वीडियो कॉलिंग कर युवती को उनके नाम से फर्जी अकाउंट खोलकर मनी लॉन्ड्रिंग करने और ड्रग तस्करी के आरोप लगाकर ऑनलाइन निगरानी में रहने का दबाव बना रहे थे। जब नकली वर्दी में बैठे जालसाजों ने असली वर्दी देखी तो कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

### कहा- दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ाया है पार्सल

साइबर जालसालों ने कॉल कर प्रिया से कहा कि आपके अकांउट का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हो रहा है। आपके आधार कार्ड के नंबर से एक कुरियर भेजा गया है। यह कुरियर दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ लिया है। प्रिया ने जब दिल्ली में कोई अकाउंट नहीं होने की बात कही और किसी भी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से इंकार किया तो साइबर जालसाज प्रिया को जेल भेजने की धमकी देने लगे। वीडियो कॉल पर प्रिया सक्सेना को फर्जी साइबर थाना दिखाया, जिसमें साइबर क्राइम दिल्ली का बोर्ड लगा था और ऑनलाइन निगरानी का दबाव बनाया। युवती ने अपने पिता को जानकारी दी। पिता ने कोलार पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### जांच में सहयोग का झांसा देकर करना चाहते थे ठगी




आरोपियों ने असली पुलिस होने का प्रभाव दिखाने के लिए वर्दी में एक युवक को अपना अधिकारी बताकर बैठा दिया था। पीछे साइबर क्राइम दिल्ली पुलिस का बोर्ड भी लगा हुआ था। आरोपियों ने अधिकारियों से बात कराने का झांसा देकर एक युवक से बात कराई। उस युवक ने प्रिया को इनोसेंट कहकर मदद करने को कहा। उसने कहा कि जांच में सहयोग करो। सहयोग के नाम पर उसने डिजिटल अरेस्ट में रहने की शर्त रखी। तब प्रिया को भरोसा हो गया कि उनके साथ ठगी होने वाली है। रिटायर्ड पुलिसकर्मी की बेटी होने के कारण प्रिया डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं से पहले ही जानकार थी।

### 10 साल के बाद रेप के आरोप से कोर्ट ने युवक को किया बरी

*भोपाल। केवल 10 हजार रुपए की उधारी के चक्कर में भाभी ने रिश्ते के देवर पर अपनी ढाई वर्ष की बच्ची से रेप किए जाने का प्रकरण दर्ज करा दिया था। 10 साल की न्यायलयीन कार्रवाई के बाद विशेष न्यायाधीश सुनील दंडौतिया ने अर्जुन थापा नामक नेपाली युवक को दोष मुक्त कर दिया। जगदीश गुप्ता एवं राहुल गुप्ता एडवोकेट ने न्यायालय में युवक की ओर से पैरवी करते हुए साबित किया कि पीड़िता के माता-पिता से युवक का 10 हजार रुपए के लेनदेन का विवाद था। इसका बदला लेने के लिए पीड़िता की मां ने उस पर बेटी के साथ रेप करने का झूठा मामला दर्ज करा दिया था। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर डीएनए सैंपल लेने के बहाने उसका ब्लड लिया। जिसे बच्ची के कपड़ों पर छिड़का गया। डीएनए नहीं कराया गया। आठ साल बाद पुलिस ने फिर से डीएनए सैंपल लेने के लिए युवक का कोर्ट के आदेश पर ब्लड लिया।*

## खबर संक्षेप



### नालों का निरीक्षण कर शुरू किया सफाई का कार्य

**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार शर्मा, नगर परिषद द्वारा नगर के समस्त वार्ड 1 से 15 तक के नाली एवं नालों का निरीक्षण किया। स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत नगर के नाली-नालों की साफ-सफाई के लिए दल गठित कर सफाई का कार्य शुरू किया। कर्मचारी प्रभारी स्वच्छता राजकुमार पवार, राजा सिरसवाल, प्रभारी सफाई दरोगा एवं स्वच्छता की टीम द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।

### श्रीराम कथा में सहयोग करने पर माना आभार



**औबेदुल्लागंज।** नगर में आयोजित हुए नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन होने एवं श्री राम कथा में सहयोग करने और कथा में पहुंचने पर लोगों का आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर लोगों को प्रसाद वितरण किया। वहीं अशोक मित्तल रवि कमल नीरज चावला विक्रम धाड़ी सुदामा तिवारी आदि ने हरिभूमि के कवरेज पर आभार माना।

### अध्यक्ष बनने का नहीं छूट रहा मोह

**औबेदुल्लागंज।** नगर में अध्यक्ष बनने की लालसा रखने वालों की होड़ लगी हैं। नगर में बस अध्यक्ष बन जाते हैं, फिर स्वयं नहीं हटते। यह भी सत्य है कि जब अध्यक्ष पद से हटते हैं, या हटाए जाते हैं, तो वे बड़े ही मायूस होते हैं, मगर जब अध्यक्ष बन जाते हैं तो उनको नगर का और नगर की समस्या का कोई ध्यान नहीं रहता। बस ऐन-केन तरीके से अध्यक्ष बनना ही उनकी पहली प्राथमिकता रहती है।

### छात्राओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य की दी जानकारी



**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल (पी एंड जी) के सहयोग से टाइम मैनेजमेंट और मेंस्ट्रुअल हाइजीन पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया। जिसमें छात्राओं को वर्क लाइफ बैलेंस को केंद्रित करते हुए उन्होंने अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखने के तरीके के बारे में कई जानकारी प्रदान की गई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4950 | | |
| दिन: | 224 | 84 | 455 |
| रात: | 168 | 52 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 569 | 09 | 450 |
| रात: | 345 | 27 | 340 |

ग्रुप बनाकर बच्चों को 10वीं-12वीं का पेपर देने का झांसा देकर कर रहा था ठगी

# टेलीग्राम पर माशिमं का लोगो लगाकर पेपर देने का झांसा देकर ठगी करने वाला भिंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर 10वीं, 12वीं के बच्चों को वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को भिंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी जालसाज ने ग्रुप बनाकर उसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो लगा लिया था।

ग्रुप के माध्यम से आरोपी अलग ग्रुप में छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर अपने खाते में उनसे एक से दो हजार रुपए डलवा रहा था। उक्त रुपए पेटीएम वालेट के क्यूआर कोड के माध्यम से आरोपी ले रहा था। आरोपी ने एमपी बोर्ड नाम से दो गुरप बना रखे थे। साइबर क्राइम



ब्रांच को अखबारों के माध्यम से जानकारी मिली थी एमपी बोर्ड की परीक्षा से पूर्व जालसाज टेलीग्राम पर 10वीं, 12वीं का पेपर लीक करने का दावा करते हुए बच्चों से अपने खाते में रुपए डलवा रहा है। वह जो पेपर दे रहा है वह केवल सैंपल पेपर है। साइबर क्राइम ब्रांच ने अज्ञात आरोपी पर प्रकरण दर्ज जांच की। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने शिवम यादव पिता अरविंद यादव (20) दीनपुरा, भिंड को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह खुद 12वीं पास है। उसने टेलीग्राम पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के नाम का एवं लोगो लगाकर ग्रुप बनाया था।

ग्रुप पर उसने 10वीं और 12वीं का ओरिजनल पेपर एक दिन पहले ही मुहैया कराने का झांसा दिया। झांसे में आकर छात्र उसके द्वारा दिए गए क्यूआर कोड पर रुपए भेजकर उससे सैंपल पेपर लेकर ठगी का शिकार हो रहे थे। आरोपी से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल और दो सिमकार्ड समेत बैंक आफ बड़ौदा व बैंक आफ इंडिया का एटीएम कार्ड जब्त किया है।

### न्यू मार्केट में युवक का मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को भीड़ ने पकड़ा

टीटी नगर स्थित न्यू मार्केट में शुभम कांप्लेक्स के पास शुक्रवार शाम निगरानी बदमाश ने युवक का मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद वह भागने लगा। हालांकि युवक के साथ मौजूद उसके दोस्त और भाई समेत भीड़ ने बदमाश को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे झपटा गया मोबाइल जब्त कर लिया है। आरोपी थाने का निगरानी बदमाश है और उस पर 19 अपराध दर्ज है।पुलिस के अनुसार शिव नगर टीटी नगर निवासी 23 साल का अर्पित सिंह चौहान प्राइवेट काम करता है। शुक्रवार शाम वह अपने छोटे भाई और दोस्त के साथ न्यू मार्केट गया था। तीनों न्यू मार्केट में घूम रहे थे। इस दौरान अर्पित के मोबाइल पर कॉल आया और वह बात करने लगा, तभी बदमाश उसके पास पहुंचा और मोबाइल झपटकर भागने लगा। अर्पित ने शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़ लगा दी। अर्पित के साथ उसके भाई और दोस्त ने भी भी आरोपी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले आई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भारत बाथम (21) निवासी ग्वाल मोहल्ला बताया। पुलिस ने उसका रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि वह थाने का निगरानी बदमाश है और उसके खिलाफ कुल 19 अपराध दर्ज है।

■ शुभम कांप्लेक्स के पास शुक्रवार शाम बदमाश ने की थी वारदात

### ट्रेडिंग कंपनी ने अनाज व्यवसायी को लगाया 14 लाख रुपए का चूना

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित अटलांटिक कॉलोनी में रहने वाले अनाज व्यवसायी को कानपुर की ट्रेडिंग कंपनी ने 14 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी जालसाज ने मक्का के आटे के एवज में 14 लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद आटा नहीं पहुंचाया। पुलिस ने व्यवसायी की शिकायत में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अंकिता पांडे (38) अटलांटिक कालोनी कटारा हिल्स में रहती हैं। उनके पति आशीष पांडे ऑनलाइन अनाज का व्यवसाय करते हैं। पिछले साल जून 2024 महीने में पांडे ने कानपुर की एक जैन ट्रेडिंग कंपनी से मक्के के आटे का सौदा किया था। इसके लिए उन्होंने 14 लाख रुपए का भुगतान किया था। कंपनी ने बताया था कि आटे का ट्रक रवाना कर दिया गया है, लेकिन वह ट्रक पांडे के पास तक नहीं पहुंचा। काफी प्रयास करने के बाद भी जब माल की सप्लाई नहीं हुई तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई।

### मानसिक संतुलन बिगड़ने से युवक ने लगाई फांसी

*रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गांव कलखेड़ा में एक युवक ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टर ने युवको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण दो साल से युवक का चूनाभट्टी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस के अनुसार नीतेश सरोनिया पिता कमल सिंह (19) ग्राम कलखेड़ा रातीबड़ में रहता था। उसके पिता कमल सिंह बंसल ग्रुप में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि नीतेश उनका बड़ा बेटा था, जबकि उससे एक छोटा बेटा है। गत दो साल से नीतेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। वे उसका इलाज मनौचिकित्सक के पास करा रहे थे।*

अशोका गार्डन के अस्सी फीट रोड पर हुआ हादसा

# सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बस ने मारी टक्कर, मौत

» टक्कर मारने वाली बस को जब्त कर चालक की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पर मामा बुक स्टोर्स और नवाब टी स्टॉल के पास सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बस ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। टक्कर मारने वाली बस जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार शिवचरण भारती (75) सुभाष कॉलोनी अशोका गार्डन में रहते थे। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह काम से अशोका गार्डन गए थे। इस दौरान अस्सी फीट रोड स्थित नवाब टी-स्टाल के पास सड़क पार करते समय ट्रैवल्स की बस ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया।

हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें इलाज के लिए सिद्धांता अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

■ हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला



*औबेदुल्लागंज। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, जीतू नंदवंशी, माधव यादव, मनोज चौरसिया ने बताया कि विधायक सुरेंद्र पटवा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान चर्चा करते हुए प्रसन्न दिखाई दिए।*

माशिमं की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से होगी शुरू

# मंडीदीप में 13 परीक्षा केंद्रों पर 6,970 छात्र देंगे परीक्षा, थाने में सुरक्षित रखी परीक्षा सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हो रही हैं। विकासखंड में 13 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें से 2 परीक्षा केंद्र प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए निर्धारित है।




उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया और जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक की मौजूदगी में परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण किया गया। इस वर्ष परीक्षा में कुल 6970 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिसमें कक्षा 10वीं में 3816 विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं में 2554 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी 2025 से प्रारंभ होंगी। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए थाने से परीक्षा केंद्र तक की पूरी प्रक्रिया की लोकेशन ट्रैक की जाएगी। नई गाइडलाइन के तहत कलेक्टर प्रतिनिधि और केंद्र अध्यक्ष को सुबह 6 बजे थाने में सेल्फी अपलोड करनी होगी। केंद्र के नाम के साथ सेल्फी लेनी होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8.30 बजे तक दोनों अधिकारियों को केंद्र के नाम के साथ सेल्फी लेनी होगी। प्रश्नपत्र का बॉक्स 8.45 के बाद खोला जाएगा और इसकी वीडियोग्राफी की जाएगी। परीक्षार्थियों को 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका और 8.55 बजे प्रश्नपत्र वितरित किए जाएंगे। साथ केंद्रध्यक्ष और सहायक केंद्रध्यक्षों को स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं।

### थानों में सुरक्षित रख दी परीक्षा की सामग्री

*कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा की सामग्री जिले से प्राप्त होकर संबंधित थानों में सुरक्षित रख दी गई है। विकासखंड में 13 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें से 2 परीक्षा केंद्र प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए निर्धारित है।*

***शिवनारायण चौहान**, बीईओ, औबेदुल्लागंज*

## शांति कमेटी की बैठक, शांति और भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज थाने में शनिवार को शांति कमेटी की बैठक में सर्वप्रथम शांति कमेटी सदस्य रवि यादव को मौन श्रद्धांजलि दी। इसके बाद टीआई बीपी सिंह एवं प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई। महाशिवरात्रि और रमजान माह प्रारंभ हो रहे हैं, उसे पर चर्चा हुई।



सभी त्यौहार हर्षोल्लास भाईचारे और एकता से मनाने पर चर्चा हुई। बैठक में नगर की साफ-सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था नगर परिषद करेगी। सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग करेगा। नगर में ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। गौहरगंज रोड और भोजपुर रोड चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। महाशिवरात्रि पर विशाल शिव बारात निकलेगी उस पर भी चर्चा की गई। वचन लोधी धर्मेंद्र चौरसिया ने कहा समय पर कार्य होंगे। वरिष्ठ सुरजीत सिंह बिल्ले ने कहा अगली शांति कमेटी बैठक में चाय नहीं नाश्ता करने का प्रस्ताव पास हुआ। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह राजू, देवेंद्र चौहान, पार्षद सुजीत यादव, सुनील सेरिया, आमीर ममनून, मोहन योगी, भारत निहाल, भूपेंद्र मेहरा, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गंदगी से फैल रही बीमारी लोग परेशान

## वार्ड 2 के खाली प्लॉटों की सालों से नहीं हो रही साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड 2 महावीर कॉलोनी, विद्यानगर के खाली प्लॉटो में नालियों का पानी इकट्ठा हो रहा है। यहां सालों से साफ-सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। यहां बड़े स्कूल भी हैं, इन स्कूलों के बच्चों का रोज इसी रास्ते से आना-जाना है, इसके बावजूद जिम्मेदार खाली प्लॉटों में फैली गंदगी की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि जगह-जगह कचरा का ढेर लगा हैं, जिससे मच्छर और अन्य संक्रमण बीमारियां फैल रही है।

स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं दें रहे हैं। सीताराम मालवीय ने बताया कि मॉडर्न स्कूल के पास रहने वाले लोगों ने स्कूल पर भी अंगुली उठाई कि यह स्कूल जब से बना है, तब से यहां के खाली प्लॉटों में ज्यादा गंदगी हो रही है और पानी जमा हो रहा है। पानी निकालने के सारे रास्ते स्कूल बनने से बंद हो गए हैं। कॉलोनी की बनी हुई नाली का पूरा गंदा पानी खाली प्लॉटों में जमा हो रहा है।



### नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

प्रशासन स्वच्छता अभियान चला रहा है, लोगों को जागरुक कर रहा है, लेकिन नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी सफाई की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पार्षद नरेश भारती सेठी का कहना है कि मैं ढाई साल में कई बार नगर परिषद में जाकर शिकायत की, मगर कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने फोन पर बताया कि मैं अभी नया हूं मैं महावीर कॉलोनी वार्ड 2 में जाकर जायजा लूंगा।

3 मार्च तक तीनों को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा है

# कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद भी सेंट्रल जेल नहीं पहुंची आयकर टीम, सौरभ, शरद और चेतन से नहीं हुई पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अदालत की अनुमति मिलने के एक दिन बाद भी आयकर विभाग की टीम सेंट्रल जेल नहीं पहुंची। शुक्रवार को स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जेल में बंद सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से पूछताछ की मंजूरी दी थी।

आयकर विभाग ने कोर्ट में आवेदन पेश कर अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि लोकायुक्त छापे के अगले दिन मेंडोरा के जंगलों से मिली इनोवा कार से बरामद हुए 52 किलो सोने और 10 करोड़ की नकदी के बारे में सौरभ, चेतन और शरद से जेल जाकर पूछताछ करनी है। इसके अलावा आयकर विभाग को लोकायुक्त और ईडी के छापों में बरामद करोड़ों की संपत्ति में निवेश की गई रकम, तीनों के द्वारा किए गए मनी ट्रांजेक्शन और शैल कंपनियों के बारे में भी सवाल करने हैं। इसके बाद कोर्ट ने आयकर विभाग को जेल जाकर तीनों से पूछताछ करने की अनुमति दी थी। सौरभ, शरद और चेतन फिलहाल 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर 3 मार्च तक जेल भेजे गए हैं।

### अलग-अलग बैरक में तीनों को रखा

जेल में तीनों को अलग-अलग बैरक में रखा गया है। ज्यूडिशियल रिमांड के दौरान इस बात का खास ध्यान रखा जा रहा है कि सौरभ, शरद और चेतन आपस में इशारों से भी कोई बात न कर सकें। उन पर नजर बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं। जेल में बंद सौरभ, शरद और चेतन की तबियत ठीक है, इससे पहले 17 फरवरी को जब तीनों को जेल भेजा गया था उस समय शरद को हल्का फीवर था।



**5 दिनों से जेल भी नहीं पहुंचा कोई मुलाकात करने:** इसके अलावा पांच दिनों से जेल में बंद सौरभ, चेतन और शरद से मुलाकात के लिए एक भी परिजन या रिश्तेदार नहीं पहुंचा है। जेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सौरभ और शरद का व्यवहार सामान्य है, लेकिन चेतन इस बार काफी गुमसुम रहता है।

## महाशिवरात्रि पर भव्य जागरण एवं अघोरी लीलाओं की देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

महाकाल सेना समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 25 फरवरी रात 9 बजे से भव्य जागरण एवं अघोरी लीलाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम चंचल रोड, मिनी मार्केट में आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में गौरव श्रीवास्तव, नमृता कुशवाह, चेतन शर्मा शामिल रहेंगे। शिवरात्रि पर 26 फरवरी को प्रातः 10 बजे पंचामृत अभिषेक, हवन एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक श्रृद्धालुगणों को आने की अपील की हैं। वहीं बजरंग सेना समिति द्वारा भारतीय सिंधु सभा



भवन, संत हिरदाराम नगर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवजी के 108 नाम की हवन आहूति दी जाएगी। यह कार्यक्रम समिति के अर्चक पुरोहित पं. राज कुमार गर्ग द्वारा विधि विधान से सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी एवं समाजसेवी शंकर आसूदानी द्वारा भगवान शिवजी की आरती की जाएगी।

# जीआईएस कर्टेन रेजर के अंतर्गत शौर्य स्मारक में नृत्य व गायन की प्रस्तुति



पहली बार देखने को मिली शिव के गले में लिपटे सर्प 'वासुकी' पर आधारित प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान शिव पर आधारित तो अनेकों प्रस्तुतियां देखी गई है। जिसमें कभी शिव तो कभी मां पार्वती को मूल मानते हुए उन पर नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। लेकिन भगवान शिव के गले में लिपटा नाग 'वासुकी' पर आधारित प्रस्तुति शायद अपने आप में पहली प्रस्तुति रही जिसे शिव तांडव जटा टवी गलज्जलप्रवाह पावितस्थले गलेऽव लम्ब्यलम्बितां भुजंगतुंग मालिकाम..... बोलों पर नृत्य की धुन में पिरोया गया। अभिलाषा तिवारी के निर्देशन में करीब 15 नृत्यांगनाओं ने वासुकी पर आधारित यह प्रस्तुति दी शौर्य स्मारक में। शनिवार को जीआईएस कर्टेन रेजर में प्रस्तुत इस प्रस्तुति के साथ साथ डॉ. रागिनी मक्कड़ की क्लासिकल डांस प्रस्तुति और सलीम अल्लावाले के गायन ने श्रोताओं को आनंद से अभिभूत कर दिया।



## आमी जे तोमर... और कान्हा रे....पर सेमी क्लासिकल नृत्य प्रस्तुति

अभिलाष तिवारी और समूह ने गणेश वंदना से अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने राधा-कृष्ण रास के रूप में सेमी क्लासिकल कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को आनंद से भर दिया। अगली कड़ी में आमी जे तोमर... और कान्हा रे.... पर सेमी क्लासिकल डांस फॉर्म ने नृत्य की अद्भुत छटा बिखेरी। अंतिम कड़ी में आपने अलबेला सजन... के रूप में डांस फॉर्म प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।



## स्त्री-पुरुष को एक-दूसरे का पूरक बताती अर्द्धनारिश्वर प्रस्तुति

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. रागिनी मक्कड़ और साथी कलाकारों ने शिव अर्धांग महाकाव्य की स्तुति वेद देव उमापति... से अपनी प्रस्तुति का प्रारम्भ किया इसके बाद गंगा आवरण श्री कथा के रूप में गंगा स्तुति की। वहीं आपने देवों के देव महादेव के भक्तिमय रूप पर आधारित अर्द्धनारिश्वर की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति से बताया कि संसार में स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।

# खजुराहो के सिद्ध मंच पर देश-विदेश के साधनारत कलाकारों ने साकार की भगवान शिव की परंपरा

51वां खजुराहो नृत्य समारोह का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो



नेपथ्य में मंदिर की पाषाढ़ मूर्तियां, ऊपर खुला आसमान, सामने देश और विदेश से पधारे सुधि कला रसिक और मध्य में रचे गए मंच पर शिव की परम्परा को साकार करते देश-विदेश के साधनारत कलाकारों का अविस्मरणीय प्रस्तुतीकरण। कुछ ऐसा ही दृश्य बना खजुराहो नृत्य समारोह की तीसरी शाम। नृत्य की गरिमा और शास्त्रीयता को समर्पित यह आनंद उत्सव अपने 51वें संस्करण में प्रवेश कर चुका है। समारोह परिसर में चहुं ओर कला-संस्कृति के रंग बिखरे हुए हैं। कहीं सजीव चित्रांकन तो कहीं पारंपरिक शिल्प से स्टॉल सजे हुए हैं। यह कलाकार और कला प्रेमियों का भारतीय कलाओं के प्रति अनंत आस्था और समर्पण ही है जो खजुराहो नृत्य समारोह जैसे अनुष्ठान साल दर साल समृद्ध और प्रसिद्ध होते जा रहे हैं।



## कथक के नाम रहा खजुराहो बाल नृत्य महोत्सव का तीसरा दिन

इसके साथ ही खजुराहो बाल नृत्य महोत्सव के तीसरा दिन कथक के नाम रहा। पहली प्रस्तुति कुमारी शुभदा मेड़तिया की थी। उन्होंने सर्वप्रथम राम वंदना की। इसके बाद अपनी कथक के शुद्ध पक्ष को प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने ताल त्रिताल में आमद, थाट, परने, प्रिमलू और तिहाहियां, लड़ी एवं कवित्व शामिल थे।

## कुचीपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम के नाम तीसरी शाम



तीसरी शाम कुचीपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम और कथकली नृत्य से सजी। इसका आगाज हुआ संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी दीपिका रेड्डी के कुचिपुड़ी नृत्य से। उनकी प्रस्तुति की शुरुआत शिव पार्वती परिणय से हुई। तिसरा गति और आरभि रागम की इस प्रस्तुति में भक्तगण भगवान शिव और उनकी पत्नी पार्वती की प्रशंसा के साथ दैवीय जोड़े की शादी हुई। अगले क्रम में थक्कुवेमि मनकु ने सौराष्ट्र रागम और आदि तालम में निबद्ध प्रस्तुति तेलंगाना के प्रसिद्ध वाग्गेयकार रामदासु द्वारा रचित एक मधुर रचना पर आधारित दी।

## द्विवार्षिकी कला प्रदर्शनी का आयोजन



# साहित्यकार देश को देखें, क्योंकि आंखों से देखा, सत्य होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्य समाज का दिशा निर्देशक होता है, जिसने समाज को देखा हो वही समाज का वर्णन कर सकता है। यह बात वरिष्ठ साहित्य सेवी श्रीधर पराड़कर ने द्विवार्षिकी कला प्रदर्शनी और षडंग सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर कही। कला एवं साहित्य की सृजनात्मक संस्था सप्तवर्णी कला-साहित्य सृजन शोध पीठ की ओर से राजाराम रूपध्वनि कला दीर्घा में कार्यक्रम के दौरान कही।

### बिना सुंदर दिखे कैसे कोई कला विकसित हो सकती है

इस दौरान श्रीधर पराड़कर ने कहा कि साहित्यकार कमरे से बाहर निकलें, देश को देखे क्योंकि जो आंखों से देखा जाता है वही सत्य होता है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने यात्रा साहित्य को भी अत्यंत महत्व दिया है। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष चौबे ने कहा कि चित्रकला को आख्यान से परंपरा से मुक्त नहीं किया जाना चाहिए।

# पांच कृतियों का लोकार्पण एवं लेखकों से चर्चा



**भोपाल।** शनिवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में शिवना प्रकाशन सीहोर द्वारा प्रकाशित पांच कृतियों का लोकार्पण एवं उन पर चर्चा संपन्न हुई। इस क्रम में सबसे पहले बृजेश राजपूत की कैसे जीता बीजेपी, वरिष्ठ कथाकार .डा उर्मिला शिरीष कि मैं उन्हें नहीं जानती, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पुलिस अधिकारी पल्लवी त्रिवेदी का काव्य संग्रह पत्तियों पर कांपता कोमल गंधार, डॉक्टर रितु मिश्रा का प्रेम का ढाई पन तथा बद्र वास्ती द्वारा जुर्म ए इश्क पर नाज था का उर्दू में अनुवाद का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## आज होगा यंग थिंकर्स फोरम का 100वां बुक डिस्कशन

**भोपाल।** यंग थिंकर्स फोरम के रीडिंग क्लब द्वारा रविवार 11 बजे न्यू मार्केट स्थित स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में युवाओं के लिए पुस्तक परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रे डालियो की पुस्तक प्रिंसिपल्स पर सौरभ कुमार और सीताराम गोयल की पुस्तक स्टोरी ऑफ इस्लामिक इंपीरियलिज्म इन इंडिया पर पहल टेवरे चर्चा करेंगे। रिव्यू के बाद सामूहिक परिचर्चा होगी। इसमें कोई भी अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं।

16 भील समुदाय के सदस्यों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में किया रैंप वॉक

# ई-वेस्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के प्रयोग से बने डिजाइनर कॉस्टयूम्स

*जनजातीय गौरव वर्ष की थीम 'स्पेक्ट्रम-2025' पर आयोजित हुआ निफ्ट का वार्षिकोत्सव 'आदिविस्ता'*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहीं ई-वेस्ट से बने डिजाइनर कपड़े जिसमें प्रदेश, देश और विश्व की प्रसिद्ध जनजातीय लोगों की झलक दिखी तो कहीं घर में बड़े बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट का प्रयोग कर बनाए गए डिजाइनर कॉस्ट्यूम। जहां एक ओर क्वासर राउंड में 'फ्यूजन ऑफ डेजलिंग' आकर्षण का केंद्र बना तो वहीं दूसरी ओर एथेरियन राउंड में 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी' के प्रयोग से डिजाइनर ड्रेसेस तैयार की गई, जिन्हें ई-वेस्ट से तैयार किया गया। जनजातीय गौरव को दर्शाती ई-वेस्ट और वेस्ट मटेरियल से तैयार डिजाइनर ड्रेसेस में रैंप वॉक करती मॉडल्स और उनके साथ इन डेसेस को डिजाइन करने वाले प्रतिभाशाली डिजाइनर्स....।

कुल 61 मॉडल्स और 144 डिजाइनर्स ने कुछ ऐसे ही अद्भुत और नायाब कलेक्शन को प्रजेंट किया निफ्ट के वार्षिकोत्सव 'आदिविस्ता' में। जनजातीय गौरव वर्ष के अनुसार 'स्पेक्ट्रम-2025' के आधार पर आयोजित इस वार्षिकोत्सव में सबसे खास अंतिम राउंड था जिसमें 16 भील समुदाय के सदस्यों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मॉडल्स के रुप में रैंप वॉक किया।



निफ्ट मॉडल हर्षिता और विभूति चौधरी

## एलईडी के प्रयोग से बनी डिजाइन ड्रेसेस

'फ्यूजन ऑफ डेजलिंग' पर आधारित क्वाजर राउंड में स्टूडेंट्स ने अद्भुत कारीगरी दिखाई। इंटरनेट पर सर्च कर, इन स्टूडेंट्स ने वेस्ट मटेरियल्स के साथ-साथ कागज और एलईडी के प्रयोग से डिजाइन ड्रेसस तैयार की। वहीं 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी' पर आधारित एथेरियन राउंड में स्टूडेंट्स का उद्देश्य टेक्नोलॉजी' के आधार पर ड्रेसेस तैयार करना था, जिसमें उन्होंने ई-वेस्ट का प्रयोग किया।

## 'नियोटोपिया' में अलग दुनिया को दर्शाते मॉडल्स

तीसरा और अंतिम राउंड 'नियोटोपिया' में एक अलग दुनिया को दर्शाते कास्टयूम्स प्रदर्शित किए गए, जिसमें प्रमुख रुप से जनजातियों को ध्यान में रखकर ड्रेसेस तैयार की। निफ्ट स्पेक्ट्रम 2025 में मुख्य अतिथि के रुप में विनोद कुमार आईएएस, अपर मुख्य सचिव सह संचालक, जनजाति अनुसंधान एवं विकास संस्था शामिल थे।



निफ्ट मॉडल तनु सिंगता और विजया कुमारी



निफ्ट मॉडल अनुप्रिया के साथ वसुंधरा



निफ्ट मॉडल श्रुति व डिजाइनर टीम



निफ्ट मॉडल तुषार आर्य और रूपा



निफ्ट मॉडल करिश्मा तिवारी और सिद्धि



निफ्ट मॉडल रिद्धि शर्मा और शालिनी नायर (टीम)



# देश की विविधता में एकता को दर्शाती दिखी ब्राइडल रैंप वॉक

आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'उजास' में बिखेरा जलवा



**भोपाल।** आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'उजास' के अंतिम दिन अलग अलग प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा की परिचय दिया। जहां पॉट डेकोरेशन में छात्राओं ने सुंदर मनभावन पॉट डिजाइन किए तो वहीं ब्राइडल रैंप वॉक में छात्राओं ने बंगाल, गुजरात, पंजाब, कश्मीर और असमिया ब्राइड के रूप में देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करती दुल्हनों के रूप में रैंप वॉक की।

ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में पुस्तक 'विदेश में हिंदी पत्रकारिता' का लोकार्पण

# भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद और संवाद से ही 'हिंदी' का विस्तार संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यदि हमें हिंदी का विस्तार करना है तो दूसरी भारतीय भाषाओं का साथ लेना ही होगा। विभिन्न भाषाओं में रचे गये साहित्य के अनुवाद तथा आपसी संवाद स्थापित कर ही हम हिंदी को अपेक्षित स्थान दिला सकते हैं। यह कहना है कवि-कथाकार और रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे का। वे शनिवार को ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में पुस्तक 'विदेश में हिंदी पत्रकारिता' के लोकार्पण समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी थे। विशेष अतिथि के रूप में अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति के संयोजक इंद्रजीत शर्मा उपस्थित रहे।



## आज की पत्रकारिता चमक-दमक से भरी

मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी ने सहज और सरस अंदाज में वक्तव्य देते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता चमक-दमक से भरी हुई है, लेकिन इसमें विचारों का स्थान नहीं है। यह स्थिति पत्रकारिता के लिए अच्छी नहीं कही जा सकती।

## अब भाषा और सामग्री विश्लेषण की जरूरत

पुस्तक के लेखक जवाहर कर्णावट ने पुस्तक की यात्रा के बारे में बताया कि बैंक में नौकरी के दौरान महसूस किया कि हिंदी को दोयम दर्जे का स्थान दिया जाता है। इसके बाद मन में आया कि हिंदी के लिए कुछ करना चाहिए। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में विश्व में हिंदी की स्थिति जानने का विचार आया, तब पाया कि विदेशों में हिंदी और विशेषकर हिंदी पत्रकारिता पर बहुत कार्य हुए हैं।



महाकुंभ में सारे अनुमान ध्वस्त

डुबकी

# डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार पहुंची, फिर भी नहीं थम रहा श्रद्धालुओं का रेला

*शनिवार को भी संगम पर आस्था हिलोर मारती दिखी। हर मार्ग पर श्रद्धालुओं का रेला चल रहा है। आस्था के जनज्वार का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि दिन में 12 बजे तक ही 71 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे।*

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

महाकुंभ के समापन में अब महज चार दिन शेष हैं। इसके अलावा साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में शनिवार को अधिक भीड़ की उम्मीद पहले से थी और इसकी झलक भी शुक्रवार शाम को दिख गई। श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह तो हर प्रमुख मार्ग पर लोग ही दिख रहे थे। शनिवार को दिन में 12 बजे तक 71.18 लाख लोग स्नान कर चुके थे। इस तरह से शनिवार को दिन में 12 बजे तक ही 60.02 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके थे। इसके बाद भी भीड़ लगातार बढ़ रही है।




### शासन-प्रशासन ने की तैयारी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर फोकस देने के लिए कहा है। आरएसएन अस्पताल में मात्र 52 आईसीयू बेड हुआ करते थे, वहां पर अब संख्या बढ़ाकर 147 कर दी गई है। कार्डियोलॉजी विभाग में 23 बेड रहने वाले हैं, सर्जिकल आईसीयू में 10 बेड होंगे, बाल रोग आईसीयू में 10 बेड का इंतजाम होगा, नवजात आईसीयू में भी 15 बेड की व्यवस्था होगी।

**41 में से 23 दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान**

13 जनवरी को महाकुंभ की शुरुआत हुई थी। शनिवार तक 41 दिन हो गए। 41 दिन में से 23 दिन में एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

**लगातार 8वें दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान**

शनिवार को लगातार आठवां दिन रहा जब, एक करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान किया। पिछले शनिवार को ही यह सिलसिला शुरू हुआ था।

**अभी 4 दिन शेष, महाशिवरात्रि से पहले टूटेंगे सारे रिकॉर्ड**

महाकुंभ का 4 दिन बाद समापन होगा। माना जा रहा है कि प्रयागराज में करोड़ों लोगों का एक ऐसा जनसैलाब आने वाला है कि कई पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हो जाएंगे।



भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीएम योगी के साथ पूजन किया।

### अयोध्या में भी लगा महाकुंभ

**दोगुना भक्त कर रहे रामलला के दर्शन, देर रात तक खुले रहे मंदिर**

अयोध्या। मंदिर में विराजमान रामलला अब पहले से दोगुणा भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। भक्तों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाने के कारण मंदिर को पखवारे भर से अधिक समय से मध्यरात्रि 12 बजे के बाद भी खोलना पड़ रहा है।



## खबर संक्षेप

### सरकार और किसानों की छठे दौर की बैठक बेनतीजा

**चंडीगढ़।** फसलों पर एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल और केंद्र के बीच चंडीगढ़ में छठे दौर की बैठक भी बेनतीजा रही। ढाई घंटे की बैठक में कोई समाधान नहीं निकला। अगली बैठक 19 को होगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, बैठक अच्छी रही।



### बालासोर में जलपाईगुड़ी ट्रेन पटरी से उतरी

**नई दिल्ली।** बालासोर जिले के सबिरा पुलिस स्टेशन के पास एक ट्रेन हादसा हुआ, जिसमें न्यू जलपाईगुड़ी ट्रेन पटरी से उतर गई। यह हादसा बाद में ट्रेन के बिजली के खंभे से टकराने पर हुआ। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है।



### बस खाई में गिरी,चालक की मौत, 17 घायल

**कटड़ा।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। जम्मू से कटड़ा जा रही तीर्थयात्रियों की बस मांडा इलाके के पास खाई में गिर गई। बस में18 लोग बैठे थे, जिसमें से 17 लोगों को सलामत निकाल के इलाज के लिए जीएमसी में भेज दिया गया है। ड्राइवर का शव रेस्क्यू टीम को मिला है।



### दिल्ली के करावल नगर में 40 लाख की लूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करावल नगर में बदमाशों ने एक ज्वेलरी शॉप में 40 लाख की लूट को अंजाम दिया है। करावल नगर के प्रह्लाद चौक पर ज्वेलरी की दुकान पर बदमाशों ने दिन-दहाड़े हाथ साफ किया। सशस्त्र बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया।



### जो पद था ही नहीं, 20 महीने से बना दिए मंत्री

**जालंधर।** पंजाब से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है, जहां 20 महीने तक, राज्य की भगवंत मान सरकार की कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल एक ऐसे विभाग को लीड कर रहे थे, जिसका असल में कोई अस्तित्व ही नहीं था। सरकार में ऐसा कोई विभाग ही नहीं था।



## जनता से किए हर वादे को पूरा करना हमारी सरकार का लक्ष्य: रेखा

# मंत्रियों ने छुट्टी के दिन भी सड़कों पर उतरकर लिया जायजा, 'समस्या निदान' की कसी कमर

### अधिकारियों को दिए निर्देश- एक दिन भी बर्बाद नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सत्ता में आने के बाद दिल्ली की भाजपा सरकार जनता से जुड़े कामों को लेकर सक्रिय हो गई है। सरकार के मन में कुछ कर दिखाने का जज्बा है। इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार अवकाश के दिन भी काम रही। मुख्यमंत्री बजट पर दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। वहीं मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और डॉ. पंकज सिंह योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रवेश ने जहां कुछ निर्माणाधीन योजना स्थलों का निरीक्षण किया। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह भी राव तुलाराम अस्पताल स्थल का निरीक्षण कर वहां के हालात का जायजा लिया। अन्य मंत्रियों ने भी शनिवार को अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों की बैठकर बुलाई है। मकसद यही है कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जनता से जो वायदे किए हैं उन पर उनकी सरकार खरी उतरे और इस संकल्प को पूरा करने के लिए उनका एक दिन एक दिन भी जाया न हो।

**दिल्ली की सीएम रेखा ने किया ऐलान**

बजट पर दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली



### प्रवेश ने बरसाती नाले को भी देखा

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग ऐसे विभाग हैं, जहां का काम जनता को दिखता भी है और जनता को इन विभागों से संबंधित मामलों से रूबरू भी होना पड़ता है। मसलन सड़क खराब है। अस्पतालों में समस्याएं हैं तो भी जनता परेशान होती है।अब इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए इस सरकार ने कमर कस ली है। लोग निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने निर्माणाधीन भैरों मार्ग अंडरपास, बारापुला एलिवेटर कॉरिडोर योजना और मूलचंद अंडरपास के पास पंप के अपग्रेडेशन का निरीक्षण किया।



### कपिल ने सड़कों का किया निरीक्षण

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही तमाम मंत्री भी एक्शन में आ गए हैं। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा शनिवार को दिल्ली की सड़कों पर उतरे और लोगों के बीच जाकर खराब सड़कों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़कों व अन्य समस्याओं का जायजा लेने पूरा कैबिनेट सड़कों पर है। मिश्रा ने शहर की सड़क, पानी और सीवर की समस्या को दूर करने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए 24 घंटे काम करने के लिए कहा है।



### बजट से पहले पीएम मोदी से मिलीं रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। शपथग्रहण के बाद पहली बार उन्होंने पीएम से मुलाकात की है। दोनों नेताओं की मुलाकात प्रधानमंत्री आवास में हुई। यह मुलाकात बजट से पहले हुआ है। ऐसे में माना जा रहा है कि राजधानी के विकास को लेकर चर्चा हुई होगी। शनिवार को अपने घर से निकलने पर सीएम रेखा ने जनता से बात की। उन्होंने कहा था कि मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद दूंगी। शपथ लेने के बाद से ही मुख्यमंत्री एक्शन मोड में हैं।

### आतिशी ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा

दिल्ली की पूर्व सीएम और आप नेता आतिशी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने की योजना के संबंध में 23 फरवरी को आप विधायक दल से मिलने का समय मांगा है। पूर्व सीएम ने सवाल उठाया है कि पीएम मोदी के वादे के बावजूद पहली कैबिनेट में महिला सम्मान योजना पास क्यों नहीं हुई?



## जनता सहकारी बैंक का अमृत महोत्सव

# सहकारिता ने लाई क्रांति, सभी सहकारी बैंक अब हो रहे सक्षम

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे में जनता सहकारी बैंक लिमिटेड के अमृत महोत्सव के समापन समारोह में अमित शाह ने कहा कह पीएम मोदी ने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की शुरुआत की है। इस मंत्रालय के जरिए देश में कई चीजों में क्रांति आई है। मंत्रालय सहकार से समृद्धि के आदर्श वाक्य पर काम करता है।

जनता सहकारी बैंक भी उसी तर्ज पर काम करता है। उन्होंने कहा कि देश में 1465 शहरी सहकारी बैंक हैं और 400 से अधिक अकेले महाराष्ट्र में हैं। हम एक विशेष संगठन को सक्रिय कर रहे हैं। जो सभी सहकारी बैंकों की हर संभव तरीके से मदद करेगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपए का बजट भी मंजूर किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जवाब दिया।



### सहकारी क्षेत्र के योगदान से हासिल करेंगे बड़ा लक्ष्य

उन्होंने सहकारिता को लेकर केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी। अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के लिए दो लक्ष्य तय किए हैं। पहला 2047 तक विकसित भारत और 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था। ये दोनों लक्ष्य सहकारी क्षेत्र के योगदान से हासिल किए जा सकते हैं।

### उपलब्धियों को गिनाया, राहुल को 'सुनाया'

शाह प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित करने के लिए एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार जनधन खाते खोल रही थी, तब विपक्षी नेता इसका मजाक उड़ा रहे थे। जब हम सभी देशवासियों के जनधन खाते खोल रहे थे, तब राहुल कह रहे थे कि जनधन खाते खोल तो रहे हैं, लेकिन उसमें पैसे कहां से आएंगे? आज हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 लाख लोगों को एक ही क्लिक में पैसा दे दिया है।

## *कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में ही बिताई रात*

# विधानसभा में 'आपकी दादी' कहे जाने के विवाद ने राजनीतिक बवाल खड़ा किया

एजेंसी ▶▶ जयपुर

### स्पीकर ने 6 को किया निलंबित

राजस्थान विधानसभा में भाजपा मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 'आपकी दादी' कहे जाने के विवाद ने राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया। इस टिप्पणी का विरोध करने पर कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों को निलंबित कर दिया गया, जिसके बाद विधायकों ने पूरी रात विधानसभा में बिताई। मंत्री से माफी की मांग की।



### मुख्यमंत्री भजनलाल को मिली धमकी

राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी भरा कॉल दौसा सेंट्रल जेल से आया है। जयपुर पुलिस कंट्रोल रूप में फोन करने वाले ने कहा कि वह शनिवार रात को 12 बजे पहले राजस्थान सीएम को जान से मार देगा। राजस्थान मुख्यमंत्री को जाने से मारने की धमकी मिलने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



द्वारका में अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण पर बवाल

# अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला तो विवाद बढ़ गया, आखिरकार लगाना पड़ा कर्फ्यू

### काठे गली से नागजी चौक की सड़क पर विरोध

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को द्वारका के काठे गली इलाके में विरोध बढ़ता देख कर्फ्यू लगा दिया गया है। कथित तौर पर अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को विवाद बढ़ गया। काठे गली से नागजी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर एक अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विरोध शुरू हुआ। धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने के लेकर हिंदुत्व संगठन आक्रामक हो गए। इसे लेकर संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।

### साधु-संतों की गिरफ्तारी से तनाव



पुलिस ने कुछ साधु-संतों को गिरफ्तार करना भी शुरू कर दिया है। आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं। महंत सुधीरदास पुजारी और कई अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है और महंत अनिकेत शास्त्री को घर में नजरबंद कर दिया गया है।

**उधर, सहमति से हटाई गई 168 साल पुरानी मस्जिद**

### पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हटाया

**मेरठ।** दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास शुक्रवार देर रात लगभग डेढ़ बजे 168 साल पुरानी मस्जिद को हटा दिया गया। नमो भारत रैपिड निर्माण कार्य के चलते आपसी सहमति से मस्जिद हटाने का काम शुरू किया गया। इस दौरान काफी पुलिस बल मौजूद रहा।

## होली पर्व पर यात्रियों को सुविधाएं देने रेलवे ने बनाई योजना

# स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, कई गाड़ियों के रूट में विस्तार होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होली के त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए एन एफ रेलवे ने कुछ ट्रेनों का सेवा विस्तार किया जा रहा है कि तो कुछ होली स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे के सीपीआरओ सव्यसाची डे ने यह जानकारी सार्वजनिक की है। रेलवे की ओर से इसकी सूचना जारी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 01666/01665 (रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति) की सेवाओं को प्रत्येक दिशाओं से 26 ट्रिपों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

### नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे के सीपीआरओ ने यह बात कही




**बिहार यूपी का खास ध्यान**

इससे पहले भी होली को देखते हुए बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए कई स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। दरअसल होली बिहार और उत्तर प्रदेश का बड़ा त्योहार है जिसमें दूसरे राज्यों में रहने वाले प्रवासी अपने घर लौटते हैं। उनकी सुविधा के लिए रेलवे विशेष व्यवस्था करती है।

**कई ट्रेनों की सुविधा भी मिलेगी**

स्पेशल ट्रेन 04010 (आनंद विहार - जोगबनी) 26 मार्च को आनंद बिहार से 23:45 बजे रवाना होकर गुरुवार को जोगबनी 05:20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन 04009 (जोगबनी - आनंद बिहार) 28 मार्च को जोगबनी से 09:00 बजे रवाना होगी।

### प्रत्येक दिशाओं से एक ट्रिप बढ़ाई जाएंगी ट्रेनें

प्रत्येक दिशाओं से एक ट्रिप के लिए (आनंद बिहार- जोगबनी-आनंद बिहार) के बीच एक जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक गुरुवार को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 01665 (रानी कमलापति - अगरतला) स्पेशल की सेवा को 27 जून, 2024 तक बढ़ाया गया है। वापसी में प्रत्येक रविवार को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 01666 (अगरतला-रानी कमलापति) स्पेशल की सेवा को 30 जून तक बढ़ाया गया है। दोनों दिशाओं में यह ट्रेन वाया आमबासा, धर्मनगर, न्यूहाफलंग, गुवाहाटी, रंगिया, किशनगंज, बरौनीजं., दानापुर, मिर्जापुर, कटनी, इटारसी जंक्शन होकर चलेगी।

## सीएम ममता के जाति कार्ड पर हंगामा

# मैं ब्राह्मण परिवार की बेटी हूं, जाति की बात नहीं करती

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए चुनौती दी है कि वह अपने इस आरोप को साबित करे कि टीएमसी के बांग्लादेशी आतंकवादियों से संबंध हैं। उन्होंने सदन में कहा कि भाजपा साबित कर दे कि मेरे बांग्लादेश और जम्मू-कश्मीर के आतंकवादियों से संबंध हैं, तो मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगी। मैं धर्म, जाति या पंथ के बारे में चर्चा नहीं करती। मैं एक ब्राह्मण परिवार की बेटी हूं।



### सुवेंदु ने राज्यपाल से की मुलाकात

इस पर हंगामा मच गया और भाजपा ने तुरंत इस टिप्पणी पर जोर देते हुए कहा कि आरोप है कि टीएमसी और बेनर्जी हिंदू विरोधी हैं, ये सही साबित हुआ है। सुवेंदु अधिकारी ने विधानसभा में विरोध किया और राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि सीएम ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

2024 में लेन-देन मूल्य 246.83 लाख करोड़ का हो गया

यूपीआई हर महीने करीब 16 अरब से अधिक लेनदेन संभाल रहा है और 2030 तक यह तीन गुना बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि रियल-टाइम धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव तकनीक और मजबूत डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था अब जरूरी हो गई है

देश में वित्तीय समावेशन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा

# यूपीआई से भारत में डिजिटल भुगतान में आई क्रांति डिजिटल लेनदेन में हिस्सेदारी बढ़कर 84 फीसदी हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) डिजिटल लेनदेन और वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। वित्त वर्ष 2024 में किए गए हर पांच में से चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए जिससे इसकी हिस्सेदारी 84 प्रतिशत तक पहुंच गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म 'द डिजिटल फिफ्थ' की रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई सिर्फ एक भुगतान प्रणाली (पेमेंट सिस्टम) नहीं है।

बल्कि यह भारत के लिए एक संपूर्ण डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में कार्य कर रहा है। फर्म के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी के मुताबिक यूपीआई हर महीने करीब 16 अरब से अधिक लेनदेन संभाल रहा है और 2030 तक यह तीन गुना बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि रियल-टाइम धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव तकनीक और मजबूत डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था अब जरूरी हो गई है ताकि डिजिटल पेमेंट सिस्टम सुरक्षित और निर्बाध रूप से काम कर सके।



### तेजी से बढ़ रहा यूपीआई लेनदेन

2018 में यूपीआई के जरिए कुल 375 करोड़ लेनदेन किए गए थे जबकि 2024 में यह संख्या 17,221 करोड़ तक पहुंच गई। लेनदेन का कुल मूल्य भी 2018 में 5.86 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 246.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में भारत के डिजिटल भुगतान में यूपीआई की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत थी जो 2024 में 83 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। यह बढ़त कार्ड और वॉलेट आधारित लेनदेन की तुलना में काफी तेज रही है।

## देश में 3 करोड़ से अधिक व्यापारी यूपीआई से जुड़े हुए

### वित्तीय प्रौद्योगिकी में गेम चेंजर

यूपीआई ने अपनी सहजता, सुरक्षा और बहुउपयोगिता के साथ भारत में डिजिटल भुगतान को पूरी तरह से बदल दिया है। चौबीसों घंटे लेन-देन की सुविधा प्रदान करके और सिंगल-क्लिक भुगतान और वर्चुअल एड्रेस जैसी सुविधाएँ प्रदान करके, यह उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा और गोपनीयता दोनों सुनिश्चित करता है। एक ऐप में कई बैंकिंग सेवाओं को एकीकृत करने की इसकी क्षमता इसे वित्तीय प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर बनाती है।

### व्यापारियों के बीच बढ़ी लोकप्रियता

*देश में 3 करोड़ से अधिक व्यापारी (मर्चेंट्स) यूपीआई से जुड़े हुए हैं, और मर्चेंट-टू-कस्टमर लेनदेन 67 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है। यह पीयर-टू-पीयर लेनदेन से अधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता और डिजिटल भुगतान में इसकी मजबूत पकड़ दिखाती है कि भारत तेजी से कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में यूपीआई डिजिटल ट्रांजैक्शन का सबसे बड़ा माध्यम बना रहेगा।*



### 2016 में लॉन्च हुआ था यूपीआई

*नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत करके देश के भुगतान इकोसिस्टम में क्रांति ला दी है। इसके प्लेटफॉर्म से 632 बैंक जुड़े हैं। यह प्रणाली बिना देरी किए रुपयों का हस्तांतरण, व्यापारी भुगतान और पीयर-टू-पीयर लेनदेन को सक्षम बनाती है। यूपीआई ने न केवल वित्तीय लेन-देन को तेज, सुरक्षित और सरल बना दिया है, बल्कि इसने आम लोगों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों को भी सशक्त बनाया है, जिससे देश नकदी रहित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हुआ है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि समावेशी विकास और आर्थिक प्रगति के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।*

---

## खबर संक्षेप

### मॉरीशस में मुख्य अतिथि होंगे पीएम मोदी


**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने मॉरीशस की यात्रा करेंगे। वे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।



मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में इसका ऐलान किया। रामगुलाम ने इसे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों का प्रमाण बताया। हर साल 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। इसे 12 मार्च, 1968 को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। मॉरीशस स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर धमाका, जांच शुरू

**अमृतसर।** अमृतसर में बीएसएफ हेडक्वार्टर खासा कैंट के गेट नंबर 3 के बाहर शुक्रवार देर रात करीब 1.30 बजे जोरदार धमाका हुआ।



धमाके के बाद आसपास इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस व सैन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं सैन्य अधिकारी और पुलिस अधिकारी इस बात से पूरी तरह इनकार कर रहे हैं कि किसी भी तरह का कोई ब्लास्ट हुआ है। वहीं दूसरी तरफ विदेश में बैठे आतंकी हैप्पी पासियां और गोपी नवाब शहरियों ने ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली।



पीएम शेरिंग तोबगे के दौरे पर विदेश मंत्रालय का बयान

# आपसी समझ से दोस्ती और सहयोग की मिसाल हैं भारत-भूटान के संबंध

> विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान की मित्रता और सहयोग के संबंध भरोसे, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के पीएम का दौरा हुआ, जो हमारी विशेष साझेदारी की पहचान है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के संबंध एक मिसाल हैं, जो विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे का भारत दौरा हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणवीर जायसवाल ने शनिवार को यह बात कही। तोबगे ने 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (एसओयूएल) के पहले नेतृत्व सम्मेलन में भाग लेने के लिए 20 से 21 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा की, जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान तोबगे ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भूटान के पीएम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और केंद्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की।

■ पीएम तोबगे ने कई मंत्रियों से की मुलाकात

### तोबगे बोले- मोदी ने सदैव मेरा मार्गदर्शन किया

#### ऐतिहासिक साझेदारी गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध

*एसओयूएल लीडरशिप सम्मेलन में भूटान के पीएम महामहिम शेरिंग तोबगे के संबोधन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि हम भारत और भूटान के बीच अनोखी और ऐतिहासिक साझेदारी को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि एक बार फिर अपने मित्र पीएम शेरिंग तोबगे से मिलकर खुशी हुई। लीडरशिप सम्मेलन में उनके संबोधन की सराहना करता हूँ। हम भारत और भूटान के बीच अनोखी और ऐतिहासिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*



#### दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान परंपरा

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान की मित्रता और सहयोग के संबंध भरोसे, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के पीएम का दौरा हुआ, जो हमारी विशेष साझेदारी की पहचान है।

#### पीएम मोदी को बताया बड़ा भाई और गुरु

*'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' समिट में शुक्रवार को तोबगे ने पीएम मोदी को अपने 'बड़े भाई' और 'गुरु' के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा, निसंदेह मैं आपमें एक बड़े भाई की छवि देखता हूं, जो हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हैं और मुझे मदद देते हैं। तोबगे ने 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' समिट को मोदी की बुद्धिमत्ता का परिणाम बताया और कहा कि यह उनके नेतृत्व सही नेताओं को आगे बढ़ाने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा में सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।*

भारतवंशी काश पटेल बने एफबीआई निदेशक

# गीता पर हाथ रखकर ली शपथ न्याय के प्रति जताई प्रतिबद्धता



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के निदेशक भारतवंशी काश्यप पटेल जिन्हें मीडिया काश पटेल के नाम से संबोधित करता है, ने भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। समारोह के दौरान उनके परिवार के सदस्य और उनकी महिला मित्र मौजूद थीं। इसका आयोजन व्हाइट हाउस परिसर में आइजनहावर कार्यकारी कार्यालय भवन (ईईओबी) में किया गया।

उनकी महिला मित्र शपथ के दौरान भावुक दिखीं। अमेरिकी अटार्नी जनरल पाम बांडी ने पटेल से गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने के लिए दाहिना हाथ उठाने कहा। पटेल ने कहा कि मैं अमेरिकी सपने को जी रहा हूं। जो कोई सोचता है कि अमेरिकी ड्रीम दम तोड़ चुका है, वह यह देखे। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं, जो इस महान राष्ट्र की महत्वपूर्ण एजेंसी का नेतृत्व करने वाला है। ऐसा कहीं और नहीं हो सकता है।

### काश के लिए बहुत सम्मान: ट्रंप

ट्रंप ने पटेल की तारीफ करते हुए कहा कि खुफिया एजेंटों के मन में काश के लिए बहुत सम्मान है। मुझे लगता है कि वह इस पद पर अब तक के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनेंगे। पटेल के पद संभालने के साथ ही संघीय जांच ब्यूरो ने वाशिंगटन मुख्यालय से 1,500 कर्मचारियों को ट्रांसफर करने का आदेश दिया। लगभग 1,000 कर्मचारियों को अमेरिका के आसपास के क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज दिया जाएगा, अन्य 500 को अलबामा में हंट्सविले ट्रांसफर करने का आदेश दिया जाएगा। संघीय सरकार के आंकड़ों के अनुसार, ब्यूरो के पास जून 2024 तक वाशिंगटन में 9,414 कर्मचारी थे, जबकि देशभर में 37,478 कर्मचारी थे।

### जनता का विश्वास बहाल करेंगे

*पटेल ने कहा कि एफबीआई की एक लंबी विरासत है। जी-मेन से लेकर 9/11 के बाद हमारे देश की सुरक्षा तक। अमेरिकी लोग एक ऐसी एफबीआई के हकदार हैं जो पारदर्शी, जवाबदेह और न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हो। हमारी न्याय प्रणाली के राजनीतिकरण ने जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है। मगर यह आज खत्म हो गया है।*

---

भारत-जापान इकोनॉमी एंड इन्वेस्टमेंट फोरम में बोले पीयूष

# भारत का पांचवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक जापान, 43 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जापान, भारत का एक मुख्य साझेदार है और जापान की ओर से 2000 से लेकर 2024 के बीच 43 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है, जो इसे भारत का पांचवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक बनाता है। भारत-जापान इकोनॉमी एंड इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने सरकार का उद्देश्य जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना है और इस लक्ष्य को हासिल करने में जापान एक अहम साझेदार होने वाला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जापान उत्कृष्टता के लिए एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करता है और भारत मैन्युफैक्चरिंग में समान उच्च मानकों को अपनाने का प्रयास कर रहा है।

### 1400 से अधिक जापानी कंपनियां भारत में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि करीब 1,400 से अधिक जापानी कंपनियां भारत में ऑपरेट कर रही हैं और 8 राज्यों में 11 इंडस्ट्रियल टाउनशिप जापानी इंटरप्राइजेज की मेजबानी कर रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल और दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु और चेन्नई के मेट्रो सिस्टम में जापान पार्टनर है जो भारत के विकास में जापान की अहम भूमिका को दिखाता है।

नियमों को हल्के में लेने वाले संस्थानों के खिलाफ एनसीटीई सख्त, भेजेगी कारण बताओ नोटिस

# स्कूली शिक्षक बनने के नियमों में बदलाव के मसौदे पर दो दिवसीय मंत्रणा शुरू होगी

**राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर पंकज अरोड़ा ने हरिभूमि से खास बातचीत में दी यह जानकारी**

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत स्कूली शिक्षक बनने के नियमों में बदलाव को मिली केंद्र की मंजूरी के बाद राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने 'एनसीटीई रेग्यूलेशन-2025' का मसौदा राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों और विश्वविद्यालयों के सुझाव लेने के लिए भेज दिया है। परिषद की तरफ से अगले सप्ताह 27 फरवरी से इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर एक व्यापक विचार-विमर्श की प्रक्रिया की शुरुआत की जाएगी। सबसे पहले 27 से 28 फरवरी तक पूर्वोत्तरी राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग में स्थित नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एनईएचयू) में पहली मंत्रणा बैठक होगी और उसमें सभी संबंधित भागीदारों की मौजूदगी में मसौदे पर गंभीरता के साथ चर्चा की जाएगी। यह जानकारी एनसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर पंकज अरोड़ा ने हरिभूमि से खास बातचीत में दी है। उन्होंने बताया कि परिषद की योजना देश में कुल करीब 4 से 5 बैठकों का आयोजन करने की है। जिसमें हमारे चारों रीजन को शामिल किया जाएगा। 27 फरवरी को मेघालय के एनईएचयू में होने वाली पहली मंत्रणा बैठक का कार्यक्रम दो दिवसीय (27 से 28 फरवरी तक) होगा। जिसमें मेघालय के राज्यपाल सीएच विजयशंकर विशेष तौर पर शिरकत करेंगे। एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी किया जाएगा।

### पीएआर न भेजने वाले संस्थानों पर कार्रवाई

स्कूली शिक्षक तैयार करने वाले कुल करीब 15 हजार 800 संस्थान हैं। परिषद ने पिछले साल सितंबर महीने में इन सभी को परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) भेजने का निर्देश दिया था। लेकिन इनमें से 12 हजार 800 ने ही पीएआर सौंपी है। जबकि 2 हजार 900 संस्थान ऐसे हैं, 31 दिसंबर 2024 की अंतिम समय सीमा की अवहेलना की और हमें पीएआर नहीं सौंपी है। अब हमारे पास एनसीटीई एक्ट की धारा-17 के तहत इन संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है।

### रेग्यूलेशन से स्कूली शिक्षक बनने के पाठ्यक्रमों में बदलाव नजर आएगा

संशोधित नियमों से स्कूली शिक्षक बनने के बीएड और एमएड जैसे जरूरी पाठ्यक्रमों में बदलाव देखने को मिलेगा। एनईपी ने स्कूली शिक्षा को चार भागों में विभाजित किया है। जिसमें सबसे पहले फाउंडेशन, फिर प्रिपरेटरी, मिडिल और अंत में सेकेंडरी स्टेज शामिल है। अब इन चारों के हिसाब से शिक्षक तैयार किए जाएंगे। इसी तरह से स्नातक स्तर से लेकर परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव नजर आएगा। हमने दस साल बाद स्कूली शिक्षक बनने के नियमों में बदलाव किया है। इससे पहले वर्ष 2014 में ऐसा किया गया था। लेकिन वर्तमान में जारी संशोधनों के पीछे 2020 से लागू की गई एनईपी की अहम भूमिका है। जिसके तहत हमें स्कूली शिक्षकों के लिए संशोधित और अपग्रेडेड पाठ्यक्रम की जरूरत थी। एनसीईआरटी 2026 में स्कूली छात्रों के लिए नई किताबें लेकर आएगी। इसे देखते हुए हमें भी शिक्षकों को तैयार करने के लिए नया पाठ्यक्रम लाना पड़ेगा। इस साल परिषद इसे लेकर एक पोर्टल भी चलाएगी। शिक्षकों की भारी मांग की वजह से एमएड पार्ट टाइम को दोबारा शुरू किया जा रहा है। परिषद पार्ट टाइम एमएड को उन्हीं विश्वविद्यालयों को चलाने की अनुमति देगी। जहां पहले से फुल टाइम एमएड कार्यक्रम चलाया जा रहा होगा।

---

**24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा युद्धाभ्यास**

120 सैनिकों वाली 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट करेगी

# धर्म गार्डियन युद्धाभ्यास के लिए जापान रवाना हुई भारतीय सेना की टुकड़ी, यह छठा संस्करण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच अगले सप्ताह सोमवार से भारत और जापान की सेनाओं के बीच धर्म गार्डियन संयुक्त युद्धाभ्यास-2025 की शुरुआत होगी। जिसके लिए शनिवार को 120 सैन्य कर्मियों वाली भारतीय सेना की एक टुकड़ी अपने जरूरी साजो-सामान के साथ जापान के लिए रवाना हो गई।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष युद्धाभ्यास का छठा संस्करण होगा और इसका आयोजन जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में किया जाएगा। युद्धाभ्यास की कुल अवधि 14 दिन (24 फरवरी से 9 मार्च तक) की होगी। पूर्व में धर्म गार्डियन फरवरी और मार्च के महीने में भारत के राजस्थान में आयोजित किया गया था।



### मद्रास रेजिमेंट की अहम भूमिका

युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए जापान रवाना हुई 120 कर्मियों वाली सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिक करेंगे। उनके साथ अन्य सेनाओं की टुकड़ियों और सैन्य सहायता इकाइयों के सैनिक भी शामिल हैं। जबकि जापान का प्रतिनिधित्व ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) की 120 सैनिकों वाली 34 वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट करेगी। धर्म गार्डियन युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ावा देना है। अभ्यास में उच्च-स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और सामरिक अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध भारत-जापान

इस अभ्यास के जरिए भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही यह क्षेत्रीय सुरक्षा, शांति और स्थिरता को लेकर दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। यह एक स्वतंत्र, खुले हुए और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दोनों देशों के साझा दृष्टिकोण को भी आगे बढ़ाता है। धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास भारत-जापान संबंधों के क्षेत्रीय सहयोग की आधारशिला को मजबूत करता है। इसके अलावा परस्पर सैन्य संबंधों और सांस्कृतिक समझ को भी धर्म गार्डियन से बढ़ावा मिलता है।

**27 से 28 तक होगी यह यात्रा, पीएम के साथ होगी बैठक**

# अगले सप्ताह से भारत की यात्रा पर रहेंगी यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बढ़ते वैश्विक सुरक्षा खतरे के बीच यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 27 से 28 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। जो भारत और ईयू के बीच बढ़ते तालमेल को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि भारत यात्रा के दौरान ईयू अध्यक्ष की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक प्रतिनिधिमंडल स्तर की अहम बैठक होगी।

### पीएम मोदी के निमंत्रण पर हो रही यात्रा

ईयू अध्यक्ष के साथ उच्च स्तरीय यूरोपीय संघ कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स भी भारत की यात्रा करेंगे। सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। मंत्रालय ने बताया कि ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की यह पहली भारत यात्रा होगी। जिसमें भारत और ईयू व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीईसी) की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक होगी। साथ ही यूरोपीय कमिश्नरों और उनके भारतीय समकक्षों के बीच द्विपक्षीय मंत्रिस्तरीय बैठकें होंगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच महामुकाबला आज

मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 2.30 बजे

भारत एक जीत से सेमीफाइनल में बनाएगी जगह

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में भारत और पाकिस्तान रविवार को यहां आमने सामने होंगे। इस मैच में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की निगाह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने पर टिकी होगी जबकि मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व वाली टीम टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने से बचने की कोशिश करेगी।

भारत ने जहां अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को न्यूजीलैंड से 60 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उपमहाद्वीप की इन दोनों टीम के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी मुकाबला 2017 में फाइनल में हुआ था जिसमें पाकिस्तान की टीम ने जीत हासिल की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला पूर्व की तरह बहुचर्चित नहीं है जिससे उम्मीद की जा रही है कि दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के इस मैच में दोनों टीम थोड़ा सहज होकर मैदान पर उतरेंगी।



## 'ऑफ साइड' पहेली पर कोहली ने दिया ध्यान

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के मैच से पहले स्पिन गेंदबाजों के सामने जमकर अभ्यास किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 36 वर्षीय कोहली तेज गेंदबाजों की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों पर आउट हुए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन बनाकर आउट हो गए थे। वनडे में कोहली को लगातार छह बार स्पिन गेंदबाजों ने आउट किया है। कोहली ने अभ्यास के दौरान अधिकतर स्पिन गेंदबाजों का सामना किया। इनमें लेग स्पिनर, ऑफ स्पिनर और बाएं हाथ के स्पिनर शामिल थे।



## शमी बरपा रहे कहर

भारतीय गेंदबाजी अच्छी नजर आती है। फिट होकर वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पिछले मैच में पांच विकेट हासिल किए थे। उन्हें हर्षित राणा का भी अच्छा सहयोग मिला था। शमी की शानदार गेंदबाजी से फिलहाल यह तय हो गया है कि भारत को अभी जसप्रीत बुमराह की कमी नहीं खलेगी जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या आईसीसी की प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के 2017 के फाइनल में भी उन्होंने भारत की आखिर तक उम्मीद बनाए रखी थी।

## फायदे में भारत

भारतीय टीम प्रत्येक पहलू में फायदे की स्थिति में नजर आ रही है। उसकी टीम ने यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठा लिया है जबकि पाकिस्तान की टीम कराची में न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार के बाद यहां पहुंची है। भारत और पाकिस्तान की टीम जब आमने-सामने होती हैं तो खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। भारतीय टीम हालांकि इस तरह की परिस्थितियों से निपटने में बेहतर नजर आती है।

## फार्म में भारतीय बल्लेबाज

कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे लगता है कि इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी लय हासिल कर ली है। उन्होंने 41 रन की तूफानी पारी खेल कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की शानदार फॉर्म भारत के लिए बहुत अच्छा संकेत है। उन्होंने पिछले मैच में शतक बनाया था जिससे भारत ने 229 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था।

## लोगो में मेजबान पाकिस्तान का नाम हटाए जाने से पीसीबी खफा



एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को दुबई में खेले गए मैच के सीधे प्रसारण के दौरान दिखाए गए टूर्नामेंट के लोगो में देश का नाम न होने पर खेल की संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

पीसीबी सूत्रों के अनुसार आईसीसी ने गलती स्वीकार कर ली है और आश्वासन दिया है कि वह दुबई में सभी मैचों में पाकिस्तान के नाम के साथ तीन पंक्ति वाले लोगो का उपयोग करेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था और वह हाइब्रिड फार्मूले के तहत अपने मैच दुबई में खेल रहा है। भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के प्रसारण में ऊपर बाएं तरफ जो लोगो लगा था उसमें केवल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 लिखा था। उसमें मेजबान पाकिस्तान का नाम नहीं था।

### कोई मुफ्त पास नहीं देगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहली बार मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दीर्घाओं, वीआईपी क्षेत्र या हास्पिटेलिटी बॉक्स के लिए कोई मुफ्त पास नहीं देने का फैसला किया है। आम तौर पर पाकिस्तान में जब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होता है तो पीसीबी मीडिया, सरकारी महकमों, वीआईपी या प्रायोजकों के लिए मुफ्त पास के तौर पर टिकट रखता है। इस बार पीसीबी अध्यक्ष के निजी मेहमानों और प्रायोजकों के लिए कुछ टिकट को छोड़कर कोई कोटा या मुफ्त पास नहीं रखे गए हैं।

## खबर संक्षेप



### रुबलेव और ड्रेपर में होगा खिताबी मुकाबला

**दोहा।** आंद्रे रुबलेव ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 7-5, 4-6, 7-6 (5) से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बनने के लिए रुबलेव के सामने जैक ड्रेपर की चुनौती होगी। ड्रेपर ने एक अन्य सेमीफाइनल में जिरी लेहेका को 3-6, 7-6 (2), 6-3 से हराया। ड्रेपर ने रुबलेव के खिलाफ अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रुबलेव तीसरी बार कतर ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं। वह 2018 में फाइनल में हार गए थे लेकिन 2020 में उन्होंने यहां खिताब जीता था।

### बेटे अन्वय के साथ थर्ड डिविजन में खेले द्रविड़

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ शनिवार को अपने बेटे अन्वय के साथ विजया क्रिकेट क्लब (मालूर) के लिए थर्ड डिविजन (ग्रुप वन) में खेले। द्रविड़ छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए और आठ गेंद में दस रन बनाए। वहीं अन्वय ने 60 गेंद में 58 रन बनाए जिसकी मदद से विजया क्लब ने यंग लायंस क्लब के खिलाफ सात विकेट पर 345 रन जोड़े। स्वप्निल ने 50 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों के साथ 107 रन बनाए। अन्वय विकेटकीपर बल्लेबाज हैं जबकि द्रविड़ के बड़े बेटे समित तेज गेंदबाज हरफनमौला हैं।



### एंड्रिवा-टौसन खिताब से एक कदम दूर

**दुबई।** किशोरी मीरा एंड्रिवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। सत्रह वर्षीय एंड्रिवा तीसरे सेट में 3-1 से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने इसके बाद लगातार पांच गेम जीतकर अपने दूसरे टूर फाइनल में प्रवेश किया। वह दुबई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रिवा फाइनल में डेनमार्क की क्लारा टौसन से भिड़ेगी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराने वाली टौसन ने दूसरे सेमीफाइनल में करोलिना मुचोवा को 6-4, 6-7 (4), 6-3 से हराया।



## इंगलिस के आगे बेबस हुए अंग्रेज...

# ऑस्ट्रेलिया ने किया चैम्पियंस ट्रॉफी हिस्ट्री का सबसे बड़ा रनचेज

एजेंसी ▶▶ लाहौर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में जीत के साथ आगाज किया है। 22 फरवरी (शनिवार) को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 352 रनों का विशाल टारगेट मिला था, जिसे उसने 47.3 ओवर में हासिल कर लिया। चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास का ये सबसे बड़ा रनचेज रहा। साथ ही यह आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट का भी सफलतम रनचेज है। इससे पहले आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में सफलतम रनचेज करने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था, जिसने 2023 के वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ रनचेज में 345 रन बना डाले थे। इंग्लैंड ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए आठ विकेट पर 351 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए ओपनर बेन डकेट ने 165 रन बनाए, जिसमें 17 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। डकेट के अलावा जो रूट ने भी चार चौके की मदद से 78 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज



गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं स्पिन गेंदबाजों मार्नस लाबुशेन और एडम जाम्पा को दो-दो सफलताएं हासिल हुईं। बेन डकेट ने अपनी शतकीय पारी के दौरान इतिहास रच दिया था। डकेट चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। डकेट ने नाथन एस्टल (न्यूजीलैंड) और एंडी फ्लावर (जिम्बाब्वे) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। नाथन एस्टल ने 2004 के चैम्पियंस ट्रॉफी में यूएसए के खिलाफ नाबाद 145 रन बनाए थे। वहीं एंडी फ्लावर ने 2002 के चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ 145 रनों की पारी खेली थी।

### इंगलिस की अद्भुत पारी...

मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत के हीरो विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस रहे। इंगलिस ने महज 86 गेंदों पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। इंगलिस और एलेक्स कैरी के बीच पांचवें विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी हुई, जिसने मैच का नक्शा पलट दिया। कैरी ने 8 चौके की मदद से 63 गेंदों पर 69 रन बनाए। कंगारू टीम के लिए ओपनर मैथ्यू शॉर्ट ने भी 66 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली, जिसमें 9 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। मार्नस लाबुशेन (47) और ग्लेन मैक्सवेल (32*) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट खो दिए थे, जिसके बाद मार्नस लाबुशेन और मैथ्यू शॉर्ट ने तीसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को संभाला। देखा जाए तो ऑस्ट्रेलिया ने टारगेट का पीछा करते हुए पांच विकेट पर 356 रन बनाकर मैच जीता। यह चैम्पियंस ट्रॉफी मैच में पहले या दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए किसी टीम सर्वोच्च स्कोर रहा। इंग्लैंड के खिलाफ ये सफलतम रनचेज भी रहा। साथ ही चैम्पियंस ट्रॉफी में 2009 के बाद ऑस्ट्रेलिया की यह पहली जीत रही।

## गिल बेहद प्रेरक व्यक्ति, वह भारत के भविष्य के कप्तान

एजेंसी ▶▶ दुबई

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद प्रेरक व्यक्ति करार दिया जो अपने खेल को अच्छी तरह से समझता है। उन्होंने गिल को भारत का भविष्य का कप्तान भी करार दिया।

भारत की वनडे टीम के उप कप्तान गिल इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी।



पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में विशेष कर आईपीएल सत्र के दौरान हमें एक दूसरे से मिलने का मौका मिला। मुझे उनका व्यवहार पसंद है। वह बेहद प्रेरित व्यक्ति लगता है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ नेतृत्व के मामले में भी सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता है।

वह बहुत अच्छा इंसान है। एक बेहद मृदुभाषी व्यक्ति। वह खेल में जो कुछ हासिल करना चाहता है उसको लेकर बेहद प्रेरित है।वह पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर का बेहतरीन खिलाड़ी है। वह टेस्ट क्रिकेट में वनडे की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाया है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में पिछले तीन-चार वर्षों में उसने बेजोड़ प्रदर्शन किया है।'

## दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होगा निशानेबाजी टूर्नामेंट

# विश्व कप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी मनु

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी जिसमें पेरिस ओलंपिक खेलने वाले लगभग सभी निशानेबाज शामिल हैं। टीम में एयर पिस्टल दिग्गज सौरभ चौधरी की वापसी हुई है जो तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में नजर आएंगे।

कंधे की चोट और खराब फॉर्म के कारण तोक्यो ओलंपिक 2021 के बाद से टीम से बाहर सौरभ ने हाल ही में दस मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र दक्षिण अमेरिका में दो चरण के विश्व कप के साथ शुरू होगा। पहला टूर्नामेंट अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जाएगा। हाल ही में ध्यानचंद खेलरत्न



पुरस्कार पाने वाली मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था। वह विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल में भाग लेंगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने यहां 14 मार्च से टीम के लिए अभ्यास शिविर का आयोजन किया है।

### भारतीय टीम

(व्यक्तिगत वर्ग) एयर राइफल :
**पुरुष** : रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बबूता, ह्रदय हजारिका
**महिला** : आर्य राजेश बोरसे, आर नर्मदा नितिन, सोनम उत्तम मस्कर
50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस :
**पुरुष** : ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, चैन सिंह, नीरज कुमार
**महिला** : आशी चौकसी, श्रियांका साडंगी, सिफत कौर सामरा
एयर पिस्टल :
**पुरुष** : सौरभ चौधरी, रविंदर सिंह, वरुण तोमर
**महिला** : सुरुचि, मनु भाकर, संयम
25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल :
**पुरुष** : अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू, गुरप्रीत सिंह
25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल : महिला : मनु भाकर, सिमरनप्रीत कौर बरार, ऐशा सिंह
ट्रैप : पुरुष : लक्ष्य, पृथ्वीराज टी, जोरावर सिंह संधू
**महिला** : नीरू, प्रगति दुबे, भव्या त्रिपाठी
**स्कीट** : पुरुष : भवतेग सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत सिंह
**महिला** : रेइजा ढिल्लों, गनीमत सेखों, दर्शना राठौड़
**मिश्रित टीम** :
एयर राइफल मिश्रित टीम : रुद्रांक्ष पाटिल, आर्य राजेश बोरसे और अर्जुन बबूता, आर नर्मदा नितिन
**एयर पिस्टल मिश्रित टीम** : सौरभ चौधरी, सुरुचि और रविंदर सिंह, मनु भाकर
**ट्रैप मिश्रित टीम** : लक्ष्य , नीरू और पृथ्वीराज टी , प्रगति दुबे।

## गुलवीर सिंह 5000 मीटर में विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारत के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने अमेरिका के बोस्टन में एक इनडोर प्रतियोगिता में 5000 मीटर दौड़ में एशियाई इंडोर का रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस साल के आखिर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया। गुलवीर ने शुक्रवार को बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इनडोर प्रतियोगिता में 12 मिनट और 59.77 सेकंड का समय लेकर चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह से वह 13 मिनट से कम समय में 5000 मीटर दौड़ने वाले पहले भारतीय बन गए।



बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर अपने शानदार प्रदर्शन से उन्होंने थाईलैंड के किरन ट्यून्टिवेट के 2022 में बनाए गए 13 मिनट 8.41 सेकंड के पिछले एशियाई इनडोर 5000 मीटर रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच टोक्यो में आयोजित की जाएगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में इसके लिए क्वालीफाई करने का मानक 13 मिनट 01 सेकंड है। गुलवीर ने अपने रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के बाद कहा, 'यहां (बोस्टन में) मेरा लक्ष्य 5,000 मीटर में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार करना था। मुझे खुशी है कि मैं रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा। मैं विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करके भी उत्साहित हूं।'

## टॉप्स खिलाड़ियों के भत्ते में बढ़ोतरी अब हर छह महीने में होगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के लिए चुने गए खिलाड़ियों को इस ओलंपिक चक्र में अभ्यास और विदेश में स्पर्धाओं के दौरान मिलने वाले भत्ते में बढ़ोतरी की जाएगी। उन्हें हर छह महीने में समीक्षा की प्रक्रिया के तहत शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट देने होंगे। टॉप्स का कोर समूह 179 से घटाकर 94 कर दिया गया है और डेवलपमेंटल सूची में 112 खिलाड़ी हैं। एक ओलंपिक चक्र पूरा होने के बाद यह आम रूटीन होता है लेकिन तैराकी, स्क्वाश, गोल्फ और टेनिस जैसे खेलों का कोर सूची में नाम नहीं है। कोर समूह में 52 पैरा एथलीट और 42 सामान्य एथलीट हैं। पेरिस पैरालम्पिक में भारत ने सात स्वर्ण समेत 29 पदक जीतकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। सूची में शामिल खिलाड़ियों को विदेश में अभ्यास या स्पर्धा के दौरान 25 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन और 50000 रुपए (कोर समूह) और 25000 रुपए (डेवलपमेंटल समूह) महीना दिया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के एक सदस्य ने बताया, 'कोर समूह अगले ओलंपिक यानी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का अल्पकालिन लक्ष्य लेकर बनाया गया है जबकि डेवलपमेंटल समूह 2032 ओलंपिक और शायद 2036 को ध्यान में रखकर बनाया गया है।'

## पाक कोच जावेद ने मांगी मुदस्सर नजर की मदद

**दुबई।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और चयनकर्ता आकिब जावेद ने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले के लिए टीम को तैयार करने में मदद के लिए अपने पूर्व साथी मुदस्सर नजर की मदद ली है। आकिब ने मुदस्सर को दुबई में पाकिस्तान टीम के नेट सत्र में बुलाया ताकि वह खेल की परिस्थितियों, विशेषकर किसी भी हालिया बदलाव पर अपनी राय साझा कर सकें। टीम के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि पिछले कई वर्षों से दुबई में रह रहे मुदस्सर को स्थानीय परिस्थितियों का अच्छा ज्ञान है। वह अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की अकादमी में काम करते हैं। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से हार गया था और भारत के खिलाफ मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है।



## प्रो लीग

# दीपिका ने दागा 26वां गोल भारत ने जर्मनी को हराया




एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

स्टार ड्रैग फ्लिकर दीपिका के गोल की मदद से भारत ने एफआईएच महिला प्रो लीग हॉकी मैच में शनिवार को जर्मनी को रिटर्न चरण में 1-0 से हराया। दीपिका ने 12वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। जर्मनी ने शुक्रवार को भारत को 4-0 से हराया था। भारत को अब 24 फरवरी को नीदरलैंड से खेलना है।

पिछले मैच में शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शानदार शुरुआत की। कप्तान सलीमा टेटे ने बाएं फ्लैंक से सुनेलिटा टोप्पो के पास पर अच्छा प्रयास किया लेकिन गोल में नहीं बदल सकी। आक्रामक खेल का फायदा भारत को जल्दी ही मिला और 12वें मिनट में नेहा ने पहला पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे दीपिका ने गोल में बदला। यह दीपिका का 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल था। भारत को 31वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन दीपिका का शॉट दाहिने पोस्ट से टकरा गया। चौथे क्वार्टर में जर्मनी को आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले बराबरी का फिर मौका मिला लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर लीना मिचील का शॉट बाहर से निकल गया।

### भारत ने प्रो लीग मैच में आयरलैंड हराया

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड को 3-1 से हराया। भारत के लिए मनदीप सिंह (22वें मिनट में), जरमनप्रीत सिंह (45वें मिनट में) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट में) ने गोल किए। आयरलैंड के लिए एकमात्र गोल जेरेमी डंकन (आठवें मिनट में) ने किया। इस जीत के साथ भारत को 2025 प्रो लीग में पांच मैचों में नौ अंकों के साथ अपनी तीसरी जीत हासिल करने में मदद मिली।



# धनश्री वर्मा को तलाक के बाद मिली 60 करोड़ की एलिमनी

**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का तलाक हो चुका है। दोनों आपसी सहमति से एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। उनके बीच अलगाव की खबरें तो काफी समय से आ रही थीं, लेकिन अब जाकर कानूनी रूप से युजवेंद्र और धनश्री एक-दूसरे से अलग हुए हैं। यह चर्चा जोरों पर थी कि तलाक के बाद युजवेंद्र ने धनश्री को 60 करोड़ रुपये की एलिमनी दी है। अब इस मामले में धनश्री के परिवार ने चुप्पी तोड़ दी है। धनश्री के परिवार के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर बॉम्बे टाइम्स से कहा, एलिमनी को लेकर जो झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, हम उनसे बहुत दुखी हैं। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं...न तो इतनी रकम कभी मांगी गई, ना ही हमारे सामने पेशकश की गई।

लाइफ Style



# कृति

## इस साल नहीं करेंगी शादी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सैनन पिछले काफी समय से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ अपने अफेयर को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि दोनों इस साल शादी करने वाले हैं। हाल ही में कृति अपने बॉयफ्रेंड कबीर के घरवालों से मिलने दिल्ली पहुंचीं। अब ताजा खबर यह है कि कृति इस साल शादी नहीं करेंगी।

दरअसल, अभिनेत्री इस वक्त अपनी आगामी परियोजनाओं की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसके चलते वह इस साल शादी के बंधन में नहीं बंधेगी। कृति इन वक्त दिल्ली में हैं और अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग कर रही हैं। इसके तुरंत बाद कृति अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर देंगी, जो 'कॉकटेल' का सीक्वल हो सकता है। एक सूत्र ने कहा, इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और 'तेरे इश्क में' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद वह एक सीक्वल की शूटिंग करेंगी।बीच में कोई ब्रेक नहीं है।

**बेंगलुरु में एक शादी में शामिल हुए थे कबीर और कृति :** पिछले दिनों कबीर और कृति को बेंगलुरु में एक शादी में साथ देखा गया था, जहां दोनों ने कपड़े भी एक ही रंग के पहने हुए थे और दोनों शादी का जमकर लुत्फ उठा रहे थे। बता दें कि 1999 में लंदन के एक अमीर परिवार में जन्मे 25 साल के कबीर ने 2018 में इंग्लैंड के बोर्डिंग स्कूल मिलफील्ड में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। कबीर ब्रिटेन की एक बड़ी ट्रैवल एजेंसी के मालिक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनय के बाद निर्देशन में उतरेंगी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं।फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म की पटकथा विंसलेट के पूर्व पति सैम मेंडेस के बेटे जो एंडर्स ने लिखी है।




# भारत में धूम मचाने को तैयार रैपर एमिनेम...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर, गीतकार और रिकॉर्ड निर्माता एमिनेम उर्फ मार्शल ब्रूस मैथर्स के प्रशंसक दुनियाभर में फैले हुए हैं। भारत में भी उनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। एमिनेम पहली बार भारत में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। एमिनेम ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने विश्व दौरे का ऐलान किया है, जिसकी शुरुआत 15 मार्च, से लॉस एंजिल्स से होगी और 22 जून, 2025 को वह मेलबर्न में अपने इस दौरे का समापन करेंगे। इस बीच 3 जून, को एमिनेम मुंबई में प्रस्तुति देने जा रहा हैं। उन्होंने लिखा, 'इंतजार खत्म हुआ। आखिरकार 3 जून को अपने पहले इंडिया शो के लिए मुंबई आ रहा हूं, जो मेरे 2025 वर्ल्ड टूर का हिस्सा है।' एमिनेम को 'मॉकिंगबर्ड', 'लूज योरसेल्फ', 'विदाउट मी', 'रैप गॉड', 'स्टेन', 'द रियल स्लिम शेडी' और 'नॉट अफ्रेड' जैसे गानों के लिए जाना जाता हैं।



# ऋचा व अली की शॉर्ट फिल्म हुई रिलीज

**मुंबई।** ऋचा चड्ढा और अली फजल काफी समय से अपनी शॉर्ट फिल्म 'टॉप्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसकी कहानी समलैंगिक रिश्ते पर आधारित है। इसमें उल्लास सम्राट और रोहित मेहरा मुख्य भूमिका में हैं, वहीं सुधांशु सरिया इस फिल्म के निर्माता हैं। अब सुधांशु के जन्मदिन के मौके पर इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म को आप लोटस विजुअल प्रोडक्शंस के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। शॉर्ट फिल्म 'टॉप्स' का निर्देशन अरविंद कौलागी ने किया है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। इसके अलावा ऋचा अपनी आगामी को लेकर 'आखिरी सोमवार' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसकी कहानी खुद ऋचा ने लिखी है। अभिनेत्री और निर्माता के बाद राइटर बन गई हैं।



# अक्षय ने निर्देशक अरुण से मिलाया हाथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की थी। हालांकि, अक्षय ने फिल्म में अपने अभिनय के जरिए खूब वाहवाही लूटी थी। आने वाले दिनों में अक्षय की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं और अब उनके खाते से एक नई फिल्म जुड़ गई है। दरअसल, अक्षय पिछली बार धनुष के साथ 'कैप्टन मिलर' लेकर आए निर्देशक अरुण माथेश्वरन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरुण माथेश्वरन बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और अपनी पहली हिंदी फिल्म के लिए वह अक्षय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अक्षय को उनकी फिल्म की कहानी पसंद आई है और वह इसका हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी भी दे चुके हैं।

## टीवी मसाला

# सलमान-अमिताभ के बाद कपिल बने हाइएस्ट फीस वाले एक्टर...

**मुंबई।** कपिल शर्मा अपना शो लेकर टीवी से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए हैं। उनका दी ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर आया है। अभी तक इसके दो सीजन आ गए हैं। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म ने तीसरे सीजन की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिनों नेटफ्लिक्स ने अनाउंस भी किया। इस शो के दो सीजन को अच्छी सफलता मिली। इसमें कई नेशनल और इंटरनेशनल स्टार भी पहुंचे हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन भले ही अभी शुरू नहीं हुआ है। लेकिन इसमें परफॉर्म करने वाले एक्टर्स की फीस सामने आ रही हैं। मिड डे की रिपोर्ट की माने तो शो के लिए कपिल शर्मा ने 5 करोड़ रुपए की फीस चार्ज की है। वहीं, सुनील ग्रोवर को 25 लाख प्रति एपिसोड, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक 10-10 लाख रुपए प्रति एपिसोड और किकू शारदा को 7 लाख रुपए प्रति एपिसोड मिल रहे हैं। कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स से हर एपिसोड से 5 करोड़ रुपए ले रहे हैं।

# संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती के 40 लाख रुपए चुराने वाला ऑफिस बॉय सांबा से गिरफ्तार

**मुंबई।** 1938 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने कथा काव्य संग्रह में परिशोध कविता में लिखा था:-

*राजकोष से चोरी! पकड़ो चोर को,*
*नहीं तो, नगरपाल, रक्षा नहीं तेरी,*
*मुण्ड रहेगा नहीं देह पर...*
*राजा के शासन में रक्षी दल*
*घर-घर, गली-गली चोर ढूंढते फिरते हैं...*




यह 2025 है। राजकोष से तात्पर्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस से है। यहां से चोरी किए गए 40 लाख रुपये लेकर फरार हुए चोर को मुंबई पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के सांबा शहर से गिरफ्तार कर लिया। चोर कोई और नहीं, बल्कि प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस का ऑफिस बॉय था। उसका नाम आशिष बुटीराम सायल है, उम्र 32 वर्ष। 4 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे, मुंबई के उत्तर-पश्चिम उपनगर गोरेगांव में स्थित प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस **Unimas Record Private Limited** से आशिष बुटीराम ने 40 लाख रुपये की नकदी चुरा ली। यह राशि फिल्म इंडस्ट्री के एक क्लाइंट से प्राप्त हुई थी और प्रीतम चक्रवर्ती के सचिव, विनीत छेड़ा, ने इसे ऑफिस में एक ट्रॉली बैग में रखा था। योजना थी कि थोड़ी देर बाद विनीत यह पैसे प्रीतम चक्रवर्ती के घर लेकर जाएंगे और उनसे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराएंगे। हालांकि, जब विनीत थोड़ी देर के लिए किसी और काम से बाहर गए और वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि ट्रॉली बैग गायब है। उन्होंने तुरंत आशिष बुटीराम को फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल बजता रहा और कुछ देर बाद स्विच ऑफ हो गया। यह देखकर विनीत को संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत प्रीतम को सूचना दी। प्रीतम ने विनीत को मलाड पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराने को कहा। एफआईआर दर्ज होने के बाद, मलाड पुलिस ने गोरेगांव, मलाड, कांदिवली, चारकोप, वर्सोवा और मार्वे रोड क्षेत्रों में लगे लगभग 150 से 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में देखा गया कि आशिष बुटीराम कांदिवली इलाके में एक ऑटो-रिक्शा से उतरा, फिर कभी पैदल, कभी ऑटो-रिक्शा से सात-आठ घंटे तक अलग-अलग इलाकों में घूमता रहा।

# सांसें थाम देने वाली मर्डर मिस्ट्री, बॉक्स ऑफिस पर 10 गुना कमाई कर मचाया तहलका, बनी 2025 की पहली सुपरहिट

## मलयालम भाषा की इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म 'रेखाचित्रम'

**मुंबई।** साउथ सिनेमा का बीते कुछ साल से जलवा रहा है और बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है। इस साल भी साउथ सिनेमा की कुछ फिल्में अब तक खूब पैसा कमा चुकी हैं। हम आपके लिए बीते महीने रिलीज हुई एक सांसें थाम देने वाली मर्डर मिस्ट्री लेकर आए हैं। इस फिल्म की कहानी ने लोगों का दिमाग हिला दिया था। इतना ही नहीं इस हत्या और हत्यारे की खोज में लोग ऐसे उलझे थे कि कहानी कब खत्म हो जाती है पता ही नहीं चलता। इस फिल्म ने न केवल कहानी के दम पर लोगों को रिझाया बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी 10 गुना कमाई कर होश उड़ा दिए हैं। इस फिल्म का नाम है 'रेखाचित्रम' बीते महीने की 9 जनवरी को ये मलयालम फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



### मर्डर मिस्ट्री ने उड़ाया था लोगों के होश

इस मर्डर मिस्ट्री फिल्म की कहानी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म को 'जोफिन टी चाको' ने डायरेक्ट किया था। साथ ही लीड रोल में आसिफ अली, अनश्वरा राजन और मनोज के जयन नजर आए थे। कहानी जॉन मंथ्रिलल, रामू सुनील ने डायरेक्टर जोफिन के साथ मिलकर लिखी थी। फिल्म की कहानी एक हत्या की गुत्थी में उलछी हुई है जिसे सुलझाने के लिए एक खास पुलिस अधिकारी को बुलाया जाता है। अंत में दर्शकों को सारे सवालों के जवाब मिल जाते हैं।

### मलयालम भाषा की इस साल की पहली सुपरहिट

'रेखाचित्रम' फिल्म मलयालम भाषा में बनी इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म भी बन गई है। महज 6 करोड़ रुपयों की लागत से बनी इस फिल्म ने कमाई के मामले में रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म ने कुल 55 करोड़ रुपयों से ज्यादा का कलेक्शन सभी को चौंका दिया है। इतना ही नहीं ये फिल्म 10 गुना कमाई कर मलयालम भाषा की पहली सुपरहिट फिल्म बन गई है।

*ओटीटी पर जल्द ही होगी रिलीज :* अब जल्द ही इस फिल्म को ओटीटी पर भी देखा जा सकता है। फिल्म की कहनी की भी जमकर तारीफ हुई है। साथ ही फिल्म के रिलीज के साथ ही इसका रिव्यू भी काफी अच्छा रहा था।

अब अगर आपने भी इस फिल्म को नहीं देखा है जो ओटीटी पर आने तक का इंतजार करना होगा।

## हंसी और मजाक के साथ-साथ गंभीर मुद्दों को भी छुआ

# पंचायत के 'बनराकस' से भी ज्यादा हंसाकर लोटपोट कर देंगी ये वेब सीरीज

*मुंबई। पंचायत वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो का एक बेहतरीन कॉमेडी शो है, इसे आप आसानी से स्ट्रीम कर सकते हैं। यह वेब सीरीज़ ग्रामीण भारत की जिंदगी और उसके विभिन्न पहलुओं को एक हल्के और कॉमेडी पूर्ण तरीके से दिखाती है। इसकी कहानी एक युवा इंजीनियर के बारे में है, जो एक सरकारी नौकरी मिलने के बाद एक छोटे से गाँव में पंचायत सचिव के रूप में काम करने आता है। यह सीरीज़ न सिर्फ समाज के विभिन्न वर्गों और उनके संघर्षों को दिखाती है, बल्कि इस पूरे सफर को बहुत ही सहज और मनोरंजक तरीके से पेश करती है। अगर आप पंचायत से मिलती जुलती हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाली सीरीज देखना चाहते हैं जानिए इनके बारे में।*



**जमाई राजा :** यह एक बहुत ही शानदार ड्रामा शो है जिसमें सामाजिक वर्गों और परिवारिक रिश्तों को अच्छे तरीके से दिखाया गया है। इसमें रोमांस और कॉमेडी का अच्छा मिश्रण देखने को मिलता है। अगर आप इस सीरीज-शो को देखना चाहते हैं तो आप इसे आसानी से जी5 पर देख सकते हैं। इस शो में भी आपको एक परिवार और परिवार के लोगों के बारे में काफी कुछ जानने को मिलने वाला है, इसे देखकर आपको लगने वाला है कि हर एक घर में इस शो वाला किरदार तो होता ही है।

**गुल्लक :** यह वेब सीरीज एक आम मिडल क्लास परिवार की जिंदगी को दिखाती है, जहां हर रोज की छोटी-छोटी बातें और घटनाएं हंसी का कारण बनती हैं। कहानी में मिश्रा परिवार के सदस्य अपने रोजमर्रा के कामों में जो कुछ भी करते हैं, उसे देखकर आपको अपनी बचपन की यादें ताजा हो जाएंगी। इसकी हल्की-फुल्की और सजीव कहानी आपको हंसी से लोटपोट कर देगी। इसे आप सोनी लाइव में देख सकते हैं।



**कोटा फैक्ट्री :** अगर आपको पंचायत में अभिषेक त्रिपाठी (सचिव जी) का किरदार पसंद आया था, तो आपको कोटा फैक्ट्री में जीतू भैया का किरदार भी पसंद आएगा। इसे आप नेटफिलिक्स में देख सकते हैं। यह कहानी कोटा में आईआईटी की तैयारी कर रहे छात्रों की है, जो हंसी और मजाक के साथ-साथ गंभीर मुद्दों को भी छूती है। एक छात्र की यात्रा में हास्य और भावनाओं का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।



**ये मेरी फैमिली :** गुल्लक और पंचायत जैसी सीरीज के फैंस के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है। यह सीरीज 90 के दशक के एक मीडिल क्लास परिवार की कहानी है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो में देख सकते हैं। इस कहानी में गुप्ता फैमिली को दिखाया गया है, जहां परिवार के सदस्यों के साथ हंसी-मजाक और उनके छोटे-मोटे झगड़े बेहद दिलचस्प होते हैं। यह सीरीज आपको पुराने दिनों की याद दिलाएगी और हंसी से लोटपोट कर देगी।



**सास, बहू, अचार प्राइवेट लिमिटेड :** इस सीरीज में एक मिडल क्लास महिला सुमन की कहानी है, जो अपने परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए आचार बनाने का व्यापार शुरू करती है। यह जी5 कहानी में सुमन और उनके परिवार की मजेदार यात्रा को दर्शाया गया है, जो आपको हंसा हंसा कर लोटपोट कर देगी। यह सीरीज खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो हल्की-फुल्की और मजेदार कहानियों के शौकीन हैं।



**मामला लीगल है :** यह सीरीज आपको कोर्ट के अंदर की मजेदार घटनाओं और झमेलों से रूबरू कराती है। पटपड़गंज जिला न्यायालय की सेटिंग के साथ, इसमें होने वाली हास्यपूर्ण स्थिति और संवाद आपको हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे। यह सीरीज नेटफिलिक्स पर देख सकते हैं। सीरीज में कोर्ट के अंदर हो रही हलचल को हास्य के अंदाज में पेश करती है, जिससे आप पंचायत के मजेदार पल याद करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930